

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 बजरंग, विनेश विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम में

भीषण बाढ़ से पाकिस्तान में बेकाबू हुए हालात, पीएम शहबाज शरीफ 12

वर्ष : 10 | अंक : 108 | पटना, गुरुवार, 01 सितंबर, 2022 | भाद्रपद कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

भाजपा पर 'आप' के आरोपों की हो जांच, सांसदों ने लिखा उपराज्यपाल को पत्र

- दिल्ली में लोकतंत्र की जड़ पर बड़ी चोट पहुंच रही है। दिल्ली के सभी सात सांसद जनता के सवालों को उठा रहे हैं और केजरीवाल सरकार के एक के बाद एक कई घोटाले उजागर हो रहे हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सात सांसदों ने बुधवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिख कर आम आदमी पार्टी की ओर से ऑपरेशन लोटस को लेकर लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली में लोकतंत्र की जड़ पर बड़ी चोट पहुंच रही है। दिल्ली के सभी सात सांसद जनता के सवालों को उठा रहे हैं और केजरीवाल सरकार के एक के बाद एक कई घोटाले उजागर हो रहे हैं। तिवारी ने आगे कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली की जनता के सवालों का जवाब नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि हम ये गारंटी चाहते हैं कि जो घोटाले हुए हैं, उस धनराशि

को वापस दिल्ली के खजाने में वापस लाया जाए। दिल्ली के सभी सातों सांसदों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मनोज तिवारी ने कहा कि हम सभी हजारों करोड़ के आबकारी घोटाले को लेकर सवाल पूछते हैं तो उपराज्यपाल पर आरोप लगा दिया गया।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधायकों को खरीदने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी के आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को गिराने, विधायकों की खरीद फरोख्त करने जैसे आरोपों की फॉरेंसिंक जांच की जाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के जिन-जिन विधायकों को फोन गया है, उन सबके फोन की जांच की जाए।

तिवारी ने यह भी सवाल किया कि जब मनीष सिसोदिया का फोन सीबीआई ने जब्त किया था, तब उनको निजी तौर पर भाजपा का फोन कब आया। सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि भाजपा की ओर से 20 करोड़ की पेशकश किए जाने का दावा करने वाले आम आदमी पार्टी के विधायकों का लाई डिटेक्टर टेस्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये आरोप आबकारी घोटाले से ध्यान हटाने के लिए हैं।

मौसम

अधिकतम तापमान 27.0°C
न्यूनतम तापमान 16.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	55,291
चांदी	55,300
सेंसेक्स	54,306
निफ्टी	22,503

संक्षिप्त खबरें

कार्तिक कुमार का विभाग बदला

अब कानून की जगह गन्ना उद्योग की मिली जिम्मेवारी

पटना। अपहरण केस को लेकर वारंट विवाद में घिरे बिहार के कानून मंत्री कार्तिक कुमार का विभाग बदल दिया गया है। उन्हें अब गन्ना उद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। शमीम अहमद अब बिहार के नए कानून मंत्री होंगे। बिहार में कैबिनेट विस्तार के बाद से ही कानून मंत्री को लेकर सवाल उठ रहे थे। दरअसल, जिस दिन उन्हें एक अपहरण केस में कोर्ट में सरेंडर करना था, उसी दिन उन्होंने राजभवन पहुंच कर मंत्री पद की शपथ ले ली। इतना ही नहीं, कार्तिक कोर्ट की नजर में 8 साल से फरार थे। अनंत सिंह के करीबी और राजद कोटे से मंत्री बने कार्तिक ने विवाद पर सफाई दी थी। उन्होंने कहा था, ह्यमैंने हलफनामे में सब कुछ दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्तिक पर आरोपों की जानकारी होने से इनकार किया था।

मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव हुए शामिल

विशेष राज्य का दर्जा मिला होता तो बिहार और आगे बढ़ता : नीतीश कुमार

पटना, प्रात : किरण, संवाददाता

- देश में सिर्फ प्रचार हो रहा काम नहीं
- मीडिया पर बोलें- आजकल एकतरफा करने की कोशिश की जा रही

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग को उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा कब से मांग रहे हैं लेकिन आज तक नहीं मिला। यदि विशेष राज्य के दर्जा मिल गया होता तो बिहार और आगे बढ़ा होता। मुख्यमंत्री बुधवार को सचिवालय स्थित संवाद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान केंद्र सरकार पर जोरदार प्रहार किया। कहा कि आज देश में सिर्फ प्रचार हो रहा है, काम नहीं हो रहा है। जिनकों काम करना नहीं होता है वो प्रचार करते हैं। राज्यों के विकास के फंड में भी कमी कर दी गई है। मीडिया पर कब्जा किया जा चुका है। मीडिया आजकल एकतरफा खबर चला रही है। सभी की आलोचना और सिर्फ एक की प्रशंसा कर रही है। पत्रकार मित्रों से भी आग्रह करेंगे कि आप लोगों का विचार ठीक है लेकिन आज कल सब जगह कब्जा कर लिया गया है। क्या-क्या छपते रहता है यह सब चीज तो आप लोग भी जानते ही है। आप लोग भी कोई मामूली चीज नहीं है। जैसे पहले चलता था वही होना चाहिए था। आजकल एकतरफा करने की कोशिश की जा रही है। सबकी आलोचना करों और एक की प्रशंसा करों आजकल यही चलता रहता है। हम आप का भी अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा आपलोग थोड़ा ध्यान दीजिए सबका ख्याल रखिए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हमसब लोगों को मिलकर काम करना है जब समाज में अमन चैन रहेगा तभी डवलपमेंट हो सकेगा। आजकल जो जहर परोसा जा रहा है हमारे लिए यह बड़ी चुनौती है कि इस जहर को समाज से कैसे मिटाए इस पर हम काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कसीआर के कार्यों को सराहा

मुख्यमंत्री ने केसीआर के सम्मान में नीतीश कुमार ने काफी देर तक बात की। सीएम नीतीश ने कहा कि हम लोगों का हैदराबाद से काफी पुराना रिश्ता है। हम 1986 में वहां जाकर कृषि से संबंधित बातों को सीखे थे। हम अटल जी की सरकार में मंत्री थे। वह हमें काफी मानते थे। केंद्रीय मंत्री रहने के दौरान आंध्र प्रदेश हम लगातार जाते थे। तेलंगाना राज्य अलग बन गया, आपने ही तेलंगना को अलग राज्य बनवाया है। लोग यह कैसे भूल सकते हैं। इसके बाद भी कुछ लोग आपके खिलाफ बोलते हैं, यह तो आश्चर्यजनक है। आपके राज्य के प्रति हम लोगों के मन में काफी श्रद्धा है। आपने गलवान घाटी में शहीद लोगों के परिजन और हैदराबाद में मृत लोगों के परिवार वालों को भी आपने आर्थिक मदद की है। इसके लिए आपको बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद देता हूं। आप अपने राज्य के विकास के काम में लगे हैं। इसके लिए भी आपको अभिनंदन करता हूं।

बिहार में जब भी हुई क्रांति, देश में आई शांति : चंद्रशेखर राव

तेलंगाना के विकास में बिहार के लोगों का बड़ा योगदान

पटना। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बुधवार को बिहार पहुंचे। यहां पटना में मुख्यमंत्री नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केसीआर का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि है। यहां जब-जब क्रांति हुई है, तब-तब देश में शांति आई है। इस दौरान केसीआर ने तेलंगाना के सिकंदराबाद में आग लगने की घटना में जान गंवाने वाले बिहार के 12 मजदूरों के परिवार से मुलाकात की और पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि दी। साथ ही उन्होंने गलवान घाटी में चीन के साथ हिसंक झड़प में शहीद हुए बिहार के सैनिकों के परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि दी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के विकास में बिहार के लोगों का बड़ा योगदान है। कोरोना के समय में भी हमने बिहार के लोगों की काफी मदद की थी। बिहार जाने के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था भी की थी। हमने तब कहा था कि तेलंगाना के विकास में आपका काफी बड़ा योगदान है, हम आपका पूरा खयाल रखेंगे। इस दौरान केसीआर ने कहा कि हम ये संदेश देना चाहते हैं कि देश में ये मैसेज जाए कि गोदावरी नदी के किनारे से हम गंगा किनारे पहुंचे हैं। इस दौरान सीएम केसीआर ने सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी के साथ संयुक्त रूप से प्रेश कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पीएम उम्मीदवार को लेकर मीडिया के सवाल का केसीआर ने किसी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीडिया ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर से पूछा कि नीतीश कुमार के पीएम उम्मीदवार पर आपका क्या कहना हैं ? उन्होंने मीडिया के सवाल को जवाब देते हुए कहा कि नीतीश कुमार बड़े नेता है, इसमें कोई शक नहीं है।

शहीद जवानों के परिवारों को 10- 10 लाख रुपए की दी गयी अनुदान राशि

मुख्यमंत्री ने केसीआर को एयरपोर्ट पर किया स्वागत

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को पटना पहुंचने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। वे विशेष विमान से पटना एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां से वे सीधे गलवान घाटी में शहीद हुए बिहार के सपूतों और हैदराबाद दुर्घटना में मृतकों के भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे थे। बता दें, तेलंगाना सरकार की ओर से पीड़ितों को मदद मिली है। शहीद जवानों के परिवारों को 10- 10 लाख रुपए की अनुदान राशि दी गयी जबकि कामगारों के परिवारों को 5- 5 लाख की मदद की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मौजूद थे। नीतीश कुमार ने सीएम के. चंद्रशेखर राव को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने हमेशा बिहारियों के लिए अच्छा काम किया है। कोरोना के दौर में भी आपने कई लोगों को बिहार वापस लौटने में मदद की है। अभी जो आपने पीड़ित परिवारों की मदद की है, वो काफी सराहनीय है।

चंद्रशेखर राव ने की लालू से मुलाकात, स्वास्थ्य की ली जानकारी

पटना, प्रातः किरण । बिहार दौरे पर पटना पहुंचे तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर राबड़ी आवास जाकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मंत्री तेजप्रताप यादव भी मौजूद थे। राजद राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं पूर्व सीएम राबड़ी देवी द्वारा के चंद्रशेखर राव जी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

एजेंसियों के पॉलिटिकल कैरेक्टर का हम कर रहें विरोध : तेजस्वी

- उपमुख्यमंत्री का ट्वीट -हमारा विरोध किसी एजेंसी से नहीं
- केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों को राजनीतिक प्रतिशोध का एक उपकरण बना दिया

पटना, प्रातः किरण। विपक्षी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी पर सियासी टकराव जारी है। विपक्षी नेता सीबीआई के मंसूबे पर सवाल उठा रहे हैं। इस बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने स्पष्ट किया है कि उनकी सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसी के अधिकारियों से कोई दिक्कत नहीं है। वे बस इन एजेंसियों के पॉलिटिकल कैरेक्टर का विरोध कर रहे हैं। 8 सालों हमें सीबीआई की रेड से आपत्ति नहीं है बल्कि इनके पॉलिटिकल कैरेक्टर से हमारा विरोध है। जिस तरह बीजेपी के इशारे पर ये एजेंसियां काम कर रही है हम केवल उसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ सालों में बीजेपी के किसी भी एमपी या विधायक पर रेड नहीं पड़ी है। बुधवार को तेजस्वी यादव ने अपने ट्वीटर अकाउंट के माध्यम से कहा है कि केंद्र सरकार ने बीते 8 वर्ष में जांच एजेंसियों को राजनीतिक प्रतिशोध का एक उपकरण बना दिया है। 8 साल पूर्व देशवासियों ने इनकी इंटेग्रिटी व कार्यप्रणाली पर इस तरह के सवाल कभी नहीं उठाए थे। अभी हमारा सीबीआई से विरोध इंस्टीच्यूसन से नहीं बल्कि इनकी राजनीति से प्रेरित कार्यप्रणाली से है। जांच एजेंसियां केवल व केवल विपक्ष शासित राज्य और वहां के नेताओं पर छापे मारकर अपने राजनीतिक मालिकों को प्रसन्न करने की कोशिश करती है। डिप्टी सीएम ने आगे कहा है कि बीते 8 वर्षों में विपक्ष के कई नेताओं पर इसी आईटी, ईडी व सीबीआई के माध्यम से छापे पड़े। ढेर सारे आरोप तय हुए, गोदी मीडिया के माध्यम से चरित्रहनन हुआ लेकिन जैसे ही उन कथित भ्रष्ट विपक्षी नेताओं ने भाजपा ज्वाइन की वो पवित्रता का प्रमाण पत्र पा गए। कोई मंत्री बन गया तो कोई मुख्यमंत्री बन गया।

जो सबसे भ्रष्ट वही 2024 में होगा विपक्ष का नेता : जायसवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश में खाद बिक्री व्यवस्था पर उठाया सवाल

पटना, प्रात : किरण, संवाददाता

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलंगाना सीएम केसीआर की मुलाकात पर बीजेपी ने तंज कसा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि जल्द ही विपक्ष के दो दर्जन तथाकथित 2024 के प्रधानमंत्रियों का सम्मेलन होगा। उनमें से नेता यानी पीएम कैंडिडेट वही चुना जाएगा जो सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा। बिहार बीजेपी के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने बुधवार को ट्वीट कर लिखा कि अब जाकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को बिहार आने का मौका मिला। आज वह रबर स्टैंप मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने आ रहे हैं कि तेलंगाना के राजपरिवार से ज्यादा भ्रष्ट बिहार के राज परिवार को बचाने के लिए बहुत-बहुत आभार। जल्द ही दो दर्जन तथाकथित 2024 के प्रधानमंत्रियों का सम्मेलन होगा और नेता वही चुना जाएगा जो सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार को अपने प्रदेश में संपोषित करेगा। वहीं कार्तिकेय कुमार का विभाग बदले जाने पर श्री जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार लोगों को फंसाते भी हैं और समर्थन में आ जाने के बाद बचाते भी हैं। कार्तिकेय सिंह को विधि विभाग से हटाकर नीतीश कुमार ने अपनी कथनी और करनी में फर्क साबित किया है। नीतीश अब रबर स्टाम्प बनकर लालू परिवार के आदेश पर सारे काम कर रहे हैं। बिहार में खाद बिक्री व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने राज्य सरकार को इसे 3 दिनों में सुधारने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता से बाहर हुए अभी एक महीने भी नहीं बीते हैं लेकिन बिहार सरकार के भ्रष्टतंत्र की अद्भुत व्यवस्था अभी से ही दिखनी शुरू हो गयी है। खेती के इस मौसम में यूरिया किसानों की जरुरत बनी हुई है लेकिन यूरिया बिक्री केंद्रों पर पहुंचने वाले किसानों को यूरिया के साथ जबरदस्ती कुछ न कुछ अन्य सामग्रियां खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। कहा जा रहा है यूरिया तब ही मिलेगी, जब साथ में कीटनाशक या कोई अन्य वस्तु खरीदेंगे। इस तरह से किसानों से जबरन 500-700 रूपए की अवैध वसूली की जा रही है।

मिशन हर राज्य में मोदी ही होंगे भाजपा का स्टार चेहरा, सर्वे में स्टेट लीडरशिप फेल...

भाजपा ने शुरू की विधानसभा चुनावों की तैयारी

- प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के इतिहास में ऐसे पहले ऐसे नेता हैं जिसके खिलाफ अब भी एंटी इंकम्बेंसी न के बराबर है

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी चुनावों को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। 2023 तक होने वाले सभी विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। रणनीति के मुताबिक किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का नाम प्रोजेक्ट नहीं किया जाएगा। हालांकि, मौजूदा मुख्यमंत्रियों को चुनाव जीतने के बाद भी सीएम बने रहने का मौका मिल सकता है। इस साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव हैं। जबकि अगले साल कर्नाटक, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। हिमाचल, गुजरात, त्रिपुरा और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। पिछले दिनों संसदीय बोर्ड के पुनर्गठन के बाद आला नेताओं की इस बात पर सहमति बनी कि सत्तारूढ़ राज्यों के नेतृत्व को लेकर सत्ता-विरोधी रुझान हैं। संगठन स्तर पर आपसी तालमेल की कमी है। ऐसे में मौजूदा मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के विकल्प से बचने की जरूरत है। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने बताया कि, मौजूदा मुख्यमंत्रियों की भी यही राय है कि विधानसभा चुनाव में सिर्फ पीएम का चेहरा होना चाहिए। केंद्र की योजनाओं का सत्तारूढ़ राज्य सरकार की तरफ से बेहतर डिलिवरी का नैरेटिव सेट करना चाहिए। राज्यों के मतदाताओं को यह संदेश देना चाहिए, मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बेटर चॉइस है। पार्टी के एक महासचिव ने कहा, सामूहिक नेतृत्व का मतलब यह नहीं है कि सत्ता में आने पर सीएम बदला जाएगा। हो सकता है कि मौजूदा उट को दोबारा मौका दिया जाए, जैसा गोवा या उत्तराखंड में हुआ।

जहां विपक्ष में भाजपा, वहां भी मोदी का ही चेहरा

जिन राज्यों में भाजपा विपक्ष में है वहां भी पार्टी मोदी के चेहरे के साथ सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के आंतरिक सर्वे में कोई मौजूदा उट ऐसा नहीं है जिसकी लोकप्रियता 25 फीसदी से ऊपर हो, जबकि पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ 75 फीसदी से ऊपर है। ऐसे में पार्टी किसी भी मौजूदा सीएम को ही अपना चेहरा प्रोजेक्ट कर कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगी।

नीतीश-केसीआर मुलाकात दो दिवास्वप्न देखने वालों का मिलन: सुशील मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुशील कुमार मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलंगाना के उनके समकक्ष के चंद्रशेखर राव पर तंज कसते हुए बुधवार को कहा कि दोनों नेताओं के बीच प्रस्तावित बैठक दो दिवास्वप्न देखने वालों का मिलना है। केसीआर के नाम से लोकप्रिय राव बुधवार को पटना पहुंचने वाले हैं। वह नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे। ज्ञात हो कि दोनों नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिशें कर रहे हैं। अपनी बिहार यात्रा के दौरान केसीआर गलवान घाटी में चीन के सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प में शहीद हुए बिहार के सैनिकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करेंगे। दोनों नेताओं की मुलाकात पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि यह अपने-अपने राज्यों में जनाधार खो रहे और प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखने वाले नेताओं की मुलाकात है।

संक्षिप्त खबरें

17 रेलकर्मियों को समापक भुगतान किया गया

दानापुर। खगोल रेल मंडल के द्वारा बुधवार को अगस्त माह, में 17 सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों को, दानापुर मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय के सभागार में, समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया। इसमें रेलसेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित रेलकर्मचारियों को अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा दानापुर, के द्वारा अंगवस्त्र एवं बैग देकर सम्मानित करते हुए, भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम की शुरूआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के द्वारा किया गया; जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किये।वहीं अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा दानापुर ने अपने संबोधन में, उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना की तथा कहा कि रेल प्रशासन भविष्य में भी आपकी सेवा के लिए, सदैव तत्पर रहेगा। इस मौके पर शाखा अधिकारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

पच्चीस किलो तकः सौ ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना क्षेत्र में जेठुली से पुलिस ने मंगलवार को दोपहर में गुप्त सूचना के आधार पर 25 किलो 600 ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बोरा में भरकर गांजा को खपाने की तैयारी चल रही थी। जानकारी अनुसार राजू कुमार पिता सुरेन्द्र राय, ग्राम जेठुली को गिरफ्तार किया गया है वहीं अन्य दो मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच करते हुए फरार हुए लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रही है।

अगस्त में बेहतर उपस्थिति वाले छात्र पुरस्कृत

पटना सिटी। छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय सकरी गली में अगस्त माह में वर्ग-8 के बेहतर उपस्थिति वाले छात्रों को विद्यालय की वरीय शिक्षिका श्रीमती ममता कुमारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक मो मोअज्जम आरिफ ने किया। बच्चों को विद्यालय के मुख्य धारा से जोड़ने, उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। बेहतर उपस्थिति वाले छात्रों में मो इनाम, मेहवीश परवीन, खुशनुमा परवीन, नसीमा खातून, द्वितीय अरशद अली, मो आरजू, मो पप्पू, कहकशां परवीन, जेबा परवीन, अलफी परवीन, आसिया परवीन, आलिया परवीन, तरन्नुम जहां, अलीशा परवीन और तृतीय अदनान सलीम, अलतमश अंसारी, युसूफ दानिश, फातिमा नाज, अलकमा खातून, सारा परवीन, लाडली परवीन एवं रौशनी खातून को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती ममता ने बताया कि श्री आरिफ अनुपस्थित बच्चों के घर जाकर उन्हें विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए माता-पिता एवं बच्चों का परामर्श करते हैं।

बीएससी नर्सिंग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बने दिग्विजय

पटना सिटी। बिहार में पहली बार बीएससी नर्सिंग संगठन का निर्माण होगा, जिसमें सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे। छात्रों की सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।इसमें दिग्विजय सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। कुमार सोन, विकास कुमार को उपाध्यक्ष, अमरनाथ को महासचिव, निशांत आनंद को कोषाध्यक्ष, चंदन यादव मीडिया प्रभारी, राकेश रोशन को संगठन प्रभारी और शुभम कुमार को उप सचिव बनाया गया। सभी लोगों ने शपथ लिया कि आने वाले समय में नर्सिंग क्षेत्र में सुधार कर और मजबूती से काम करेंगे, ताकि बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक सुधार हो।

अरवल जाने के क्रम में जनत दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को किया गया स्वागत

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को अरवल जाने के क्रम में पालीगंज प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुशवाहा, के नेतृत्व में फूल माला के साथ सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता के द्वारा पालीगंज धरहरा मोड़ के पास स्वागत किया गया, इस स्वागत समारोह में ज्वाला स्वरूप, राजीव रंजन, हेमंत पटेल, शत्रुधन शर्मा, सिटू कुमार वर्मा, प्रितम वर्मा, राजेश ठाकुर, मुन्ना रजवार, मो० शाहिद, उपेन्द्र कुशवाहा, टुनटुन रजक, सहित कई कार्येकर्त्ता उपस्थित रहे।

पंडालों में विराजे प्रथम पूज्य गणेश, हुई पूजा-अर्चना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्तों ने प्रथम पूज्य, विघ्न विनाशक, विद्या दाता, शुभ करता गणपति की पूजा अर्चना की। सनातन धर्म सभा भवन में पटना सिटी मंडल की ओर से गणपति की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। इसके बाद गणेश पुराण की कथा हुई। आयोजकों ने बताया कि पांच सितंबर को पूजन हवन, भजन संध्या और ज्योत के बाद छह सितंबर को विसर्जन को शोभायात्र निकाली जायेगी। दूसरी ओर शनिवार को ऋषि पंचमी त्योहार मनाया जायेगा। इसमें सप्तऋषि की पूजा की जाएगी। आयोजन में शशिशेखर रस्तोगी, डॉ टीपी गोलवारा, भगवती मोदी, नारायण प्रकाश शाह, शिव प्रसाद मोदी, विकास कुमार मौड़ीवाल, अनिल मेहरोत्रा, ललित अग्रवाल, हरिमोहन यादव आदि मौजूद थे।

यहां दर्शन को विधायक नंदकिशोर यादव, पूर्व महापौर सीता साहू आदि पहुंचीं। सुदर्शन पथ के मोगलपुरा के जमुनी राय के कुआं के पास 15 फीट के गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। यहां की प्रतिमा का दस दिनों तक पूजा करने के बाद विसर्जन किया जाता है। यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है और मेला भी लगता है।

कूंचा बांके राय सदर गली प्राचीन ठाकुरबाड़ी मंदिर में आचार्य अशोक पांडेय ने जजमान बने रंजीत विश्वकर्मा से पूजा कराया। इस दौरान अध्यक्ष कृष्ण नारायण शुक्ला, रवि नारायण धवन, ललित कपूर, राधेश्याम प्रसाद, श्रवण ठाकुर, विजय शुक्ला, अंकित कपूर, आयुष कुमार, सूरज पटेल, रितिक केसरी, अनुराग वर्मा, भोला कुमार, कलशा कुमारी, नीतीश शुक्ला आदि शामिल हुए। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में मंहत विजय शंकर गिरि, विकास गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में पूजा अर्चना हुई। पौराणकि संकट मोचन हनुमान मंदिर करनालगंज गायघाट, मालसलामी, लल्लू बाबू के कूंचा, नून का चौराहा के साथ शिवालयों, भगवती मंदिरों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा अर्चना पुजारियों के द्वारा की गयी।

दियारा के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया निरीक्षण रामकृपाल

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। बुधवार को दानापुर प्रखंड के दियारा बाढ़ ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण रामकृपाल यादव ने किये। निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई गई है। जिस पर फोन पर अंचलाधिकारी को जमकर फटकार लगाई साथ ही उन्होंने निर्देश दिया है कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में जल्द से जल्द समुचित व्यवस्था कि जाए।

गंगा, सरयू और सोन नदियों की धारा का प्रवाह बढ़ता ही जा रहा है। इन बड़ी नदियों के जलस्तर में उफान से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। नदी तटीय क्षेत्रों के कुछ गांवों व निचले इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है तो कुछ गांवों की सीमा तक नदी की धारा पहुंच गयी है। दियारे में फसल डूब गई और खेती चौपट हो गया बाढ़ के मंडराते खतरे ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सबसे ज्यादा परेशानी मवेशियों को हो रहा है। दानापुर प्रखंड दियारा के सात पंचायत के दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। दियारा तटीय इलाके मे भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। हालांकि यह पानी अब तक ग्रामीणों के घरों में नहीं घुसा है, लेकिन जलस्तर बढ़ने का यही सिलसिला रहा तो लोगों के घरों में पानी का घुसना तय है।

हड़ताली निगमकर्मियों ने कार्यालय के पास कचरा डाल पुतला फूंका

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

.पटना नगर निगम के मीना बाजार स्थित कार्यालय के गेट पर हड़ताली निगमकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव का पुतला दहन किया। पटना सिटी व अजीमाबाद अंचल के हड़ताली कर्मियों ने कामगार यूनियन के बैनर तले एकजुट होकर धर्मवीर कुमार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। आंदोलन में सन्नी कुमार, गणेश कुमार, बाल्मिकी राजू कुमार, पशुराम प्रसाद, मोहन पासवान, बिट्टू कुमार, रणधीर ठाकुर, दीपक कुमार, अर्जुन कुमार, मो अशरफ सहित दर्जनों हड़ताली कर्मी शामिल थे। दूसरी ओर सफाई मित्रों की पांच दिनों से हड़ताल की वजह से बाड़े की गली से लेकर बाललीला गुरुद्वारा जाने वाले मार्ग में नाला का पानी सड़कों पर बहने लगा है। कूड़ा केंद्र पर कचरा का ढेर लगा है। अजीमाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी गुरु शरण का कहना है कि स्थायी सफाईकर्मियों के सहारे वार्ड स्तर पर सफाई चल रहा है। हड़ताल के कारण शहर के मुख्य मार्ग, संपर्क पथ और गलियों में गंदगी का ढेर दिखने के साथ ही अब नाला का पानी भी रास्ता पर बहने लगा है। बुधवार को बारिश के बाद कचरा के भीग जाने से अब बदबू देने लगा है। लोगों को रास्ते में पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। सफाई के लिए नियमित तौर पर गाड़ी भी निगम से नहीं निकल पा रही है।

नाला का स्लैब हटा होने से गिर कर युवक की हुई मौत

नगर निगम सफाई मित्रों के हड़ताल से देर से आया जेसीबी व गैंग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर पुलिस चौकी के सटे उत्तर-पश्चिम कोने पर स्थित नाला में गिर जाने से एक युवक की मौत हो गई। बुधवार की सुबह से लोगों की भीड़ वहां लगी रही। बांस की मदद से उसके शव को धकेल कर खोजने का प्रयास किया गया, मगर इसमें कोई सफलता नहीं मिली। तत्कालीन पार्षद तारा देवी के प्रतिनिधि उमेश मेहता ने लगातार सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, सिटी मैनेजर, मुख्य सफाई निरीक्षक और सफाई पर्यवेक्षक आदि को कॉल करते रहे, मगर कोई कॉल अटेंड नहीं कर पा रहे थे। काफी देर के बाद उन्हें सफलता हाथ लगी। इस दौरान चौक थाना की पुलिस भी यहां पर पहुंच गई थी। बाद में नगर निगम से जेसीबी और सफाई मित्रों की टीम पहुंची। इसके बाद करीब दो बांस की दूरी में स्लैब को हटाकर शव को खोजने का काम किया गया। इसके बाद जाकर कहीं सफलता हाथ लगी। इस संबंध में मृतक करीब 40 साल के कल्लू चौधरी पिता लालबाबू चौधरी की बहन सुनीता देवी ने बताया कि कल्लू रात में घर की ओर आ रहा था। इस दौरान संभवतः पेशाब करने के लिए या कदम लड़खड़ाने के कारण वह नाले में गिर गया। हालांकि वहां पर स्लैब रखा था, जो फिलहाल हटा हुआ था। कल्लू को नाला में गिरते प्रेम नामक व्यक्ति ने देखा। इसके बाद उसने शोर मचाया। लोग जुटे और बांस की मदद से उसे निकालने का काम किया, मगर सफल नहीं हुए। बताया गया कि धीरे-धीरे कल्लू नाला के कचरा में धंसता चला गया और अंततः उसे देखा नहीं जा सका। काफी मशक्कत के बाद पूर्वाह्न में कल्लू चौधरी का शव बड़ा नाला से निकाला जा सका। उसकी बहन सुनीता देवी ने बताया कि वह शराब का सेवन किया करता था। नशे का आदी होने के कारण उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। उससे कोई संतान भी नहीं था। शव निकाले जाने के बाद परिजन रोने लगे। अंत में लोगों की मदद से उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार किया जा सका। इस दौरान पूर्व पार्षद शिव मेहता और प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि नया नाला बना था, तब यह छह फीट गहरा और छह फीट गहरा था। मगर कल्लू के डूबने के बाद यह साफ हो गया कि नाला की गहराई अधिक है और इसके उड़ाही सतही तौर पर नहीं की गई है, तभी शव खोजने में परेशानी हुई। कचरा नहीं होता तो शव आसानी से मिल जाता। थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी में दिख रहा है कि रात में अंधेरा के बीच वह आराम से चल कर आ रहा है। नाला से स्लैब हटा होने के कारण वह उसमें गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई।

जांच समिति के समक्ष पेश हुए रणजीत सिंह, डॉ सामरा बीमार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सोना-चांदी के दान किए सामान विवाद में आ गया है। इसे लेकर जांच समिति के पांच में से तीन मौजूद सदस्यों के समक्ष बुधवार को ज्ञानी रणजीत सिंह पेश हुए, जबकि डॉ गुरविंदर सिंह सामरा अपनी बीमारी की बात कह पेश नहीं हुए। रणजीत सिंह ने समिति के समक्ष अपनी बात और साक्ष्य रखे।

समिति पांच लोगों में दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज आरएस सोढ़ी, तख्तश्री कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह सलूजा, तख्तश्री केशगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह, हेड ग्रंथी ज्ञानी हरदीप सिंह, एवं दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के वाइस चेयरमैन अजीतपाल सिंह बिंद्रा शामिल थे। इसकी पहली बैठक दिल्ली के गुरुद्वारा राजौरी गार्डेन में रखा गया। इसमें तीन सदस्य आरएस सोढ़ी, चरणजीत सिंह सलूजा एवं ज्ञानी हरदीप सिंह मौजूद रहे। इसमें डॉ गुरविंदर सिंह सामरा एवं रणजीत सिंह को पेश होना था। डॉ सामरा ने बीमारी का हवाला देते हुए पत्र भेजकर अगली तारीख की मांग की, जबकि रणजीत सिंह पेश हुए। समिति ने सबसे पहले यह विचार किया गया कि सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं प्रेस कांफ्रेंस से तख्तश्री पटना साहिब की देश-विदेश में काफी बदनामी हो रही है। इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया गया। साथ ही दोनों को निर्देश दिया गया कि इस मामले में कोई बयानबाजी नहीं हो। समिति द्वारा डॉ सामरा को 14 सितंबर का समय दिया गया है। उन्हें निदेश दिया गया है कि आपने जो भी आरोप रणजीत सिंह पर लगाए हैं, उसका पूरे सबूत के साथ उपस्थित हों। रणजीत सिंह को 21 सितंबर से पहले डॉ सामरा द्वारा समिति के पास जमा करवाना होगा। उन आरोपों का जवाब के साथ अपना पक्ष रखने के लिए रणजीत सिंह को एक सप्ताह बाद 21 सितंबर तक का समय दिया गया है। उपरोक्त समिति की अगली बैठक एक अक्तूबर को रखी गई है।

महंगू चौधरी के तेरहवीं में पहुंचे कई सामाजिक राजनीतिक एवं गणमान्य लोग

रामगढ़ कैमूर। स्थानीय प्रखंड के नगर पंचायत रामगढ़ के बंदीपुर निवासी महंगू चौधरी का 19 तारीख को निधन हो गया था जिनका बुधवार को तेरहवीं था जिसमें 32 गांवो का भाई भोज था इनके श्राद्ध क्रम में पहुंचकर उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वही के निषाद परिवार से जुटे वक्ताओं एवं भूतपूर्व मुखिया लक्षनदेव चौधरी सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला वही उनके पुत्र वशिष्ठ चौधरी ने आए हुए निषाद परिवार के कई अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया वही मौके पर पर धर्मेंद्र चौधरी लोहा चौधरी अभिषेक चौधरी रामधीन चौधरी संजय चौधरी गुड्डू प्रजापति चतुर्भुज चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज निंदनीय : लोजपा (रामविलास)

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति (रामविलास) ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने कहा कि एक ओर राज्य के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री राज्य में 10 लाख व बीस लाख रोजगार देने की बात करते हैं। वहीं, दूसरी ओर अपनी मांग के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर पटना की पुलिस लाठीचार्ज कर उनके आवाज को दबाने का प्रयास करती है। श्री भट्ट ने कहा कि जानकारी के मुताबिक बीपीएससी 67वीं परीक्षा के पैटर्न में बदलाव और एक पारी में परीक्षा ना लिए जाने के विरोध में अभ्यर्थी जब बुधवार को सड़क पर उतर गए। अभ्यर्थी लगातार परसेंटाइल सिस्टम और एक पाली में परीक्षा आयोजित कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। बीपीएससी ने पैटर्न में बदलाव कर दो पाली में परीक्षा को आयोजित करने की घोषणा की थी। छात्र इस नये पैटर्न का विरोध कर रहे थे। श्री भट्ट ने बिहार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार प्रदेश में नौकरी कैलेंडर जारी करे कि किस विभाग में कितनी वैकेंसी हैं, किस पद के लिए वैकेंसी हैं, कब उस पर भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो बिहार सरकार बहाली करेगी उसकी समय सीमा राज्य सरकार तय करके उसे सार्वजनिक करें उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सरकार बिहार के नौजवानों को शीघ्र नौकरियां दे।

देश व प्रदेश के विकास में मिलकर करेंगे काम : तेजस्वी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अब राष्ट्रीय स्तर पर गैर भाजपा दलों के बीच एका हो रहा है और देश के साथ ही राज्यों को आगे बढ़ाने का काम हम सब मिलकर करेंगे। यह बात बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। इसके पूर्व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ तख्तश्री पटना साहिब पहुंचे। यहां तख्तश्री कमेटी के सचिव हरबंश सिंह खनूजा और सदस्य गुरविंदर सिंह ने उन सबों का स्वागत किया। इस दौरान सीएम के. चंद्रशेखर राव को मोमेंटो हरबंश सिंह और डिप्टी सीएम को गुरविंदर सिंह ने प्रदान किया। श्री साहिब यानी तलवार को डिप्टी सीएम तेजस्वी, गुरविंदर और खनूजा तीनों ने मिलकर तेलंगाना राष्ट्र समिति के अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को प्रदान किया। इसके बाद सभी दरबार साहिब में गए। यहां मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने करीब एक लाख के दान की रसीद कटवाई। इसके बाद उन्होंने दरबार साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब और दशमेश पिता के तैल चित्र के समक्ष मत्था टेका। इस दौरान उन दोनों ने यहां बैठकर हुक्मनामा भी सुना। यहां दोनों को गुरु घर का आशीष के रूप में सरोपा प्रदान किया गया। गुरु के धरोहरों का दर्शन भी किया। दरबार साहिब की परिक्रमा करने के दौरान उन दोनों ने दरबार साहिब में अवस्थित कुएं के जल का भी ग्रहण किया। इसके बाद दोनों प्रस्थान कर गए।

बीडीओ सह सीओ ने लिया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व कटाव का जायजा

पीरपैंती(भागलपुर)। प्रखण्ड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रानी दियारा में कटाव पिछले कई दिनों से गंगा के जल स्तर में आई वृद्धि के साथ गंगा उफान पर है। इलाके में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गई है। मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी चंदन कुमार चक्रवर्ती लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। विडियो चंदन कुमार चक्रवर्ती ने प्रखंड क्षेत्र के रानी दियारा पंचायत स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए बताया कि फिलहाल रानीदियारा पंचायत के ग्रामीणों के घरों में बाढ़ का पानी नही आया है। हालांकि किसान का फसल बाढ़ के पानी से डूब गया है। प्रखंड में स्थिति सामान्य नही है, दिन प्रतिदिन बाढ़ का पानी बढ़ता जा रहा है।

सिटी मंडी आ रहे व्यापारी का ऑटो में पॉकेट काटा

पुलिस ने वाहन किया जब्त, 44 में 37 हजार जब्त, ठग की खोज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ठगों और पॉकेटमारों का आतंक बाहर से पटना सिटी की मंडी में खरीदारी करने आने वाले व्यापारियों पर जारी है। ताजा मामला मसौढ़ी के व्यापारी लक्ष्मी कुमार के साथ बुधवार को घटित हुई है। वह करबिगहिया स्टेशन से ऑटो पर पटना सिटी आने के लिए सवार हुए। उस पर कुछ लोग पहले से ही सवार थे। ऑटो चालक ऑटो लेकर कुम्हरार आरोबी पर चढ़ा कर दूसरी दिशा में ले जाने लगा, तो व्यापारी शोर मचाने लगा। इसके बाद चालक ने वाहन को रोक दिया। व्यापारी के द्वारा शोर मचाने के बाद उन सबों ने उसके पास से करीब 44 हजार रुपया छिन लिया और ऑटो से धक्का दे भागने लगा। लोगों के जुटने पर चालक भी वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो को जब्त कर और भुक्तभोगी व्यापारी को लेकर आलमगंज थाना पहुंची। यहां जांच के दौरान ऑटो के डिक्की से छिना 44 हजार में से 37 हजार रुपया मिला। इस राशि को व्यापारी को दे दिया गया। व्यवसाई अनिल कुमार ने पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव को जानकारी दी कि पुलिस मामले को रफा-दफा करने पर तुली है। तब अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव ने इस संबंध में डीएसपी अमित शरण से बात कर मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने ऑटो, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01पीएन 5685 लिखा था, को जब्त कर लिया है। वहीं मसौढ़ी के व्यवसाई लक्ष्मी कुमार के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मसौढ़ी का व्यवसाई पटना सिटी खरीदारी करने के लिए आ रहा था। करबिगहिया से ऑटो पर सवार होने के बाद उसमें पहले से सवार बैठे अपराधी धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान उनकी जेब से सात हजार रुपया काट लिया है। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है। उसके नंबर के आधार पर उसके मालिक और चालक की खोज की जा रही है। इस घटना में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ भी छापेमारी अभियान किया जा रहा है। दरअसल आए दिन कभी छोटी पहाड़ी स्थित बस अड्डा, पटना साहिब स्टेशन तो कभी करबिगहिया या पटना जंक्शन से पटना सिटी की मंडी में आने वाले व्यापारियों के साथ इस तरह की घटना होती रहती है।

पत्रकार पर जानलेवा हमला पर पूर्व मंत्री डा प्रेम कुमार ने गया प्रशासन से की मांग

गया। शहर के दैनिक भास्कर के पत्रकार राजीव जी के शिवपुरी कॉलोनी रोड न0 4 में दिन के 10 बजे उनके घर पर दिनदहाड़े पांच की संख्या में आये लुटेरों ने पूरे परिवार को बंधक बनाकर लूट पाट की घटना को अंजाम दिया गयाहै इस सूचना पर गया विधानसभा प्रभारी सह भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता,जिला मंत्री संतोष ठाकुर,प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी अशोक भारती ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की सारी जानकारी प्राप्त की। पीड़ित परिवार से गया शहर के नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने दूरभाष पर बात कराया गया है। डॉ कुमार ने इस घटना पर क्षोप प्रकट करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं शुरू से ही कह रहा हूँ कि बिहार में जंगल राज के आगाज की शुरूआत हो चुकी हैं जिसका प्रमाण गया के निर्भीक दैनिक पत्रकार राजीव जी के घर मे घुसकर पूरे परिवार को बंधक बनाकर लूट की घटना कर अपराधियों आराम से चले जाते है।

जनता के विकास कार्य के लिए वचनबद्ध हूं : अमरेन्द्र प्रताप

पूर्व कृषि मंत्री ने 488800 से अधिक की लागत से नवनिर्मित गली का किया उद्घाटन

अमित राज

आरा। स्थानीय महादेवा रोड स्थित वार्ड नंबर 22 में मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर ढलाई कार्य का उद्घाटन विधायक सह पुर्व कृषि मंत्री बिहार सरकार अमरेंद्र प्रताप सिंह के स्थानीय विकास निधि के द्वारा प्राकृत राशि 488800 की लागत से नवनिर्मित गली का उद्घाटन किया गया जिसकी अध्यक्षता वार्ड पार्षद रेखा जैन ने किया एवं संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिन्हा ने किया जो मंदिर समिति के संरक्षक उद्घाटन के मौके पर आमजन को संबोधित करते हुए अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गणेश चतुर्दशी के पावन बेला पर हमारी एक समिति का यह पहला कार्य है जो हनुमान जी के चरणों में समर्पित है मैं खासकर इस शहर की सभी जनता के विकास कार्य के लिए वचनबद्ध हूं और सभी वादों को विकास की धारा से जोड़ा जाएगा इस अवसर पर रेखा जैन ने विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा कराए गए कार्यो का जिक्र करते हुए उनके सफल नेतृत्व की सराहना की । और कहां की विकास के कार्यो में और वार्ड नंबर 22 के जनहित के कार्यों में आपके द्वारा यह गए सहयोग के लिए आपको धन्यवाद देती हूं और वार्ड की जनता को भी तहे दिल से धन्यवाद देती हूं कि कि वह मेरे साथ लगातार खड़े हैं और उनका आशीर्वाद मुझे लगातार मिल रहा है और मिलता ही रहेगा यह मुझे पूर्ण विश्वास है कितना भी विकास विरोधी तत्व मेरे विकास कार्यों में अड़ंगा लगा ले हनुमान जी के आशीर्वाद से वार्ड का विकास लगातार होता रहेगा और बहुत ही योजनाएं और बहुत ही गलियों का ढलाई बहुत जल्द होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लव पांडे नगर अध्यक्ष जीतू चौरसिया पंचायती राज प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के सदस्य धर्मेंद्र सिंह अति पिछड़ा मंच के जिला महामंत्री संतोष चंद्रवंशी श्री प्रहलाद सिह , विष्णु शंकर ,कौशल कुमार सिन्हा, धीरज केसरी रमेश शर्मा ,सोनू कुमार, मनीष मिश्रा, अमर कश्यप, अभिषेक कश्यप, हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी ,अमित पांडे ,मुन्ना चंद्रवंशी मनीष गुप्ता नीरज सोनी गुड्डू पासवान ,विजय सिंह ,शुभम सहाय, अनूप कुमार ,राहुल कुमार रोशन कसेरा ,मुन्ना कुशवाहा सहित सैकड़ों आम जनता उपस्थित थी। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह ने किया।

संक्षिप्त खबरें

बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज निंदनीय : लोजपा (रामविलास)

पटना। लोक जनशक्ति (रामविलास) ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने कहा कि एक ओर राज्य के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री राज्य में 10 लाख व बीस लाख रोजगार देने की बात करते हैं। वहीं, दूसरी ओर अपनी मांग के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर पटना की पुलिस लाठीचार्ज कर उनके आवाज को दबाने का प्रयास करती है। श्री भट्ट ने कहा कि जानकारी के मुताबिक बीपीएससी 67वीं परीक्षा के पैटर्न में बदलाव और एक पारी में परीक्षा ना लिए जाने के विरोध में अभ्यर्थी जब बुधवार को सड़क पर उतर गए। अभ्यर्थी लगातार परसेंटाइल सिस्टम और एक पाली में परीक्षा आयोजित कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। बीपीएससी ने पैटर्न में बदलाव कर दो पाली में परीक्षा को आयोजित करने की घोषणा की थी। छात्र इस नये पैटर्न का विरोध कर रहे थे। श्री भट्ट ने बिहार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार प्रदेश में नौकरी कैलेंडर जारी करे कि किस विभाग में कितनी वैकेंसी हैं, किस पद के लिए वैकेंसी हैं, कब उस पर भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो बिहार सरकार बहाली करेगी उसकी समय सीमा राज्य सरकार तय करके उसे सार्वजनिक करें उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सरकार बिहार के नौजवानों को शीघ्र नौकरियां दे श्री भट्ट ने कहा कि हमारी पार्टी इस काम के शीघ्र निष्पादन को लेकर बिहार सरकार से मांग करती है कि नौकरी के झांसे देने की बजाय राज्य सरकार उन्हें बहाल करने पर सकारात्मक सोच के तहत अविलंब नियुक्ति शुरू करें।

कार्तिक कुमार को बर्खास्त करने के बजाय विभाग बदला जाना दुखद : मोदी

पटना। विवादों में घिरे विधि मंत्री कार्तिकेय कुमार का विभाग बदले जाने पर पूर्व डिप्टी सीएम व बीजेपी नेता सुशील कुमार ने मुख्यमंत्री ने हमला बोला है। कहा कि नीतीश जी में इतनी हिम्मत नहीं थी की वे अपहरण मामले में फरार कार्तिक कुमार को बर्खास्त कर पाते ? केवल विभाग बदल दिया। लालू की अनुमति की बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता है। श्री मोदी ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि अपहरण से जुड़े मामले में बिहार सरकार के विधि मंत्री कार्तिक कुमार पर वारंट था। आज उनका विभाग बदल दिया गया। नीतीश जी आप इतने कमजोर हो गये आप लालू यादव के इतने दवाब में है। आप कार्तिक कुमार को बर्खास्त नहीं कर पाए। आपने बड़ी मुश्किल से उनका विभाग बदल दिया। नीतीश जी आपकों इतना कमजोर होते मैंने कभी नहीं देखा था। सुशील मोदी आगे कहते हैं कि जब हमलोग एनडीए में साथ थे तब अनेक मंत्रियों को मंत्रिमंडल से इसलिए छुट्टी कर दी गयी थी कि इन पर गंभीर मामले थे और जब तक वो दोष मुक्त होकर नहीं आए तब तक आपने उन लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया। अब सरकार नीतीश जी के दवाब में नहीं बल्कि लालू के दवाब में हैं। लालू जी जो फैसला करेंगे उसका पालन करना पड़ेगा। जैसे पर्ची कटती है तो जब तक लालू की दरबार की पर्ची नहीं कटेंगी तब तक कोई निर्णय नहीं हो सकता। श्री मोदी ने कहा कि मुझे बहुत दुख है कि आज विधि मंत्री कार्तिक कुमार को बर्खास्त करने के बजाय विभाग बदल दिया गया।

2024 में महागठबंधन के किसी नेता को पीएम बनाना लक्ष्य : श्रवण कुमार

लघु जल संसाधन विभाग को केंद्र से इस वर्ष एक रुपया भी नहीं मिला : जयंत राज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- जदयू प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को कार्यकर्ताओं के दरबार में ग्रामीण विकास मंत्री,मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री तथा लघु जल संसाधन मंत्री हुए शामिल
- शराबबंदी के निर्णय पर सख्ती से हो रहा है अमल: सुनील

जदयू प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को कार्यकर्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार जी एवं लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मनरेगा के तहत इस वित्तीय वर्ष में 15 करोड़ मानव दिवस सृजित करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है। 12 करोड़ अतिरिक्त मानव दिवस का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है, केंद्र सरकार से आग्रह है कि इसे अविलम्ब स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि बिहार के मजदूरों को काम मिल सके। साथ ही सामग्री मद में अभी राशि नहीं मिली है उसे भी दिया जाए। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री आ रहे हैं, हमलोगों की संस्कृति अतिथि देवो भव की है, अतिथि हमारे लिए भगवान होते हैं। मुख्यमंत्री ने जिस दिन एनडीए को लात मार दिया, उसी दिन के बाद से भाजपा एकाएक प्रदेश की विधि व्यवस्था को चैपट बताने लगी है। इस तरह की छोटी और ओछी बात कर भाजपा जनता को सिर्फ गुमराह करने का काम कर रही है। जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ प्रदेश में न्याय के साथ विकास और प्रगति का काम विगत 17 वर्षों से अनवरत चल रहा हैस मंहगाई और बेरोजगारी की बढ़ती समस्या के साथ ही आज संविधान खतरे में है, जो पूरे देश के सामने सबसे बड़ा सवाल है। भाजपा से अलग तमाम दलों के लोग मिलकर 2024 में केंद्र की सत्ता से भाजपा को उतारकर महागठबंधन के किसी नेता को प्रधानमन्त्री की कुर्सी पर बैठाने के लिए कार्य कर रहे हैं। लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि विभाग को केंद्र से एक रुपया भी इस वर्ष अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी स्वीकृत 80 करोड़ रुपए में से मात्र 12 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि केंद्र से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है, जबकि बिहार के कई हिस्से में काफी कम वर्षा हुयी है। हमलोगों का प्रयास है कि आवश्यकतानुसार योजनाओं का त्वरित चयन कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ ससमय उन्हें पूरा किया जाए। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि राज्य में शराबबंदी का निर्णय दोनों सदनों द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया था। सरकार द्वारा शराबबंदी तोड़ने वालों पर सख्ती से नकेल कसी जा रही है। प्रदेश में शराब का कारोबार करने वाले बाहरी लोगों पर भी लगातार सख्ती से कार्रवाई हो रही है। उक्त अवसर पर मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्य चन्द्रवंशी, महासचिव लोक प्रकाश सिंह एवंअरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

राज्य सरकार की नीतियों के कारण उत्पन्न हुआ खाद संकट : अमरेन्द्र प्रताप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- पूर्व कृषि मंत्री का आरोप-माफिया पर नकेल नहीं कसने से परेशान हैं किसान

बिहार के किसानों को खाद की हुई किल्लत के लिए केंद्र सरकार पर आरोप मढ़ने को बिहार सरकार के बयानों पर पूर्व कृषि मंत्री बिहार अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने बुधवार को वर्तमान कृषि मंत्री के बयान की केंद्र से कम खाद मिल रहा है पर आपत्ति जताते हुए कहा कि केंद्र पर दोष देना आसान काम है। हमलोगों ने जीरो टॉलरेंस नीति का पालन किया है, जितनी कीमत तय है उसको डिस्प्ले करे और उतनी कीमत पर बेचने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में कुछ परेशानी हुई थी। खाद की कमी का सामना करना पड़ा था। हमलोगों ने किसानों की परेशानी को ध्यान रखा और उसे दूर किया। खरीफ के समय हमलोगों ने केंद्र सरकार के साथ बैठक की और आपूर्ति को सुनिश्चित कराया। इसके बाद भी मौजूदा नीतीश सरकार के मंत्री केंद्र सरकार पर कम आपूर्ति का दोष दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को तय खपत का 87 प्रतिशत खाद उपलब्ध है। उसके बाद भी हाहाकार मचा है। ये स्थिति क्यों पैदा हुई है ये कृषि मंत्री बताये। उन्होंने कहा कि एक ओर धान की रोपनी 40 प्रतिशत की हुई है तो फिर खाद की किल्लत क्यों हुई? मौजूदा सरकार पर कथित आरोप लगाते हुए कहा कि हमलोगों ने माफिया पर नकेल कसा था,लेकिन आज माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। इसी कारण आज खाद की समस्या हो गई है। किसान परेशान हैं। बिहार में अभी तक 7 लाख 70 हजार मीट्रिक टन आवश्यकता है। पूरी खेती हो तब 30 अगस्त तक 6 लाख 71525 हजार मीट्रिक टन की आपूर्ति हुई है। उन्होंने सवाल किया कि जिला कृषि अधिकारी क्या कर रहे हैं। माफिया पर नकेल क्यों नही कसा गया है। केंद्र सरकार आवश्यकता से अधिक दे रही है लेकिन खाद कहां जा रहा है इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

मंत्री मो इसराइल मंसुरी का राजद के प्रदेश कार्यालय मे जोरदार स्वागत

- प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के नेतृत्व में किया गया अभिनंदन

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में मंत्री मो इसराईल मंसुरी के पहली बार राज्य कार्यालय आगमन पर स्वागत सह अभिनंदन पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, शिवचन्द्र राम, प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, चितरंजन गगन ,एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव संगठन प्रभारी राजेश यादव, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव, डॉक्टर प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम, भाई अरुण कुमार ,इंजीनियर अशोक यादव, डाक्टर कुमार राहुल सिंह, निर्भय कुमार अंबेडकर, सारिका पासवान, धर्मेंद्र पटेल, देवकिशन ठाकुर, डॉ पी के चैधरी सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे।

गणपति की पूजा कर विजय सिन्हा ने संभाली नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- विपक्ष की भूमिका निभाने के संकल्प को दोहराया

विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को विधानसभा स्थित कक्ष में नेता प्रतिपक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा करने के बाद कहा कि प्रथम पूजनीय विनायक की पूजा कर हमने बिहार से नकारात्मक वातावरण को हटाने का संकल्प लिया है। साथ ही सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने का आज श्रीगणेश किया है। उन्होंने बतौर नेता प्रतिपक्ष अपनी प्राथमिकता बताते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य के नकारात्मक वातावरण को हटाने और पुरे राज्य में जो भय और भ्रष्टाचार का वातावरण है उससे मुक्ति का शंखनाद किया है। हमें बिहार की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने और सभी के बीच सामाजिक सौहार्द बढ़ाना है। तेलंगाना एक मुख्यमंत्री केसीआर के बिहार दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि मां भारती का राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाने के लिए जब हम लोग आगे बढ़ रहे हैं तो तमाम भ्रष्टाचारी एकजुट हो जाते हैं। लेकिन उन लोगों को कुछ नहीं मिलने वाला है। इसके पहले भी वर्ष 2014 और 2019 में ऐसे लोग एकजुट हुए थे। लेकिन उनका कुछ नहीं हुआ। भाजपा के सबका साथ सबका विकास से घबराकर भ्रष्टाचारी एकजुट हुए है। इनके इतिहास भूगोल को सब जानते हैं। इस दौरान उन्होंने सभी भगवान गणेश की पूजा की और बिहार की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही नीतीश सरकार के खिलाफ सकरात्मक लेकिन जनहित के मुद्दों पर आक्रामक रुख अख्तियार करने वाले विपक्ष की भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

प्रदेश युवा कांग्रेस का सांगठनिक चुनाव में 15 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव को लेकर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन पटेल की अध्यक्षता में एवं बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी राजेश कुमार सन्नी की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष,जिला अध्यक्षों, विधान सभा अध्यक्षों सहित सभी स्तर के पदाधिकारियों का चुनाव को लेकर अधिकारिक घोषणा की गयी। प्रदेश के चार जिलों क्रमशः पटना महानगर, वैशाली, दरभंगा एवं बक्सर को लॉटरी के माध्यम से सुरक्षित सीट के रूप में घोषणा की गयी। इस अवसर पर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी राजेश कुमार सन्नी ने बताया कि राहुल गांधी ने नेता बनो,नेता चुनो का अवसर हम युवाओं को दिया। आगे उन्होंने बताया कि आगामी 1 सितम्बर से 7 सितम्बर तक नामांकन , 8 सितम्बर को नाम वापस लेने, 9 सितम्बर को स्कुटनी ,10 सितम्बर को उम्मीदवार के नाम का प्रकाशन एवं 15 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा मदन मोहन झा ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस का इतिहास संघर्ष के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि देश में युवा कांग्रेस आमजन की लड़ाई लड़ने के साथ-साथ देश में आयी बाढ़ आपदा हो,करोना महामारी हो युवा काग्रेस के कार्यकताओं ने हमेशा जान जोखिम में डालकर देश के जनता के हित में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए संकल्पित है। उन्होंने युवा कांग्रेस के सदस्यता अभियान मुहिम को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन पटेल ने बताया कि बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस का सांगठनिक चुनाव में 15 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। आगे उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में आमजन की लड़ाई से लेकर सभी ज्वलन्त मुद्दा को उठाते रहे हैं जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेना चाहिए और उन्होंने बड़ी संख्या में युवाओं को सदस्यता अभियान से जुड़ने का अपील किया।

सफाई कार्य में बाधा पहुंचाने वाले कर्मी बख्शे नहीं जाएंगे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- नगर आयुक्त एवं कार्यपालक पदाधिकारी ने भ्रमण कर लिया जायजा, दिये निर्देश
- शहर की सफाई के लिए रात्रि एवं सुबह में निकली गाड़ियां

पटना नगर निगम का दावा है कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हड़ताल के दौरान भी सुचारू रूप से सफाई व्यवस्था की जा रही है। कुशल रणनीति के तहत टीम वर्क के रूप में पटना नगर निगम काम कर रही है। पटना नगर निगम के प्रत्येक अंचल से अलग - अलग टीम द्वारा युद्ध स्तर पर पूरे शहर को स्वच्छ किया जा रहा है। यार्ड से सभी गाड़ियों को निकाला गया है। प्रत्येक अंचल में पदाधिकारियों द्वारा स्वयं रात्रि में निरीक्षण कर सफाई कार्य का जायजा लिया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा स्वयं सफाई कार्य का जायजा लिया गया।

रात्रि सफाई के दौरान शहर के प्रमुख सड़क, बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों से कूड़ा उठाव किया गया। इसके साथ ही मशीनों द्वारा सड़को की धुलाई कर शहर को स्वच्छ बनाया गया। सुबह निकली डोर टू डोर गाड़ियां : पटना नगर निगम की गाड़ियां बुधवार की सुबह भी निकली। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ ही चौक चौराहा पर से भी कूड़ा उठाव किया गया। इसके साथ ही सफाई इंस्पेक्टर के साथ नगर आयुक्त ने मुख्यालय में भी सफाई की जानकारी ली। रात्रि में अनुपस्थित रहने वालों पर कार्रवाई भी की गई। 4 लोगों से मांगा गया स्पष्टीकरण : सफाई कार्य में अवरोध करने एवं मजदूरों की हाजिरी नहीं बनाने की शिकायत सामने आने पर बांकीपुर अंचल के चार कर्मियों पर शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा सभी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि बरसात के दौरान सफाई कार्य सर्वप्रथम करना है इसमें बाधा पहुंचाने पर कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

कानून व्यवस्था पर भाजपा को बोलने का हक नहीं : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- बोलें- भाजपा नेताओं का बयान उनके चारित्रिक पतन का निशानी

राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भाजपा नेताओं द्वारा दिये जा रहे बयान को उनके चारित्रिक पतन का निशानी करार दिया है। भाजपा नेताओं द्वारा जिस प्रकार मुख्यमंत्री जी को टारगेट कर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है वह संवैधानिक और लोकतांत्रिक मयादाओं के खिलाफ है। राजनीति में विरोध का भी एक मयार्दा होता है। जो भाजपा पुरा की पुरा दो नेताओं का आदेशपाल बना हुआ है उस भाजपा के नेताओं को आदेशपाल शब्द से लगाव होना स्वाभाविक है। मंत्रियों के बीच विभाग का आवंटन मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है यदि इसकी जानकारी भी लम्बे समय तक संसदीय राजनीति से जुड़े भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल जी को नहीं है तो यह भाजपा जैसे पार्टी के लिए दुर्भाग्य की बात है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि विधी व्यवस्था पर भाजपा नेताओं को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। एनसीआरबी के अनुसार बिहार में अपराधिक घटनाएं राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। अपराधिक घटनाओं में राष्ट्रीय औसत जहां 268 है वहीं बिहार में अपराधिक घटनाओं का औसत 150 है। बिहार के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेताओं को एनसीआरबी का रिपोर्ट देखकर हीं बिहार के बारे में प्रतिक्रिया देनी चाहिए। एनसीआरबी के अनुसार भाजपा शासित प्रदेश महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात,आसाम , हरियाणा और मध्य प्रदेश में अपराधिक घटनाओं का अनुपात बिहार की तुलना में बहुत हीं ज्यादा है। बिहार में भी एनडीए सरकार की तुलना में आज बिहार के महागठबंधन सरकार में अपराधिक घटनाओं में काफी कमी आई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेता सुशील मोदी जी के नजरों में नीतीश कुमार जी पीएम पद के लिए कभी नरेन्द्र मोदी से बेहतर उम्मीदवार हुआ करते थे पर आज भाजपा नेतृत्व का कृपा पाने के लिए अपने विचार को बदल दिए हैं।

सकारात्मक राजनीति करें सुशील मोदी :राजेश राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने पूर्व उप मुख्यमंत्री तथा भाजपा सांसद सुशील मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम सुशील मोदी को बिहार के नमक का हक अदा करने के लिए विशेष राज्य के दर्जे के मुहिम में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वविदित सत्य है कि बिहार आर्थिक मामलों में बेहद पिछड़ा हुआ राज्य है। महागठबंधन सरकार के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार से विशेष राज्य के दर्जे की मांग की जा रही है। विशेष राज्य का दर्जा बिहार का हक है। बिहार को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए केंद्र को विशेष राज्य का दर्जा देना ही होगा। उन्होंने कहा कि विशेष राज्य के दर्जे को प्राप्त करने के लिए कांग्रेस,राजद तथा जदयू कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को भी हमारे सुर में सुर मिला कर बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह से इस बाबत गुजारिश करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि बिहार के विकास की जरूरतों को समझते हुए सुशील मोदी को नकारात्मक राजनीति छोड़कर बिहार के विशेष राज्य के दर्जे के लिए सकारात्मक रुख अपनाते हुए

पीएम बनने का सपना देखने वालों की कमी नहीं : सम्राट चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बिहार दौरे पर विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि अगर वह बिहार में शहीदों के सम्मान में आए हैं तब तो ठीक है। अन्यथा अगर उनका दौरा राजनीतिक रूप से होता है तो वह बहुत बड़ी गलतफहमी में है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वालों की कमी नहीं है। बिहार में नीतीश कुमार, बंगाल में ममता बनर्जी, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल समेत कई विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। ऐसे में के चंद्रशेखर राव भी अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए बिहार दौरे पर आए हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि केसीआर आगामी विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पटखनी खाएंगे। वो पहले तेलंगाना के 2023 का विधानसभा चुनाव जीतें फिर बाद में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष को एकजुट करें। तेलंगाना की जनता ने 2023 के विधानसभा चुनाव में के चंद्रशेखर राव को हराने का मन बना लिया है ऐसे में वो बिहार क्या देश के किसी भी राज्य में घूमे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है। आज की तारीख में बिहार में वह रबर स्टांप की भूमिका में आ गए हैं जिसके कारण वह राजनीतिक रूप से लोटा हो गए हैं। बिहार और देश की जनता जान चुकी है कि नीतीश कुमार एक ऐसे नेता है, जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने या किसी भी पद के उम्मीदवार बनें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

निर्देश बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध-निदेशक संजीव हंस ने ईईएसएल कंपनी को दिए कड़े निर्देश

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निराकरण हो

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- दिल्ली में स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर डिस्कॉम कंपनियों की उर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव के साथ बैठक आज

उपभोक्ताओं की स्मार्ट प्रीपेड मीटर की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधनिदेशक संजीव हंस ने ईईएसएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर गाईडलाइन्स को पालन करने को कड़ा निर्देश दिया है। बैठक में बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधनिदेशक संजीव हंस ने ईईएसएल अधिकारियों से उपभोक्ताओं के साथ हो रही छूटपुट परेशानी पर रोष व्यक्त किया। उधर उर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने भी बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आगामी एक सितंबर को दिल्ली में डिस्कॉम एजेंसियों और ईईएसएल के अधिकारियों की बैठक बुलाई है। श्री संजीव हंस ने ईईएसएल के अधिकारियों से कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं को तीन दिन में हर हाल में वेलकम मैसेज मिलनी चाहिए। साथ ही जब उपभोक्ता अपना मीटर रिचार्ज करते हैं तो जो रकम कटती है, वो किस मद में कहां कटी इसका मैसेज उपभोक्ता के मोबाईल पर तुरंत जाना चाहिए। उपभोक्ता किसी भी तरह अपनी कटी हुई रकम को लेकर अंधकार में न रहे तथा पारदर्शिता बनी रहे ऐसा व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए। ईईएसएल के अधिकारियों ने बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधनिदेशक को जल्दी ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित सभी मुद्दों का त्वरित गति से समाधान करने का अश्वासन दिया है। हाल ही में संजीव हंस ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने और उससे होने वाली समस्याओं को दूर करने में हो रही कठिनाई के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी ईईएसएल और फ्रांस की कंपनी ईडीएफ को पत्र लिखकर मीटर में आ रही परेशानियों को दूर करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि ऐप पर समय से बैंलस अपडेट नहीं होना, मीटर लगने के 30 दिन बाद भी खराब स्मार्ट मीटरों को बदला नहीं जाना सहित कई शिकायतें बड़ी संख्या में मिल रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओ की शिकायतों के निवारण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है । फलस्वरूप स्मार्ट मीटर के उपभोगताओ के शिकायतों का निवारण वितरण कंपनियों की सामान्य व्यसथा के माध्यम से ही करना पड़ रहा है । उपभोक्ताओं को रिचार्ज के बाद कटने वाले राशि का विस्तृत विवरण नहीं रहने पर रिचार्ज की राशि का लेखा समझने मे परेशानी थी ओर जिस से कई प्रकार की भ्रांतिया फैल रही थी। बिजली कंपनी ने तीन सौ किस्तों में पुराने बकाया को एडजस्ट करने का प्रवाधान दिया था पर ईडीएफ पुराने बकाया को काटने की प्रक्रिया भी अभी स्थिर नहीं की जा सकी है। बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप्प के एरियर(बकाया) मैनेजमेंट की त्रुटि को अविलंब दूर करने और उपभोक्ताओ को एप्प मे ही बकाया का समायोजन का पूरा लेखा दशार्ये जाने के लिए कहा गया है ।

भाजपा व जदयू में जुबानी जंग, कविता के माध्यम से वार-पलटवार

बेबस और लाचार हूं मैं ही सरकार हूं .... : अरबिन्द सिंह

पटना। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से भाजपा व जदयू के बीच जुबानी जंग जारी है। अब जदयू और भाजपा के बीच काव्य वार शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए एक कविता लिखी है। बेबस और लाचार हूं मैं ही सरकार हूं लेकिन नीतीश कुमार हूं। हत्यारे लुटेरे बलात्कारियों अपराधियों को दे रहा रोजगार हूं इसलिए कुर्सी कुमार हूं।। यूपीए में रहूं या एनडीए में रहूं फिर भी मैं ही सरकार हूं इसलिए नीतीश कुमार हूं। गुंडों अपराधियों से बना सरकार हूं जहां मंत्री बना फरार हो इसलिए मुख्यमंत्री मै नीतीश कुमार हूं।। न बचाता हूं न फंसाता हूं, शराबबंदी के नाम पर दलित हत्या कराता हूं जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता हूं। हत्यारों घोटालेबाजों अपराधियों का मनोबल अब बढाता हूं इसलिए अब मैं प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कहलाता हूं।। पलटू राम रंग बदलू हूं जनता का धोखेबाज हूं फिर भी सरकार हूं इसलिए नीतीश कुमार हूं। बिहार में दारू बालू का अवैध कारोबार हूं लोभी और ठग का महागठबंधन बनाता हूं इसलिए सुशासन बाबू कहलाता हूं।। समाजवाद के नाम पर अवसरवादिता का करता राजनीति हूं इसलिए आज कुर्सी पर बैठकर बनाता बेबसी लाचारी का गणित हूं।। उग्रवादी अपराधी परिवारवादी के साथ मिलकर चलाता सरकार हूं इसलिए मैं नीतीश कुमार हूं।। अब बढ़ता बेरोजगारी, घुसखोरी, अफसरशाही, हत्या लूट और बलात्कार का मैं बनाता बिहार हूं। तेज रफ्तार चाचा भतीजा तेजस्वी नीतीश का सरकार हू इसलिए मुख्यमंत्री और कोई प्रधानमंत्री का उम्मीदवार हूं ।। 46 विधायकों पर मैं ही कुर्सी कुमार हूं, मैं ही कुर्सी कुमार हूं, मैं ही कुर्सी कुमार हूं। मैं ही सबसे बड़ा पलटीमार हूं मैं ही नीतीश कुमार हूं मैं ही नीतीश कुमार।

जदयू की कविता- चौकीदार द्वारा कहे गए समाजवादी इंसान हूं... हां मैं वही नीतीश कुमार हूं

पटना। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से भाजपा व जदयू के बीच जुबानी जंग जारी है। इस कड़ी में अब जदयू और भाजपा के बीच काव्य वार शुरू हो गया है। भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए एक कविता लिखी तो अब जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी भाजपा पर पलटवार करते हुए एक कविता लिखी है। भाजपा के विरोध में नीरज कुमार ने सीएम नीतीश के तारीफों का पुल बांधते हुए कविता लिखी। नीरज कुमार की कविता : रुके न जो, झुके न जो, दबे न जो मैं वो सेवादार हूँ, षडयंत्रकारी और गद्दारों पर प्रहार हूँ। जनता का वफादार हूँ, हाँ मैं वही नीतीश कुमार हूँ ।। यूपीए हो या एनडीए, मैं सात निश्चय पर खड़ा हूँ, उइक और एऊ के पैरोकारों के लिए ललकार हूँ, हाँ मैं वही नीतीश कुमार हूँ ।। चौकीदार द्वारा कहे गए समाजवादी इंसान हूँ, सत्ता के खरीदारों के मंसूबों पर धिक्कार हूँ, हाँ मैं वही नीतीश कुमार हूँ।। न्याय के साथ विकास के नैया का पतवार हूँ, आपदा में सबका मददगार हूँ, हाँ मैं वही नीतीश कुमार हूँ ।। 45 विधायकों पर भी 77 विधायकों वाले के लिए राजनीति में बज्र प्रहार हूँ। सत्ता से बाहर हाने पर आप बीमार हो, हाँ मैं वही नीतीश कुमार हूँ।

संक्षिप्त खबरें

किराना दुकान से 57 हजार की चोरी

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के सरायरंजन बाजार स्थित एक किराना दुकान सह जेनरल स्टोर से बुधवार की शाम अज्ञात चोरों ने 57 हजार रुपए की चोरी कर ली। इस घटना को लेकर दुकानदार सुनील कुमार दीपक ने स्थानीय थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में दुकानदार ने कहा है कि बुधवार की शाम 3:45 बजे वह अपनी दुकान को खुला छोड़ कर शौचालय चला गया था। कुछ देर बाद जब वह दुकान में आया तो देखा कि गल्ले के पास 230 रुपए बिखरे पड़े हैं। गल्ला खोलकर देखने पर पता चला कि उसमें रखे 57 हजार 400 रुपए गायब थे। बगल की दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो पता चला कि साइकिल सवार दो युवकों ने उनकी दुकान में रखे गले से सारे रुपए गायब किए थे।

बिजली चोरी की प्राथमिकी

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के झखड़ा गांव में लाइट डिसकनेक्शन की जांच के दौरान बुधवार की दोपहर जांच टीम ने दो उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी करते पाया। झगड़ा वार्ड 10 निवासी संतोष कुमार चौधरी द्वारा बिजली की चोरी किए जाने से 40 हजार 700 रूपए की क्षति पहुंची है। वहीं झखड़ा वार्ड 07 निवासी सुजीत कुमार झा द्वारा बिजली की चोरी किए जाने से 37 हजार 464 रुपए की क्षति हुई है। सरायरंजन विद्युत आपूर्ति प्रशाखा में कार्यरत कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार के द्वारा उक्त दोनों उपभोक्ताओं के विरुद्ध अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

चाकूबाजी में एक युवक जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खजूरी पंचायत के हसनपुर कीरत गांव में आपसी विवाद में चाकूबाजी में एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं जख्मी युवक की पहचान राम पुकार पासवान के पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई। जिसे परिजनों के द्वारा कल्याणपुर पीएचसी में ईलाज कराया गया। इस मामले में जख्मी के पिता ने कल्याणपुर थाने में आवेदन देकर गांव के ही 3 लोगों के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि जांचोंपरांत आगे की करवाई की जाएगी।

मोबाइल एवं पर्स छीनने की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बेलसंडी डीह निवासी मनोज कुमार के पुत्र अमरजीत कुमार ने मोबाइल एवं पर्स छीनने को लेकर अज्ञात 2 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि मै फैमिली मार्ट रोसड़ा से काम कर घर लौट रहा था। तभी सिंघिया घाट पुल से पश्चिम बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने ओवरटेक कर उनकी गाड़ी को रोककर रेडमी का मोबाइल, पर्स सहित पर्स में रखे हुए गाड़ी का ऑनर बुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पांच हजार सात सौ रुपए को छीन कर पुनः रोसड़ा की ओर भाग गए। वहीं विभूतिपुर थाना घटना की प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए जितवारपुर निजामत वार्ड दो मुफस्सिल थाना के सुनील पासवान को मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पदाधिकारियों ने किया 4 पंचायतों में चल रहे योजनाओं की जांच

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के पांच पंचायतों में बुधवार को जांच होने का समय निर्धारित था। जिसमें रामभद्रपुर में डीडीसी ने जांच किया गया। जिसमें छकन टोली गांव में पीसीसी सड़क को लेकर इन लोगों द्वारा उठाए गए आपत्ति पर निराकरण किए जाने का भरोसा दिलाए। वहीं वरीय उप समाहर्ता स्नेहा कुमारी ने कल्याणपुर पंचायत का निरीक्षण किया। जिसमें जल नल व सड़क में चली योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। वहीं कल्याणपुर उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया। वहीं बिरसिंहपुर पंचायत में बीडीओ धर्मवीर प्रभाकरण ने योजनाओं का की जांच किया गया। जबकि अजना पंचायत में सीओ कमलेश कुमार के द्वारा जांच के क्रम में वार्ड संख्या 4 में आज तक जल नल योजना की शुरूआत नहीं होने कि जानकारी पर समुचित कार्रवाई करने हेतु मुख्यालय को सूचित करने की बात कही। वहीं खजूरी पंचायत के लिए चयनित पदाधिकारी एसडीएम कल्याणपुर उपस्थित नहीं होने के कारण खजूरी पंचायत की जांच नहीं हो पाई।

विधायक ने किया स्विमिंग पूल और पार्क का उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन और विधान पार्षद डॉ० तरुण कुमार के द्वारा बुधवार को शहर के मोहनपुर स्थित एक निजी पैलेस में स्विमिंग पूल व पार्क का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह व्यवसायी अमित गुंजन, संचालन स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद अमित कुमार सिंह ने की। अपने सम्बोधन के क्रम में स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि शहरवासियों को लंबे समय से स्विमिंग पूल की जरुरत थी जो आज पूरा हुआ है। उन्होंने आमजन से अपनी जिम्मेदारी समझने का भी आह्वान किया। उन्होंने शहर में साफ-सफाई रखने का आह्वान करते हुए कहा कि लोगों के सामूहिक प्रयास ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। नगर निगम और राज्य सरकार इसमें अपना पूर्ण सहयोग देंगे। अपने सम्बोधन के क्रम में विधान पार्षद डॉ० तरुण कुमार ने कहा कि स्विमिंग पूल के निर्माण के बाद आसपास के कई वार्ड के लोग यहां आकर न सिर्फ सुकून के पल बिताएंगे बल्कि स्वास्थ्य लाभ भी करेंगे। उन्होंने समाजसेवी अमित गुंजन के इस कार्य की सराहना की और शहर के अन्य मुहल्लों में भी ऐसे पार्क के निर्माण की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इस स्विमिंग पूल के निर्माण से जिला के लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर रोसड़ा विधायक वीरेन्द्र पासवान, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, समाजसेवी सह व्यवसायी अमित गुंजन, शालिनी कुमारी, समाजसेवी रिजुउल इस्लाम रिज्जू उर्फ टीटी बाबू, उदय शंकर सिंह, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, शिक्षाविद अमित सिंह, जिला राजद सचिव राकेश यादव, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश महासचिव मो० परवेज आलम, रंजीत कुमार रम्भू, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष शंभू राय, समाजसेवी दिनेश कुमार, प्रवीण कुमार तथा राकेश कुमार अकेला सहित सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद थे।

वयोवृद्ध किसान की गोली मारकर हत्या, जमीनी विवाद में घटना को अंजाम देने की आशंका

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या दस में एक दरवाजे पर सो रहे वयोवृद्ध किसान की कतिपय अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक किसान की पहचान मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या दस निवासी बलदेव गिरि (75) के रुप में हुई है। घटना का कारण जमीनी विवाद बताया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक किसान को कतिपय लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। वार्ड संख्या दस में ही वें अपना नया मकान का निमार्ण करवा रहें थे। इसी सिलसिले में निमार्णाधीन मकान में प्रयुक्त होने वाले सामानों की सुरक्षा के मद्देनजर वे अपने पड़ोसी सत्यनारायण साह के खपरैल नुमा मकान के दरवाजे पर सो रहे थे। बुधवार अल सुबह लोगों ने उनके शव को देखा। इसके बाद मृतक के स्वजनों में मातमी सन्नाटा पसर गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही हैं। बताया जाता है कि बलदेव गिरि एक आम किसान थे। तीन-चार कट्ठा भूखंड के मालिक हैं। घर के आसपास ही यह जमीन है। अभी वो नया मकान निर्माण करने में जुटे थे। इस कारण आसपास के लोगों से ही विवाद चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बहरहाल पुलिस प्राथमिकी के लिए आवेदन की प्रतीक्षा में है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस उस कारणों का भी पता लगाने में जुटी है कि आखिरकार उनकी हत्या क्यों की गई। वैसे स्थानीय लोग इसे जमीनी विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। उधर मृतक के स्वजनों ने अपने तीन पड़ोसियों को आरोपित किया है।

सीडीपीओ ने एसडीओ को सेविका सहायिका चयन हेतु तिथि निर्धारण के लिए लिखा पत्र

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने प्रखंड क्षेत्र में सेविका सहायिका चयन हेतु आम सभा के लिए तिथि निर्धारण हेतु पत्र भेजा है। जिसमें बताया गया कि पूर्व में सेविका सहायिका चयन हेतु पत्रांक 613 दिनांक 2 मार्च 2022 को आम सभा की तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन बिहार विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक चुनाव 2022 के अवसर पर आदर्श आचार संहिता के आलोक में पत्रांक 694 दिनांक 3 मार्च 2022 के द्वारा चयन स्थगित किया गया जिसके कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। जबकि विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत केंद्र संख्या 67 में सेविका, 46 में सेविका एवं 338 में सेविका सहायिका का चयन किया जाना है। इसी को लेकर सीडीपीओ ने एसडीओ से आम सभा की तिथि निर्धारित कर अध्यक्ष नामित करते हुए दंडाधिकारी एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की मांग की है।

मस्जिद के प्रांगण में सार्वजनिक शौचालय का किया गया उद्घाटन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज विभूतिपुर पूरब वार्ड नंबर 17 मस्जिद के प्रांगण में 15 वित्त आयोग योजना अंतर्गत 2, 99, 800 रुपए की लागत से बने सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन विभूतिपुर प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी, पंचायत समिति सदस्य हिमांशु कुमार उर्फ पिक्कु ने सामूहिक रूप से किया। मौके पर मुखिया सुलेखा देवी, पंचायत सचिव दिनेश राय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

डीएम ने किया निमार्णाधीन सीमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण

● सतंबर 2023 तक निर्माण कार्य हो जाएगा पूर्ण

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर डीएम योगेंद्र सिंह के द्वारा 31 अगस्त को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ताजपुर प्रखंड के मुर्गिया चौक स्थित ड्यूरा टेक सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निमार्णाधीन फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अभियंताओं द्वारा बताया गया कि सितंबर 2023 तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। ताजपुर प्रखंड के गौसपुर सरसौना, वार्ड नंबर 9 में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत हर घर नल का जल के पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वहां के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पानी सही समय पर नियमित रूप से मिल रहा है, एवं नल में पानी का फोर्स भी अच्छा आ रहा है। डीएम द्वारा पूछे जाने पर ग्रामीणों द्वारा नल जल योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं बताई गई। ग्राम पंचायत भवन गौसपुर सरसौना का निरीक्षण किया गया। पंचायत भवन के अंदर ही आंगनवाड़ी केंद्र संचालित था जिसमें आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका उपस्थित थीं। बच्चों की उपस्थिति देखी गई। आंगनवाड़ी सेविका द्वारा बच्चे का क्लास संचालित किया जा रहा था। डीएम द्वारा पूछे जाने पर किसी भी प्रकार की समस्या आंगनवाड़ी केंद्र अंतर्गत सेविका द्वारा नहीं बतलाई गई। पंचायत भवन के अंदर ही लोक सेवा केन्द्र (आरटीपीएस काउंटर) का भी निरीक्षण किया गया जहां आवेदक लाइन में लगकर अपना कार्य करवा रहे थे। डीएम द्वारा पूछे जाने पर लोगों द्वारा आरटीपीएस काउंटर से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं बतलाई गई, परंतु कुछ ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व कर्मचारी की कमी होने के कारण वह नियमित रूप से कार्यालय नहीं आते हैं, जिसके कारण कार्य समुचित रूप से नहीं हो पाता है। डीएम द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि राजस्व कर्मचारी व पंचायत सचिवों की नियुक्ति हुई है, कुछ दिनों में सभी प्रखंडों में पर्याप्त पंचायत सचिव व राजस्व कर्मियों की पोस्टिंग कर दी जाएगी। इस आशय की जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ऋषभ राज के द्वारा प्रेस को दी गई।

समस्तीपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष के पिता के द्वादशा पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

● समाजसेवी राम सेवक राय के द्वादशा के अवसर पर दुधपुरा चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया

मंगलवार को देर शाम समस्तीपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविन्द राय के पिता और समाजसेवी राम सेवक राय के द्वादशा के अवसर पर दुधपुरा चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया गया। अध्यक्षता स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, संचालन समाजसेवी संजय कुमार बबलू तथा धन्यवाद ज्ञापन व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविन्द राय ने की। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि राम सेवक राय बेहद मिलनसार तथा गरीबों के मददगार थे। एक लोकप्रिय समाजसेवी के रूप राम सेवक बाबू सदैव याद आते रहेंगे। मौके पर पूर्व जिला पार्षद संजीव कुमार राय, पूर्व मुखिया अनिल कुमार गुप्ता, समाजसेवी संजय कुमार बबलू, जिला राजद महासचिव ललन यादव, राजद नेता सुरेश राय, अरुण कुशवाहा, जितेन्द्र कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष रंजीत राय, अधिवक्ता मो० शाहिद हुसैन, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, जिला राजद सचिव राकेश यादव, राजद नेता मनोज कुमार राय, रूहुल्लाह खान गुड्डू, पूर्व उप मुखिया विनोद राय, शिक्षक गंगा यादव तथा समाजसेवी रवि आनंद आदि मौजूद थे।

धूमधाम के साथ किया गया गणेश पूजा का आयोजन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुकेश कुमार, देवांशु राज, सुमित, अमित, सुरेश सहित दर्जनों गणमान्य लोग एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत नरहन में श्री श्री 108 गणेश पूजा समिति शहीद देवेंद्र नगर नरहन द्वारा धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि विधान के साथ गणेश पूजा का आयोजन किया गया।

जहां भक्तों ने सभी बाधाओं को हरकर कार्य पूरा करने वाले श्री गणेश की पूजा अर्चना की। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष प्रभु नारायण राय, सचिव दिलीप कुमार राय उर्फ पुलेन्दर राय, सदस्य कमलेश कुमार राय, राजीव रंजन, सागर राय, संजय राय, सुमन कुमार, संजीव कुमार साहेब, अंकित कुमार, रितेश कुमार, सुशील कुमार, सोनू कुमार,

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ गणेश उत्सव

● पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने किया विघ्नहर्ता का दर्शन

● वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित राम बिहारी झा उर्फ रामलाल झा के द्वारा पूरे विधान से भगवान गणेश जी का पूजन कराया गया।

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सिंघिया। भादो मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को बल बुद्धि के दाता विघ्नहर्ता गणेश की पूजा तथा मूर्ति की स्थापना की जाती है। तथा हिंदुओं समुदाय के द्वारा एक सप्ताह तक गणेश पूजा को गणेश उत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष हसनपुर बाजार के व्यापारी एवं युवा वर्ग द्वारा गणेश पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जाता रहा है। चतुर्थी तिथि को महावीर मंदिर परिसर में गणेश पूजा का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित राम बिहारी झा उर्फ रामलाल झा के द्वारा पूरे विधान से भगवान गणेश जी का पूजन कराया गया। गणेश उत्सव के अवसर पर मंदिर परिषद के बगल में व्यापारी वर्ग मेला लगाया गया, जिसका उद्घाटन हसनपुर जिला पार्षद क्षेत्र संख्या 48 के जिला पार्षद सुजीत कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर गणाधीश योद्धा के अध्यक्ष रितेश वत्स, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता कोषाध्यक्ष सत्य गुप्ता सचिव बब्लू सिंह, संदीप पाटिल, मुन्ना झा, विजय कुमार चौधरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

अपने आवंटित प्रखंड में पदाधिकारियों ने किया पंचायत की विभिन्न योजनाओं की जांच

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले में प्रखंड अंतर्गत पंचायत वार योजनाओं की जांच के आदेश के आलोक में 31 अगस्त को अपर समाहर्ता समस्तीपुर, उप विकास आयुक्त समस्तीपुर, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी समस्तीपुर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी समस्तीपुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समस्तीपुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी समस्तीपुर, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी द्वारा अपने-अपने आवंटित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जांच की गई। जांच के मुख्य बिंदु हर घर नल का जल योजना, घर तक पक्की गली नाली योजना, उच्चतर माध्यमिक प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय, सरकारी आवासीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केंद्र, लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकान, धान गेहूं दलहन अधिप्राप्ति केंद्र, ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं अनुश्रवण, मनरेगा योजना, ग्रामीण आवास योजना, पंचायत सरकार भवन, समाज कल्याण की पेंशन योजनाएं, भू-राजस्व एवं अन्य। इस आशय की जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ऋषभ राज के द्वारा प्रेस को दी गई।

सिंघिया पीएचसी में जन्म के कुछ देर बाद नवजात की मौत, डॉक्टर पर लगा लापरवाही का आरोप

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता

● प्राप्त जानकारी अनुसार प्रखंड क्षेत्र के विष्णुपुर डीहा पंचायत निवासी हीरा कुमार साफी अपनी गर्भवती पत्नी काजल कुमारी को प्रसूति के लिए बीती मध्य रात्रि के 2 बजे में सिंघिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट करवाया था। जिसके बाद मंगलवार की सुबह के 6:30 बजे काजल ने हंसते-खेलते पुत्र को जन्म दिया। जिसे देख पूरा परिवार खुश था, परंतु यह खुशी कुछ ही पल रह सकी। कुछ ही पलों के बाद बच्चा अचानक रोने लगा और बच्चे की मौत हो गई।

सिंघिया प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघिया में डॉक्टरों की लापरवाही देखने को मिली है। बताया जाता है कि डॉक्टर के लापरवाही के कारण एक नवजात बच्चे की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रखंड क्षेत्र के विष्णुपुर डीहा पंचायत निवासी हीरा कुमार साफी अपनी गर्भवती पत्नी काजल कुमारी को प्रसूति के लिए बीती मध्य रात्रि के 2 बजे में सिंघिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट करवाया था। जिसके बाद मंगलवार की सुबह के 6:30 बजे काजल ने हंसते-खेलते पुत्र को जन्म दिया। जिसे देख पूरा परिवार खुश था, परंतु यह खुशी कुछ ही पल रह सकी। कुछ ही पलों के बाद बच्चा अचानक रोने लगा और बच्चे की मौत हो गई। नवजात बच्चे की मौत पर बच्चे के पिता हीरा साफी का कहना है कि बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ जन्म लिया था, हमारे अलावे परिवार के सभी लोग काफी खुश थे। लेकिन कुछ ही पलों के बाद बच्चा अचानक रोने लगा रोने की बात परिजनों ने डॉक्टरों से बताई जिस पर उपस्थित डॉक्टर ने बच्चा अभी जन्म लिया है तो रोएगा ही कहते हुए जांच करने से इनकार कर दिया। घंटों बीत जाने के बाद बच्चे को रोता होता देख, परिजन फिर से डॉक्टर के पास पहुंचे और बच्चे को अब तक रोने की बात कही, उस दौरान डॉक्टर अपना मोबाइल चलाने में व्यस्त थे। डॉक्टर द्वारा जांच से इनकार करने के बाद देखते ही देखते कुछ ही पलों में नवजात शिशु में अपना दम तोड़ दिया। रोते बिलखते परिजनों ने इसकी शिकायत सिंघिया थाना को की, शिकायत थानाध्यक्ष द्वारा संज्ञान लेते हुए सिंघिया थाना के एसआई कुमार भुवन, उपेंद्र कुमार को जांच करने के लिए मौके पर भेजा। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघिया के चिकित्सा प्रभारी मोहम्मद एम अंसारी भी मौजूद रहे। सिंघिया थाना के पदाधिकारियों द्वारा डॉक्टर तथा मरीजों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों के द्वारा बरती गई लापरवाही से बच्चे की मौत की बातें कही, जिस पर चिकित्सा प्रभारी मोहम्मद एम अंसारी के द्वारा जांच टीम बैठाने की बात कहते हुए 3 दिनों की मोहलत मांगी गई, जिस पर मृतक नवजात शिशु के परिजन द्वारा चिकित्सा प्रभारी की बातों से असंतुष्ट होकर रोसडा.कोर्ट से एफआईआर दर्ज करने की बात कही है।

कार्यकताओं के दरबार में माननीय मंत्री श्रवण कुमार जी

● प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया 15 करोड़ मानव दिवस सृजित करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है।

पटना। जदयू प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को कार्यकर्ताओं के दरबार में माननीय मंत्री कार्यक्रम में माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार जी, माननीय मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार जी एवं माननीय लघु जल संसाधन मंत्री माननीय श्री जयंत राज जी सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कार्यकर्त्ताओं के दरबार में माननीय मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री माननीय श्रवण कुमार जी ने कहा कि मनरेगा के तहत इस वित्तीय वर्ष में 15 करोड़ मानव दिवस सृजित करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है। 12 करोड़ अतिरिक्त मानव दिवस का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है, केंद्र सरकार से आग्रह है कि इसे अविलम्ब स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि बिहार के मजदूरों को काम मिल सके। साथ ही सामग्री मद में अभी राशि नहीं मिली है उसे भी दिया जाए। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री जी आ रहे हैं, हमलोगों की संस्कृति अतिथि देवो भव की है, अतिथि हमारे लिए भगवान होते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिस दिन एनडीए को लात मार दिया, उसी दिन के बाद से भाजपा एकाएक प्रदेश की विधि व्यवस्था को चैपट बताने लगी है। इस तरह की छोटी और ओछी बात कर भाजपा जनता को सिर्फ गुमराह करने का काम कर रही है। जबकि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ प्रदेश में न्याय के साथ विकास और प्रगति का काम विगत 17 वर्षों से अनवरत चल रहा हैस मंहगाई और बेरोजगारी की बढ़ती समस्या के साथ ही आज संविधान खतरे में है, जो पूरे देश के सामने सबसे बड़ा सवाल है। भाजपा से अलग तमाम दलों के लोग मिलकर 2024 में केंद्र की सत्ता से भाजपा को उतारकर महागठबंधन के किसी नेता को प्रधानमन्त्री की कुर्सी पर बैठाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

प्लस टू उच्च विद्यालय जगरिया में विदाई सम्मान समारोह का हुआ समापन

चैनपुर (कैमूर)। प्रखंड क्षेत्र के इंद्रासन पर योजना प्लस टू उच्च विद्यालय जगरिया में विदाई सम्मान समारोह का हुआ समापन इसकी अध्यक्षत जगदीश प्रसाद सिंह ने की वही संचालन दिनेश कुमार के द्वारा किया गया विदाई समारोह में विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवपूजन गोंड को विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा साल कपड़े डायरी कलम गीता तथा अन्य सामग्री के साथ किया गया मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर विधानसभा के विधायक सह बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान भी मौजूद रहे इस मौके पर विद्यालय के छात्रों ने पुष्प वर्षा के तथा संगीत के माध्यम से लोगों का मन मोह ली मंत्री जमा खान ने अपने संबोधन में कहे कि विद्यालय में जो भी कमी है या विद्यालय में किसी भी चीज की जरूरत है तो विद्यालय के शिक्षकों को बिना हिचकिचाहट बताने की जरूरत है हर कार्य हम करने के लिए तैयार है।

डिग्री महाविद्यालय के वित्त रहित शिक्षकों ने अपनी बुनियादी मांगों को लेकर बैठक किया

भभुआ। भूपेश गुप्त डिग्री महाविद्यालय के वित्त रहित शिक्षकों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक आजाद नगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक प्रतिनिधि डॉ वीरेंद्र सिंह भूपेश गुप्त डिग्री महाविद्यालय ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद वित्त रहित शिक्षकों की आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। बिहार सरकार वित्त रहित शिक्षकों के प्रति ध्यान नहीं देती है तो हमारे बच्चे परिवार के मानसिक रूप से शोषण का शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक रूप से ड्यूटी करना पड़ता है फिर भी हमारे साथ राज सरकार दोहरी नीति अपना रही हैं। बैठक में प्रोफेसर डॉक्टर जंग बहादुर सिंह, धनपत सिंह, राम राज सिंह, बाबूलाल राम, मनोज कुमार आलोक, आदि लोगों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में बिहार सरकार के आठवीं बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बनने एवं दूसरी बार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को बधाई दिया है। आशंका व्यक्त किया है कि दोनों महापुरुषों के माध्यम से वित्त रहित शिक्षकों के लिए हक मिलेगा।

वार्ड सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

वंशी। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड सभागार में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापनेडीपीआरसी ट्रेनर मनोज कुमार ने बताया कि दिन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 4 पंचायत का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सोनभद्र पंचायत माली पंचायत बलौरा पंचायत खटांगि पंचायत पंचायत शामिल है यह सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज विभाग से आने वाली जो भी योजनाएं हैं उसे विस्तार रूप से बताने का काम कियो उन्होंने यह भी बताया कि अपने वार्ड के अंदर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना है और अपने जनता से कभी भी दुर्व्यवहार या गलत शब्द का उच्चारण नहीं करना है इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई पदाधिकारी उपस्थित थे नोडल पदाधिकारी सुरेंद्र चौधरी गुलाम सरवर ट्रेनर आलम खली ली सुधांशु कुमार निक्की कुमारी संजीत कुमार सोनी कुमारी और उमेश प्रसाद बड़ा बाबू रवि शंकर कार्यपालक विकास कुमार पवन कुमार उपस्थित रहे।

नाबालिग लड़की की शादी रुकी रहिका थाना क्षेत्र के खजूरी गांव की घटना

रहिका/मधुबनी। नाबालिग का निकाह रुका समिति के अध्यक्ष बिन्दु भूषण ठाकुर सदस्य मंटू कुमार आलिया खुर्शीद ने परिजनों और जनप्रतिनिधियों से बॉन्ड बनाकर बालिका को परिजनों के हवाले कर दिया। अल्पसंख्यक नाबालिग लड़की की शादी रुकी, रहिका थाना क्षेत्र के खजूरी गांव की घटना। चाइल्ड लाइन ने प्रशासन के सहयोग से लड़की को बाल कल्याण समिति कार्यालय पहुंचाया। समिति के अध्यक्ष बिन्दु भूषण ठाकुर सदस्य मंटू कुमार आलिया खुर्शीद ने परिजनों और जनप्रतिनिधियों से बॉन्ड बनाकर बालिका को परिजनों के हवाले कर दिया। माता पिता और परिजनो ने उम्र 18 पूरा होने पर ही शादी करने का बॉन्ड भरा। चाइल्ड लाइन के 1098 पर बाल विवाह की सूचना मिली। चाइल्ड लाइन टीम ने सदर एसडीओ को मामले के बारे में जानकारी दिया। एसडीओ अश्वनी कुमार ने त्वरित कार्रवाई की और समय पर शादी को रुकवाया। आज ही दिन में होनी थी शादी बारात भी पहुंच चुकी थी। चाइल्ड लाइन के सन्नी कुमार गीतांजलि कुमारी सहित नगर थाना ने सक्रीय भूमिका निभाई।

जिला पदाधिकारी सौरव जोरवाल एवं सहायक समाहर्ता शुभम कुमार ने की निबंधन कार्यालय का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। आज जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं सहायक समाहर्ता शुभम कुमार द्वारा जिला निबंधन कार्यालय औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निबंधन कार्यालय पहुँच कर सर्व प्रथम जिला पदाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों से बातचीत की और किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में पूछा।

पिछले निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा नागरिकों के लिए शेड और पंखा लगाने का निर्देश दिया गया था। जिला अवर निबंधक द्वारा बताया गया कि उक्त आदेश का अनुपालन हो गया है। कार्यालय के काउंटर के सम्पूर्ण भाग में स्कोर की राशि से शेड का निर्माण कर दिया गया और पंखा इत्यादि की भी व्यवस्था कर दी गई है। कार्यालय के बाहर के मार्ग की भी मरम्मती करवा दी गई है।

सेल्स टैक्स के कार्यालय से नाली एक और निकलती है जिससे जलजमाव होता है, जिसकी मरम्मती भी शीघ्र करवा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त आगंतुकों के लिए पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया था, जिसका अनुपालन कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा नागरिकों से बातचीत की गई और उनसे कार्यालय के आसपास किसी प्रकार की समस्या होने अथवा किसी व्यक्ति द्वारा परेशान किए जाने के बारे में पूछा गया। सभी नागरिकों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत से इंकार किया गया। जिला अवर निबंधक द्वारा बताया गया कि इस कार्यालय में एक अवर निबंधक के अलावा एक कार्यालय अधीक्षक, एक प्रधान लिपिक, एक निम्न वर्गीय लिपिक एवं तीन कार्यालय परिचारी कार्यरत हैं। कार्यालय में दस्तावेजों का निबंधन कंप्यूटराइज्ड पद्धति(स्कोर) द्वारा किया जाता है जिसके लिए 7 कंप्यूटर ऑपरेटर एवं चार कार्यपालक सहायक कार्यरत हैं। किसी भी अनावश्यक व्यक्ति को कार्यालय में प्रवेश की अनुमति नही रहती है तथा लंबित वादों कि प्रतिदिन समीक्षा अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा भी की जाती है।

जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यालय प्रधान एवं कार्यालय कर्मियों की उपस्थिति के बारे में पूछताछ की गई तथा सहायक समाहर्ता को प्रत्येक काउंटर एवं अभिलेखागार का निरीक्षण करने के लिए कहा गया। जिसके आलोक में सहायक समाहर्ता द्वारा कार्यालय परिसर, कंप्यूटर कक्ष, अभिलेखागार, निबंधन की प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरा इत्यादि का निरीक्षण किया गया। अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में तैयार दस्तावेज वितरण हेतु लंबित नही रहने चाहिए। इस संबंध में किसी भी शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लिया जायेगा। सभी लंबित दस्तवेजो को यथाशीघ्र डिलीवरी कराने एवं प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी के द्वारा पंचायत स्तरीय विभिन्न योजनाओं का किया गया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी, श्री सौरभ जोरवाल द्वारा दाउदनगर प्रखंड के कर्मा पंचायत में पंचायत स्तरीय विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम इस पंचायत के पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया। इस भवन में पंचायत प्रतिनिधियों एवं जन प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इसके अलावा जिला पदाधिकारी द्वारा आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया गया। इस पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 22 के निरीक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, दाउद नगर को आंगनबाड़ी केन्द्र में मरम्मती कराने हेतु निर्देशित किया गया। नल जल एवं नली गली निर्माण योजना की जांच के दौरान इस पंचायत के वार्ड संख्या 06 में नल जल से पानी की आपूर्ति नहीं होने एवं नाली नहीं होने के कारण जल जमाव की समस्या के निराकरण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी योगेंद्र पासवान को निर्देश दिया गया।

मौके पर प्रशिक्षु आईएएस सह सहायक समाहर्ता शुभम कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर योगेंद्र पासवान, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दाउदनगर, राजस्व कर्मचारी, तकनीकी सहायक, पंचायत रोजगार सेवक एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

अरवल मे रग्बी फुटबॉल क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के कई मंत्री होंगे शामिल: राम अयोध्या

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में रग्बी फुटबॉल क्लब के द्वारा किया जाएगा अजीत कार्यक्रमे उक्त बातें की अरवल रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम अयोध्या सिंह उर्फ पुटू कुशवाहा जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अरवल के गांधी मैदान में रग्बी फुटबॉल क्लब के द्वारा 9 से 12 सितंबर तक आयोजित कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह किया जाएगो इसी को लेकर अरवल रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राम अयोध्या सिंह उर्फ पुटु कुशवाहा ने बिहार सरकार के कई मंत्री से मिलकर इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दियो आगे उन्होंने कहा कि इस आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार,राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, खेल मंत्री जितेंद्र कुमार राय,जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को आमंत्रित किया।

भाजपा नेताओं का बयान उनके चारित्रिक पतन का निशानी

पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भाजपा नेताओं द्वारा दिये जा रहे बयान को उनके चारित्रिक पतन का निशानी करार दिया है। भाजपा नेताओं द्वारा जिस प्रकार मुख्यमंत्री जी को टारगेट कर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है वह संवैधानिक और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के खिलाफ है। राजनीति में बिरोध का भी एक मयार्दा होता है। जो भाजपा पुरा की पुरा दो नेताओं का आदेशपाल बना हुआ है उस भाजपा के नेताओं को आदेशपाल शब्द से लगाव होना स्वाभाविक है। मंत्रियों के बीच विभाग का आवंटन मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है यदि इसकी जानकारी भी लम्बे समय तक संसदीय राजनीति से जुड़े भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल जी को नहीं है तो यह भाजपा जैसे पार्टी के लिए दुर्भाग्य की बात है।

गणेश चतुर्थी पर्व पर धार्मिक एकता हिंदू भाइयों के साथ में मुस्लिम भाईयों ने गणपति मंदिर के समिति और पुजारी को किया

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। पैगाम ए इंसानियत के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने कहा कि शहर हमेशा गणेश चतुर्थी और औरंगाबाद शहर हिंदू मुस्लिम एकता के लिए प्रसिद्ध है। इस शहर में गणेश चतुर्थी का मुसलमान भी मिलजुल कर प्रतिमा का शोभायात्रा में फूलों की बारिश करते हैं। मुस्लिम एकता की बेहतरीन मिसाल इस बार शहर में देखने को मिल रही है। हिंदू मुस्लिम में मिलकर गणेश पूजा हमेशा मनाते हैं। आज से गणेश चतुर्थी का पर्व शुभारंभ हुआ, जो 9 सितंबर तक मनाया जाएगा। सल्लू खान ने कहा कि हिंदू मुस्लिम और ईसाई सभी हैं। भाई हम यहां एक साथ रहना है और एक दूसरे का सहारा है। जब देश के अन्य हिस्से में भाईचारा का माहौल स्थापित होगा, तभी देश का विकास होगा। कहा कि हम यहां आपस में प्यार फैलाने आए हैं। समाज में व्याप्त नफरत को दूर करना चाहते हैं। कहा कि धर्म आपकी दुश्मनी नहीं सिखाती है। हिंदी हैं हम वतन है हिंदुस्तान हमारा जिसके अच्छा उदाहरण जिला औरंगाबाद में देखने को मिल रहा है। उहोंने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने को अपील भी किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिंदू भाइयों को गुलाब का फूल देखकर देकर पर्व की बधाई दिया गया। जिसका नेतृत्व अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने किया। इस दौरान दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहे। इस दौरान हिंदू-मुस्लिम जिंदाबाद का नारा लगाए। लोगों ने इसे सराहा। कहा कि इस्लाम में दहशत फैलाने के अलावा दूसरे पर अत्याचार करने का इजाजत नहीं दिया गया है। इस मौके पर मो. मुस्ताक अन्ना खान, मो. नसीम छोटे खान, मो. बेलाल, जोगिंदर कुमार, राजेश कुमार, बिट्टू कुमार, वीरेंद्र कुमार, अजय कुमार मेहता, अनिल कुमार, सोनू कुमार, मोहम्मद बंटी, कैफ खान, मोहम्मद अनवर सहित उपस्थित रहे।

सीयूएसबी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र - छात्राओं ने दिखाया दम

प्रात : किरण संवाददाता

गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रों तथा छात्राओं ने बेहतरीन हुनर का प्रदर्शन किया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि माननीय कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में कार्यक्रम को आयोजन किया गया। कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम के उद्घाटन के साथ खेल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई।

कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह ने अपने सैन्य जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि व्यक्तित्व के विकास के लिए मानसिक और शारीरिक क्षमता का संतुलित विकास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल के द्वारा ही मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास होता है इससे स्वास्थ्य लाभ मिलता है और मन प्रसन्न भी होता है कार्यक्रम के अंतर्गत बास्केटबाल, वॉलीबॉल, ऊँची कूद प्रतियोगिता, स्लो साइकिल रेस, थ्रो बॉल, कबड्डी आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस खेल प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी दर्शक के रूप में उपस्थित थे खेल के दौरान मिल्खा सिंह स्टेडियम में उत्सव का माहौल था। उद्घाटन कार्यक्रम के पाश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शुरू हुई छात्र वर्ग के कबड्डी खेल का शुभारंभ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्लू) प्रो. पवन कुमार मिश्र के द्वारा किया गया जिसमेंटीम अर्जुन विजयी हुई। छात्राओं के कबड्डी खेल का शुभारंभ प्रो. किरण कुमारी ने किया जिसमें आँचल आकांक्षा की टीम विजयी हुई। वॉलीबॉल खेल का शुभारंभ पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया जिसमें बिनायक दास एंड टीम विजयी रही। वॉलीबॉल खेल का कुशल संयोजन डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं डॉ. जे. पी. सिंह के द्वारा किया गया।

छात्र बास्केटबाल खेल का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. उमेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया जिसमें मनीष कुमार एंड टीम विजयी रही छात्राओं के बास्केटबाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रो. कौशल किशोर के द्वारा किया गया जिसमें सौदामिनी एंड टीम विजयी रही। व्यक्तिगत श्रेणी में ऊँची कूद (हाई जम्प) एवं स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया। ऊँची कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रो. ब्रजेश कुमार के द्वारा किया गया जिसमें बीए एल.एल. बी. सातवें सत्र के छात्र मिश्रा अंशल कश्यप ने प्रथम स्थान, बी. ए. एल.एल. बी. नौवें सत्र के छात्र रोहित कुमार ने द्वितीय स्थान एवं बी. ए.एल.एल. बी. तीसरे सत्र के छात्र रोहित शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत श्रेणी मे स्लो साइकिल रेस का शुभारंभ विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक रश्मि त्रिपाठी के द्वारा किया गया जिसमें बी. ए. एल.एल. बी. नौवें सत्र के छात्र सूरज कुमार सिंह ने प्रथम स्थान, एमएससी भौतिक के तीसरे सत्र के छात्र नरेंद्र शाह ने द्वितीय स्थान एवं बीएबीएड तीसरे सत्र के छात्र अनुराग ने तृतीय स्थान हासिल किया।

डीएवी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

जहानाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य केके पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में पैनल अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक साक्षरता क्लब के उद्देश्य और कार्यो की जानकारी दी। प्राचार्य केके पांडेय ने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। लोकतांत्रिक समाज के उत्तरदायी नागरिक तैयार करने के लिए उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने की अति आवश्यकता है। बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत के संविधान और कानूनों में उन्हें कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं और उनके हितों का संरक्षण प्रदान किया गया है। जिसकी जानकारी विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से दी जाती है। ६

अंकिता के दोषी शाहरुख हुसैन पर स्पीड ट्रायल चलाकर कड़ी सजा देने की मांग की: सत्येंद्र रंजन

अरवल । झारखंड के दुमका मे अंकिता सिंह को पेट्रोल से जलाकर मार डालने पर अरवल लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन ने कहा की घटना मानवता शर्मसार करने वाली है, आगे उन्होंने बताया कि अपने घर मे सोई हुई हालात में खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, आग लगने के उपरांत परिजनों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए फूलो झानो मेडिकल अस्पताल ले गए, लेकिन अंकिता सिंह को गम्भीर अवस्था मे देखकर डियूटी पर तैनात डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया, रिम्स अस्पताल में ईलाज के दौरान पांचवे दिन अंकिता सिंह को तड़प तड़प कर मौत हो गई, इस घटना में अंकिता सिंह को निर्मम और दर्दनाक मौत पर अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने घोर निंदा करते हुए कहा कि शाहरुख हुसैन के द्वारा अंकिता सिंह पर पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर निर्मम एवं दर्दनाक मौत की घटना अत्यंत दुःखद और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है ,इसकी जितनी भी निंदा किया जाय वह कम होगा , उन्होंने कहा कि इस निर्मम एवं दर्दनाक मौत की घटना में संलिप्त शाहरुख हुसैन पर विशेष न्यायालय गठित कर स्पीडी ट्रायल चलाकर शीघ्र से शीघ्र कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय ताकि भविष्य में इस तरह की घटना करने की पुनरावृत्ति की हिम्मत नहीं हो।

अंकिता कुमारी का निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाला विरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में झारखंड की बेटी अंकिता सिंह की निर्मम हत्या के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन कर शहर के एकता चौक पर आगजनी किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अमित कुमार ट्विंकल एवं बजरंग दल के जिला सह संयोजक प्रिंस सिंहजी के द्वारा किया गया है।

प्रदर्शन में शामिल लोग अंकिता को न्याय दो, अंकिता के हत्यारे को फांसी दो, लव जिहाद पर रोक लगाओ, इत्यादि नारे लगा रहे थे। विदित हो कि झारखंड के दुमका की रहने वाली अंकिता सिंह को उनके पड़ोसी शाहरुख एवं छोटू खान ने जलाकर अंकिता के घर में मार डाला था। इस तरह की घटनाएं लगातार जिहादी मानसिकता के लोग कर रहे हैं। उन पर रोक लगाने की जरूरत है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मांग करता है कि हत्यारों को फास्ट ट्रेक कोर्ट में तत्काल सुनवाई करा फांसी दिया जाए तथा लव जिहाद में शामिल लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भभुआ चकबंदी रोड में कोचिंग जा रही छात्राओं को सुरक्षा भी दिया जाए। वहीं इस कार्यक्रम में दिनेश कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, संतोष खरवार, भुवनेश्वर कुमार, मनोज जायसवाल, महेश खरवार, अनिल गौड़, अभय शुभम, ओम प्रकाश गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव आलोक श्रीवास्तव, आदर्श कुमार राहुल कुमार गुप्ता विनोद बुद्धू पटेल मोनू देवेंद्र उपाध्याय सोनू यादव अरविंद यादव उपस्थित रहे।

मधुबनी जिला के मनोहरपुर गांव में गणेश पूजनोत्सव को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

हरलाखी/मधुबनी। पवित्र जल भरकर वापस पूजा स्थल पर पहुंची जहां पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सभी कलश को स्थापित कराया गया। गणेश पूजनोत्सव पर हरलाखी प्रखंड के मनोहरपुर, फुलहर, पिपरौन समेत अन्य कई गांवों में कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसी कड़ी में मनोहरपुर गांव के 151 कन्याओं के द्वारा बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। सभी कलश यात्री गांव का भ्रमण कर मनोकामना महादेव मंदिर होते हुए फुलहर बाघतराग पहुंची जहां तालाब से पवित्र जल भरकर वापस पूजा स्थल पर पहुंची जहां पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सभी कलश को स्थापित कराया गया। मोके पर अध्यक्ष वैधनाथ मुखिया सचिव फेकन मुखिया कोषाध्यक्ष गणेश मंडल कमिटी प्रभारी मिथिलेश मुखिया पूर्व कोषाध्यक्ष किशोरी मंडल पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र मुखिया जिवछ मंडल शंकर मुखिया जंग बहादुर मुखिया समेत ग्रामीण श्रदालुओं ने कलश यात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इधर गणेश पूजनोत्सव को लेकर पूरे प्रखंड का माहौल भक्तिमय है।

स्वर्गीय मुखिया लालदेव सिंह के प्रतिमा का स्थानीय विधायक ने किया अनावरण

उनके द्वारा किए गए कार्य ऐतिहासिक कभी भुलाया नहीं जा सकता है

वंशी,संवाददाता

वंशी प्रखंड क्षेत्र के दनियाला गांव में अनुआँ पंचायत के मुखिया स्वर्गीय लालदेव सिंह के प्रतिमा का स्थानीय विधायक बागी कुमार वर्मा के द्वारा किया गया अनावरण इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, अरवल विधायक महानंद सिंह, जहानाबाद विधायक सुदय यादव, गया जहानाबाद अरवल एमएलसी नगेंद्र कुमार उर्फ रिंकू, राजद वंशी प्रखंड अध्यक्ष महाराणा सिंह यादव, अनुवा पंचायत के मुखिया मनोज यादव एवं राजद के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे इस दौरान स्थानीय विधायक ने कहा कि स्वर्गीय पूर्व मुखिया लालदेव सिंह ने जो जमीन देकर इस इलाके में उच्च विद्यालय दनियाला अपने जमीन में बनाने का काम किया इससे इलाके का बच्चे एवं बच्चियों के पढ़ने का मौका मिलो विधायक सुदय यादव ने कहा कि स्वर्गीय लालदेव सिंह बराबर समाज सेवा करते रहें साथी कार्यशैली से लोग खुशहाल रहते उनके जीवन समाज सेवा में ही व्यर्थ हुआ है अरवल विधायक महानंद सिंह ने कहा कि काफी संघर्षशील व्यक्ति थे लालदेव सिंह यह उन्हीं का देन है कि दनियाला गांव में एक विद्या का मंदिर बना है।

वही स्थानीय मुखिया ने कहा कि विद्यालय के छात्र छात्राओं के पढ़ने के लिए मेरा हर संभव सहयोग रहेगो उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपनी बातों के रखा और कहा कि स्वर्गीय लालदेव सिंह के द्वारा किए गए कार्य कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

डीएम ने जमनगंज पंचायत में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लिया जायजा

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत जमनगंज पंचायत के मनियार विगहा गांव का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम वार्ड नंबर तीन में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जिसका संचालन सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। आज आंगनवाड़ी केंद्र बंद पाया गया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र संचालित किया जाता है, नियमित रूप से पोषाहार दिया जाता है। निरीक्षण के पाया गया कि मनियार विगहा में नल जल लगाया गया है, परन्तु पानी निकासी की समस्या आ रही है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को जगह-जगह पर सामुदायिक सोख्ता बनवाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अन्य पेंशन तथा राशन नहीं दिया जा रहा है, जिसके लिए पंचायत सेवक को निदेश दिया गया कि सर्वेक्षण करें और जिस पात्र लाभुक को सामाजिक सुरक्षा पेंशन अथवा राशन नहीं मिल रहा है, उनका नाम जोड़ कर अविलंब लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में पाया गया कि कृषि फीटर 11 हैं। सभी संचालित पाया गया तथा राजकीय नलकूप एक भी नहीं है। लगभग साठ प्रतिशत धान की रोपनी की गई है।

नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रसाशन ने कसी कमर चुनावी तैयारियों के मध्येनजर पदाधिकारीयों ने किया स्थल निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर जिले में तैयारिया तेज हो गई है । नगर निकाय के चुनाव को लेकर जिला प्रसाशन ने अपनी कमर कस ली है। आज एफएलसी, ईवीएम कमीशनिंग, मतगणना कक्ष, वज्रगृह निर्माण इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में स्थल का चयन करने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।औरंगाबाद जिले में आगामी नगर निकायों के चुनाव के मद्देनजर वरीय प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मंजू प्रसाद, कोषागार पदाधिकारी अभय कुमार, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग कृष्णा कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग राकेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय एवं सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर इन पदाधिकारियो द्वारा एफएलसी, ईवीएम कमीशनिंग, मतगणना कक्ष, वज्रगृह निर्माण इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में स्थल का चयन करने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया ।

बताते चलें कि आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर औरंगाबाद जिले के कुल 5 नगर निकायों में तीन पदों के लिए यथा वार्ड पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं मुख्य पार्षद का चुनाव होना है। जिसके लिए चुनाव आयोग द्वारा नालंदा एवं जहानाबाद जिले से ईवीएम मशीन भेजा जा रहा है । जिसके तहत 967 बैलट यूनिट एवं 1013 कंट्रोल यूनिट प्राप्त किया जाना है। ईवीएम मशीन प्राप्त होने के पश्चात बीईएल के अभियंताओं की मदद से शीघ्र ही फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जातीय गणना के सफल संचालन हेतु वर्चुअल माध्यम से बैठक कर कई निर्देश भी दिए

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। पंचायत वर्तमान में नगर निगम में शामिल किए गए हैं ।वहां नगर निगम, मधुबनी के स्तर से जातीय गणना का संचालन किया जाएगा। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले में संचालित होने वाली जातीय गणना के सफल संचालन हेतु मंगलवार शाम जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से बैठक कर कई निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी पंचायतों के सभी वार्डों को सात सौ की जनसंख्या को इकाई मानते हुए चिन्हित किया जाए। जिन पंचायतों में 2011 की जनगणना के आधार पर सात सौ से अधिक जनसंख्या हो उसे उस पंचायत की क्रम संख्या में (क) के रूप में चिन्हित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अचूक रूप से बुधवार को अपने अधीनस्थ पंचायतों की संख्या के बटवारे का क्रमवार ब्योरा नजरी नक्शा सहित जिला को समर्पित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो पंचायत वर्तमान में नगर निगम में शामिल किए गए हैं।

सम्पादकीय

कांग्रेस अध्यक्ष पर असमंजस

गांधी परिवार की अनुपस्थिति में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक करनी पड़ी। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी विदेश से ही ऑनलाइन जुड़ी हुई थीं। वह अस्वस्थ हैं और जांच के लिए विदेश में हैं। राहुल और प्रियंका भी विदेश में हैं, लिहाजा ऑनलाइन जुडे की औपचारिकता निभाई गई। कमोबेश गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे ने कांग्रेस को बाध्य कर दिया कि पार्टी अध्यक्ष के चुनाव का रोडमैप घोषित करना पड़ा। कांग्रेस अध्यक्ष कौन होगा या किसे उम्मीदवार तय किया जाएगा अथवा कोई बलि का बकरा चुन लिया जाएगा, कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णायक संस्था अभी फैसला नहीं कर पाई है। फिलहाल विकल्पों पर ही माथापच्ची की जा रही है।

पार्टी के बड़े नेता सार्वजनिक रूप से आग्रह कर रहे हैं कि राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष का दायित्व संभाल लें। दरअसल राहुल आज भी आलाकमान हैं। सभी अहम फैसले, परदे के पीछे, राहुल और कभी-कभार प्रियंका गांधी भी ले रहे हैं। उन पर सोनिया गांधी की मुहर छाप दी जाती है। यदि राहुल गांधी राज्यसभा सदस्यों तक का भी चयन कर रहे हैं, पंजाब का मुख्यमंत्री भी उन्होंने ही तय किया था, पार्टी संगठन में बदलाव उन्हीं के मुताबिक किए जाते रहे हैं, तो उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष बनने में दिक्कत क्या है? 7 सितंबर से कांग्रेस भारत जोड़ो का अभियान भी राहुल के नेतृत्व में ही शुरू करने जा रही है। संसद से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों के नेता भी राहुल ही होते हैं।

वह कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभालने से हिचक रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी की तुलना में उनका राजनीतिक कद बहुत छोटा है। देश भर में उनकी स्वीकार्यता बहुत क्षीण है। यह विभिन्न सर्वेक्षणों से भी स्पष्ट है। कांग्रेस बेहद गंभीर संकट के दौर में है। बड़े नेता उसे छोड़ कर लगातार जा रहे हैं। अधिकतर भाजपा में शामिल हुए हैं। देश की आजादी के बाद डॉ. राममनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण आदि समाजवादी नेताओं के अलग होने से जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह इंदिरा गांधी के दौर में व्यापक हुआ और कामराज, निजलिंगप्पा, मोरारजी देसाई सरीखे ताकतवर नेता पार्टी छोड़ गए। कांग्रेस का लगभग दोफाड़ हो गया था। वहां से ममता बनर्जी, शरद पवार, कैप्टन अमरिन्दर सिंह, जगनमोहन रेड्डी, नारायण राणे, हिमंत बिस्व सरमा, ज्योतिरादित्य सिंधिया और गुलाम नबी आजाद तक कांग्रेस को अलविदा कहने वालों की सूची लंबी है। फिर भी कांग्रेस का अस्तित्व कायम है, लेकिन पार्टी अध्यक्ष को लेकर आज भी असमंजस और आग्रह बरकरार हैं। कांग्रेस में एक तबका आज भी ऐसा है, जो राहुल गांधी को बचकाना और अपरिपक्व नेता मानते हैं। उनके आकलन हैं कि यदि राहुल ही कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए, तो पार्टी का रसातल में जाना तय है, लिहाजा कार्यसमिति की बैठक में इस बिंदु पर भी विमर्श किया गया कि सोनिया गांधी को ही पांच सालों के लिए अध्यक्ष चुन लिया जाए।

उनके साथ दो कार्यकारी अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष भी चुने जाएं। एक उत्तर की हिंदी पट्टी से हो और दूसरा नेता दक्षिण भारत से लिया जाए। सवाल ये भी हैं कि जो 9000 के करीब मतदाता कांग्रेस अध्यक्ष को चुनने के लिए वोट देंगे, उनकी मतदाता-सूची कहां है? वे कौन नेता हैं? इन सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया है। कांग्रेस छोडें वालों का सिलसिला अभी थमा नहीं है। हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा जनाधार वाले नेता हैं। यदि राज्य में चुनाव से ऐन पहले उनके नेताओं को टिकट नहीं दिए गए अथवा राजनीति उनके मुताबिक नहीं चली, तो वह भी अलग हो सकते हैं। वह लगातार इस पहलू पर मंथन कर रहे हैं। राजस्थान में सचिन पायलट गुट का असंतोष समाप्त नहीं हुआ है। 2023 में वहां भी चुनाव हैं। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का गुट भी खुश नहीं है। वहां भी 2023 में चुनाव हैं। ये ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस की बिसात पलट सकते हैं।

पार्टी में चिंता और सरोकार के ये भी मुद्दे होने चाहिए, क्योंकि कांग्रेस में अब जितने भी अलगाव होंगे, भाजपा उन नेताओं को लपकने को तैयार बैठी है, क्योंकि उसका लक्ष्य कांग्रेस-मुक्त भारत का है। यह विडंबना है कि बीते तीन साल से ज्यादा समय से कांग्रेस का अध्यक्ष अंतरिम है और मुकाबले पर प्रधानमंत्री मोदी जैसा राष्ट्रीय नेता है और भाजपा जैसी सबसे बड़े काडर वाली पार्टी है।

और अब बड़ी चुनौती बना तिरंगे का सम्मान

तिरंगा यात्रायें तो अभी भी कहीं न कहीं निकाली जा रही हैं। चूँकि स्वयं प्रधानमंत्री ने घर घर तिरंगा फहराने की अपील की थी इसलिये सरकार के लगभग सभी मंत्रालय व राज्य सरकारें इस अभियान में सक्रिय रहीं। घर घर तिरंगा अभियान के दौरान तमाम तरह की बातें, अंतर्विरोध, प्रवचन, सुनने को भी मिले। जहां सत्ताधारियों द्वारा इस अभियान में शिरकत करने को ही राष्ट्रभक्ति का पैमाना बताया गया वहीं अतीत में तिरंगे की स्वीकार्यता व अस्वीकार्यता से जुड़े कई गड़े मुर्दे भी उखाड़े गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो तिरंगे का गुणगान करते हुये कहा कि-भारत के तिरंगे में केवल तीन रंग नहीं हैं, बल्कि हमारा तिरंगा हमारे अतीत के गौरव, वर्तमान के लिए हमारी प्रतिबद्धता और भविष्य के हमारे सपनों का प्रतिबिंब है। हमारा तिरंगा भारत की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है। पिछले दिनों सूरत में एक तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुये

निर्मल रानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विगत 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी स्तर पर घर घर तिरंगा फहराने का एक व्यापक अभियान चलाया गया। तिरंगा यात्रायें तो अभी भी कहीं न कहीं निकाली जा रही हैं। चूँकि स्वयं प्रधानमंत्री ने घर घर तिरंगा फहराने की अपील की थी इसलिये सरकार के लगभग सभी मंत्रालय व राज्य सरकारें इस अभियान में सक्रिय रहीं। घर घर तिरंगा अभियान के दौरान तमाम तरह की बातें, अंतर्विरोध, प्रवचन, सुनने को भी मिले। जहां सत्ताधारियों द्वारा इस अभियान में शिरकत करने को ही राष्ट्रभक्ति का पैमाना बताया गया वहीं अतीत में तिरंगे की स्वीकार्यता व अस्वीकार्यता से जुड़े कई गड़े मुर्दे भी उखाड़े गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो तिरंगे का गुणगान करते हुये कहा कि-भारत के तिरंगे में केवल तीन रंग नहीं हैं, बल्कि हमारा तिरंगा हमारे अतीत के गौरव, वर्तमान के लिए हमारी प्रतिबद्धता और भविष्य के हमारे सपनों का प्रतिबिंब है। हमारा तिरंगा भारत की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है। पिछले दिनों सूरत में एक तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने तिरंगे में देश का भविष्य व उसके सपने देखे थे और उन्होंने इसे कभी किसी भी तरह झुकने नहीं दिया।

परन्तु तिरंगे की इतनी महत्ता बताने के बावजूद घर घर तिरंगा अभियान के किसी झंडाबरदार के मुंह से इसे फहराने के साथ साथ इसके मान सम्मान व इसकी संहिता के बारे में प्रवचन देते नहीं सुना गया। किसी को यह कहते नहीं सुना गया कि तिरंगा खादी के कपड़े का ही होना चाहिये, गुजराती सिल्क या चाइनीज पॉलिस्टर का नहीं। किसी ने यह नहीं बताया कि इन राष्ट्रीय ध्वज को कब और किस प्रकार से ससम्मान उतारना भी है। केवल इसके सम्मान से जुड़े भावनात्मक किस्से जरूर सुनाये गये। यह विवाद जरूर सामने आये कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय किस विचारधारा के लोगों ने तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। और वही लोग आज इसे न केवल स्वीकार करते दिखाई दिये बल्कि इसी राष्ट्रीय तिरंगे झण्डे के समक्ष नत मस्तक होते भी दिखाई दिये। परन्तु अफसोस तो यह कि न तो स्वयं को तिरंगे का उत्तराधिकारी बताने वालों ने तिरंगे की संहिता पर कोई चर्चा की और तिरंगे के नये नवेले संरक्षकों से तो खैर इसकी उम्मीद ही क्या करनी? यहां तक कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने जिन्होंने अपने कर्मचारियों के घरों पर झंडा फहराने से लेकर आसपास के घरों में भी झंडारोहण करने हेतु लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिये थे उन्होंने भी इन झण्डों को ससम्मान उतारने, इसे सहेज कर रखने व इसे क्षतिग्रस्त होने से बचाने संबंधी कोई निर्देश नहीं दिया।

राष्ट्र प्रेम में सराबोर भारतवासियों के घरों पर फहरा रहे यह तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज अब क्षतिग्रस्त होने लगे हैं। उनका इतना दुरुपयोग हो रहा है जिन्हें शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। कोई कमर में गमछे की तरह लपेटे घूम रहा है तो कोई अपने बैठने का आसन बनाये हुये है। कोई पोछे की तरह इस्तेमाल कर रहा है तो कोई रूमाल की तरह इस्तेमाल कर अपने मुंह का पसीना पोछता नजर आ रहा है।

हद तो यह है कि बड़ी संख्या में तिरंगे कूड़े के ढेर में पड़े नजर आने लगे हैं। वैसे तिरंगे के सम्मान की एक बानगी तो उसी समय सामने आई थी जब हरियाणा के करनाल में नगरपालिका की कूड़ा उठाने वाली एक गाड़ी पर एक सफाई कर्मचारी बहुत सारे तिरंगे झंडे इकट्ठे रखकर झण्डे बांटता दिखाई दिया था। अभी भी आये दिन मीडिया के माध्यम से तिरंगे के अपमान से जुड़ी अनेक खबरें कहीं न कहीं से आती रहती हैं। उल्टे सीधे झण्डे की तमीज न कर पाना यानी केसरिया पट्टी ऊपर होगी या हरी, यह तो आम बात है। इसी तिरंगा अभियान के दौरान भी कई जगह इसतरह की गलतियाँ दोहराने के समाचार मिले।

बहरहाल, ऐसे में जबकि सत्ता व सरकारों अथवा प्रशासन की ओर से इस विषय पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है इसलिये अब यह देशवासियों का कर्तव्य है कि वे अपने व अपने पड़ोसियों के घरों दुकानों व कार्यालयों पर जहाँ कहीं तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहे हों उन्हें वे ससम्मान उतारें व उन्हें तह करके सुरक्षित रखें ताकि अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस अथवा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें पुनः फहराया जा सके। तेज हवा, बारिश, धूप मिटटी में फटने से पहले इन झण्डों को आदर व सम्मान सहित उतार लेना चाहिये। जो लोग अज्ञानतावश राष्ट्रीय ध्वज का दुरूपयोग या अपमान करते दिखाई दें उन्हें प्यार से समझा बुझाकर ऐसा करने से रोकें तथा तिरंगे की अहमियत व इसके आदर व सम्मान के विषय में बतायें। उन्हें यह भी बतायें कि तिरंगे का अर्थ है देश के संविधान का सम्मान, तिरंगा यानी सांप्रदायिकता व जातिवाद मुक्त भारत। तिरंगा का सम्मान यानी रिश्वतखोरों, हत्यारों, बलात्कारियों, संविधान व लोकतंत्र विरोधियों व बेईमानों का विरोध व इनका बहिष्कार। तिरंगे की आबरू का मतलब है साम्प्रदायिक सद्भाव व पारस्परिक सौहार्द वाला भारत। जो इन बातों को नहीं जानता या मानता है उसके लिये तिरंगा न तो फहराने की चीज है न ही ये इसका सम्मान जान सकते हैं। इसलिये अब यह आम लोगों का ही फर्ज है कि घर घर तिरंगा अभियान की अपार सफलता के बाद, उसी राष्ट्रीय तिरंगे का सम्मान, जो कि अब और बड़ी चुनौती बन चुका चुका है इससे किस तरह निपटा जाये।

अपराध और ड्रग्स के बीच संबंध हजारों है....

पहला, नशीली दवाओं का अवैध उत्पादन, निर्माण, वितरण या कब्जा करना एक अपराध हो सकता है। दूसरे, ड्रग्स अन्य, गैर-ड्रग अपराधों के होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं। तीसरा, ड्रग्स का इस्तेमाल पैसा बनाने के लिए किया जा सकता है। और चौथा, ड्रग्स अन्य प्रमुख समस्याओं से निकटता से जुड़ा हो सकता है, जैसे कि मर्डर, बंदूकों का अवैध उपयोग, विभिन्न प्रकार की हिंसा और आतंकवाद। क्या अवैध नशीली दवाओं के उपयोग को अपराध माना जाना चाहिए, नशीली दवाओं के दुरुपयोग का कारण क्या है और अंतत : कौन जिम्मेदार है। स्वीकृत सामाजिक स्थिति और अपराध के संबंध में एक निरंतरता मौजूद है। एक तरफ कानून का पालन करने वाला व्यवहार है और दूसरी तरफ आपराधिक गतिविधि। इन दो चरम सीमाओं के बीच विचलित व्यवहार और अपराध पाया जाता है। कई सीमांत व्यक्ति जो नशीली दवाओं का उपयोग करते हैं वे अपराधी नहीं बनते हैं।

डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

अपराध और ड्रग्स कई तरह से संबंधित हो सकते हैं। पहला, नशीली दवाओं का अवैध उत्पादन, निर्माण, वितरण या कब्जा करना एक अपराध हो सकता है। दूसरे, ड्रग्स अन्य, गैर-ड्रग अपराधों के होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं। तीसरा, ड्रग्स का इस्तेमाल पैसा बनाने के लिए किया जा सकता है। और चौथा, ड्रग्स अन्य प्रमुख समस्याओं से निकटता से जुड़ा हो सकता है, जैसे कि मर्डर, बंदूकों का अवैध उपयोग, विभिन्न प्रकार की हिंसा और आतंकवाद। क्या अवैध नशीली दवाओं के उपयोग को अपराध माना जाना चाहिए, नशीली दवाओं के दुरुपयोग का कारण क्या है और अंततः कौन जिम्मेदार है।

स्वीकृत सामाजिक स्थिति और अपराध के संबंध में एक निरंतरता मौजूद है। एक तरफ कानून का पालन करने वाला व्यवहार है और दूसरी तरफ आपराधिक गतिविधि। इन दो चरम सीमाओं के बीच विचलित व्यवहार और अपराध पाया जाता है। कई सीमांत व्यक्ति जो नशीली दवाओं का उपयोग करते हैं वे अपराधी नहीं बनते हैं। यूनाइटेड नेशन ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत सदियों पुरानी भांग से लेकर ट्रामाडोल जैसी नई दवाओं और मेथामफेटामाइन (जिसे पिलाकर हाल ही में सोनाली फोगाट का मर्डर किया गया) जैसी डिजाइनर दवाओं के अवैध व्यापार के प्रमुख केंद्रों में से एक है।

नशीली दवाओं के व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग आतंकवाद, मानव तस्करी, अवैध व्यवसायों आदि के वित्तपोषण के लिए किया जाता है। भारत दुनिया के दो प्रमुख अवैध अफीम उत्पादन क्षेत्रों के बीच में स्थित है, पश्चिम में गोल्डन क्रिसेंट और पूर्व में गोल्डन ट्राएंगल जो इसे अवैध ड्रग व्यापार का एक व्यवहार्य केंद्र बनाता है। स्वर्ण त्रिभुज में म्यांमार, लाओस और थाईलैंड के क्षेत्र शामिल हैं और यह दक्षिण पूर्व एशिया का मुख्य अफीम उत्पादक क्षेत्र है और यूरोप और उत्तरी अमेरिका के लिए सबसे पुराने नशीले पदार्थों की आपूर्ति मार्गों में से एक है। गोल्डन क्रिसेंट में अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान शामिल हैं और अफीम उत्पादन और वितरण के लिए एक प्रमुख वैश्विक साइट है।

नशीली दवाओं के कब्जे के लिए लोगों को अदालत में भेजने के बजाय, इसका मॉडल शिक्षा, उपचार और नुकसान में कमी पर केंद्रित है। पिछले साल दुनिया भर में लगभग 275 मिलियन लोगों ने ड्रग्स का इस्तेमाल किया। 36 मिलियन से अधिक लोग नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित थे। अधिकांश देशों द्वारा महामारी के दौरान भांग के उपयोग में वृद्धि की सूचना दी गई है। इसी अवधि में औषधीय दवाओं का गैर-चिकित्सा उपयोग भी देखा गया है। नवीनतम वैश्विक अनुमान कहते हैं, 15 से 64 वर्ष के बीच की लगभग 5.5 प्रतिशत आबादी ने पिछले वर्ष में कम से कम एक बार नशीली दवाओं का उपयोग किया है। अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर 11 मिलियन से अधिक लोग दवाओं का इंजेक्शन लगाते हैं-उनमें से आधे को हेपेटाइटिस सी है।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रमुख कारण है-साथियों द्वारा स्वीकार किया जाना, आर्थिक तनाव बढ़ रहा है, सांस्कृतिक मूल्यों में परिवर्तन, न्यूरोटिक आनंद और अप्रभावी पुलिसिंग। तभी तो हाल ही में सुशांत राजपूत के बाद भारत की सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट को असमय मौत का शिकार होना पड़ा। चाहे कारण कुछ भी रहे हो, ड्रग ने ही जान ली दोनों की। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मामले और संख्या आये दिन बढ़ती जा रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग हमारे स्वास्थ्य, सुरक्षा, शांति और विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। ड्रग्स से दुर्घटनाओं, घरेलू हिंसा की घटनाओं, चिकित्सा समस्याओं और मृत्यु का उच्च जोखिम होने के साथ-साथ आर्थिक क्षमता बर्बाद हो जाती है। नशीली दवाओं पर निर्भरता, कम आत्मसम्मान, निराशा के कारण आपराधिक कार्रवाई और यहां तक कि आत्महत्या की प्रवृत्ति भी हो सकती है।

नशीली दवाओं के खतरे पर अंकुश लगाने की चुनौतियाँ देखे तो कानूनी रूप से उपलब्ध दवाएं जैसे तंबाकू एक बहुत बड़ी समस्या है जिसे आमतौर पर एक प्रवेश द्वार की दवा के रूप में देखा जाता है जिसे बच्चे सिर्फ प्रयोग करने के लिए लेते हैं। पुनर्वास केंद्रों का अभाव है। इसके अलावा, देश में नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन करने वाले गैर सरकारी संगठन आवश्यक प्रकार के उपचार और चिकित्सा प्रदान करने में विफल रहे हैं। पंजाब, असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के माध्यम से ड्रग्स की तस्करी, जो पड़ोसी देशों के साथ सीमा साझा करते हैं।

नशीली दवाओं की लत से निपटने के लिए सरकार की पहल को देखे तो इसने नवंबर, 2016 में नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) का गठन किया और ह्यूनारकोटिक्स नियंत्रण के लिए राज्यों को वित्तीय सहायताह्व की योजना को पुनर्जीवित किया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को एक नया सॉफ्टवेयर यानी जब्त सूचना प्रबंधन प्रणाली (एसआईएमएस) विकसित करने के लिए धन उपलब्ध कराया गया है जो नशीली दवाओं के अपराधों और अपराधियों का एक पूरा ऑनलाइन डेटाबेस तैयार करेगा। सरकार ने नारकोटिक ड्रग्स में अवैध यातायात से निपटने के संबंध में किए गए खर्च को पूरा करने के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कोष नामक एक कोष का गठन किया है; व्यसनियों का पुनर्वास, और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जनता को शिक्षित करना आदि।

सरकार एम्स के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर की मदद से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के रुझानों को मापने के लिए एक राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग सर्वेक्षण भी कर रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2016 में प्रोजेक्ट सनराइज शुरू किया गया था, ताकि भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में, विशेष रूप से ड्रग्स का इंजेक्शन लगाने वाले लोगों में एचआईवी के बढ़ते प्रसार से निपटा जा सके। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, (एनडीपीएस) 1985 किसी व्यक्ति को किसी भी मादक दवा या साइकोट्रोपिक पदार्थ के उत्पादन, रखने, बेचने, खरीदने, परिवहन, भंडारण और / या उपभोग करने से रोकता है। एनडीपीएस अधिनियम में तब से तीन बार संशोधन किया गया है-1988, 2001 और 2014 में। यह अधिनियम पूरे भारत में फैला हुआ है और यह भारत के बाहर के सभी भारतीय नागरिकों और भारत में पंजीकृत जहाजों और विमानों पर सभी व्यक्तियों पर भी लागू होता है।

सरकार ने नशा मुक्त भारत, या ड्रग-मुक्त भारत अभियान शुरू करने की भी घोषणा की है जो सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों पर केंद्रित है। व्यसन को एक चरित्र दोष के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि एक ऐसी बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए जिससे कोई अन्य व्यक्ति जूझ रहा हो। इसलिए, नशीली दवाओं के सेवन से जुड़े कलंक को कम करने की जरूरत है। समाज को यह समझने की जरूरत है कि नशा करने वाले अपराधी नहीं बल्कि पीड़ित होते हैं। कुछ फसल दवाएं जिनमें 50% से अधिक अल्कोहल और ओपिओइड शामिल हैं, को शामिल करने की आवश्यकता है। देश में नशीली दवाओं की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों और आबकारी एवं नशीले पदार्थ विभाग से सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। एनडीपीएस एक्ट को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। शिक्षा पाठ्यक्रम में मादक पदार्थों की लत, इसके प्रभाव और नशा मुक्ति पर भी अध्याय शामिल होने चाहिए। उचित परामर्श एक अन्य विकल्प है।

आत्महत्या की दर

सिद्धार्थ शंकर

महानगरों में बढ़ते असुरक्षाबोध, अवसाद, कुंठा और जीवन के प्रति तंगनजरी को लेकर चिंताएं बहुत पहले से प्रकट की जाती रही हैं, पर अब ये स्थितियां भयावह स्तर तक पहुंच गई लगती हैं। इसकी तस्दीक नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट से हो गई है। ताजा रिपोर्ट कह रही है कि भारत में 2021 में कुल एक लाख 64 हजार 033 लोगों मे आत्महत्या की है। ये संख्या साल 2020 में एक लाख 53 हजार 052 थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, आत्महत्या के मामलों में साल 2021 में 2020 की तुलना में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, इस साल आत्महत्या की दर में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा लोग आत्महत्या करते हैं। इसके बाद तमिलनाडु का और तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश का नंबर आता है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2021 में महाराष्ट्र में 22, 207 सबसे अधिक आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 18, 925 आत्महत्याएं, मध्य प्रदेश में 14, 965 आत्महत्याएं, पश्चिम बंगाल में 13, 500 आत्महत्याएं और कर्नाटक में 13, 056 आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। ये आंकड़ा कुल आत्महत्याओं का क्रमशः 13.5 प्रतिशत, 11.5 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत, 8.2 प्रतिशत और 8 प्रतिशत है। एनसीआरबी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि केवल इन पांच राज्यों में ही देश भर में हुई आत्महत्याओं के 50.4 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए हैं। शेष 49.6 प्रतिशत मामले अन्य 23 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज किए गए हैं। वहीं, देश के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में आत्महत्या के मामलों की संख्या तुलनात्मक रूप से कम दर्ज की गई है। यूपी में ये प्रतिशत देश भर में आत्महत्या के मामलों का मात्र 3.6 प्रतिशत है। गौरतलब है कि यूपी की जनसंख्या देश की आबादी का 16.9 प्रतिशत है। देश में आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या करियर से संबंधित समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान और पुराने दर्द मुख्य कारण हैं। आत्महत्या की प्रवृत्ति अचानक नहीं पनपती। लंबे समय के अवसाद, तनाव, संत्रास अपमान के भय आदि से गुजरने के बाद ही कोई व्यक्ति इस तरफ कदम बढ़ाता है। इसलिए अगर कोई पूरे परिवार के साथ खुदकुशी का फैसला करता है, तो जाहिर है कि साथ के सभी लोग इस प्रक्रिया से गुजर रहे होंगे। जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थितियों से गुजर रहा होता है, तो उसमें आस-पड़ोस, रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी आदि उसे उनसे बाहर निकालने का प्रयास करते हैं। मगर हैरानी की बात है कि अब समाज अपनी यह भूमिका क्यों नहीं निभा पा रहा है! इस चिंताजनक स्थिति से निपटने के लिए सरकार के स्तर पर कारगर उपाय जुटाने की दरकार है। खुदकुशी की घटनाओं को लेकर अनेक समाज-मनोवैज्ञानिक अध्ययन हो चुके हैं। पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि लोग मानसिक रूप से इतने कमजोर कैसे होते जा रहे हैं कि संघर्ष के बजाय मामूली विफलता के बाद खुदकुशी को आसान विकल्प के तौर पर चुन लेते हैं। हमारा समाज भी इतना आत्मकेंद्रित कैसे होता गया है कि ऐसे परेशान लोगों को किसी तरह का संबल नहीं दे पाता। आर्थिक तंगी की वजह से जितनी भी आत्महत्याएं होती हैं, उनमें आमतौर पर परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहे लोग होते हैं। उन्हें जीवन की जरूरी चीजें जुटाने के लिए भी काफी संघर्ष करना पड़ता है। इन दिनों परिवार का भरण-पोषण, शिक्षा, विवाह आदि जैसी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाना भी बहुत सारे लोगों के लिए मुश्किल होता गया है। खासकर शहरी जीवन में ये जरूरतें कुछ ज्यादा त्रासद रूप में पेश आती हैं। फिर समाज में आर्थिक असमानता और गलत तरीके से धन कमाने की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ी है कि संपन्नता हासिल करने की गलाकाट प्रतियोगिता-सी शुरू हो गई है। फिर आर्थिक विषमता दूर करने की व्यवस्थागत चिंता भी अब दिखाई नहीं देती। ऐसे में सामान्य लोगों के लिए जीवन की दुश्वारियां लगातार बढ़ी हैं। गरीब और गरीब होते गए हैं। यही वजह है कि खुदकुशी की ज्यादातर घटनाएं सीमांत किसानों, छोटे और मझोले कारोबारियों में अधिक दिखाई देती हैं। जब किसानों की आत्महत्या की घटनाएं बढ़ी थीं, तब खेती में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया था, मगर शहरों में रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष करने वाले लोगों के लिए जीवन संबंधी सुरक्षा के किसी व्यावहारिक उपाय पर अभी तक गंभीरता से विचार नहीं हुआ है।

पाकिस्तान को मदद भिजवाने में झिझक न करे भारत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

कल जैसे ही मैंने लिखा कि वर्तमान संकट में पाकिस्तान की मदद के लिए भारत को पहल करनी चाहिए, शाम तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान आ गया। मोदी ने पाकिस्तान के लोगों की तकलीफ के बारे में जैसी भावभीनी प्रतिक्रिया की है, वह सचमुच बड़ी मार्मिक थी। पाकिस्तान के कई नेताओं, पत्रकारों और समाजसेवियों ने मोदी के उस बयान की सराहना की है लेकिन पाकिस्तान की सरकार या उसके दिल्ली स्थित दूतावास ने अभी तक कोई इशारा भी नहीं किया है कि यदि भारत मदद की पेशकश करेगा तो वे उसे सहर्ष स्वीकार करेंगे। दुर्भाग्य है कि दोनों देशों के फौजी और राजनीतिक रिश्ते ऐसे विकट रहे हैं कि इस भयानक विभीषिका के दौरान भी वे एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते हैं।

पाकिस्तान के कुछ उच्चस्तरीय और नामी-गिरामी नेताओं ने बातचीत में मुझसे कहा है कि यदि मोदी सरकार खुद मदद की पहल करेगी तो शहबाज सरकार को उसे स्वीकार करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हो सकता है कि शहबाज सरकार के विरोधी उसके खिलाफ अभियान चला दें। उनकी राय थी कि कुछ गैरसरकारी भारतीय संगठन मदद के लिए आगे आ जाएं तो बहुत अच्छा होगा। यूं भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी सेनापति जनरल कमर जावेद बाजवा भारत के प्रति पिछले दिनों नरमी का रुख अपनाते हुए लग रहे थे। वे भारत से बातचीत शुरू करने की संभावनाएं तलाश रहे थे। अभी-अभी पाकिस्तान के वित्तमंत्री मिफ्ता इस्माइल ने कहा है कि बाढ़ की वजह से हमारी फसलें नष्ट हो गई हैं। अब हमें भारत से सब्जियां और अनाज तुरंत आयात करने होंगे। पिछले तीन साल से भारत-पाकिस्तान व्यापार भी ठप पड़ा हुआ है। चीन के साथ गलवान घाटी में खूनी मुठभेड़ हुई है लेकिन इस बीच भारत-चीन व्यापार में अपूर्व बढ़ोतरी हुई है। पाकिस्तान के व्यापारी तो व्यापार के दरवाजे खुलवाना चाहते हैं लेकिन नेताओं और जनरलों को कौन समझाए?

पाकिस्तानी फौज और पार्टियों में भी दो अलग-अलग राय वाले धड़े बन गए हैं। इस समय शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो यदि भारत से रिश्ते सुधारने की पहल करें तो इमरान खान भी उसका विरोध नहीं करेंगे।

इमरान तो भारत से संबंध सुधारने की बात कई बार कह चुके हैं। जहां तक अनुच्छेद 370 और 35 ए को खत्म करने की बात है, पाकिस्तान ने उसका डटकर विरोध किया है लेकिन पिछले 3 साल में अब उसकी समझ में यह आ गया है कि इस बारे में अब कुछ नहीं किया जा सकता। यदि मोदी स्वयं भी शहबाज को फोन करके मदद भिजवाने के लिए कह दें तो उनका कुछ बिगड़नेवाला नहीं है। यदि शहबाज या कोई नेता उसका विरोध करेगा तो उसकी छवि पाकिस्तान की जनता के दिल में खराब ही होगी। यदि तालिबान की सरकारवाले अफगानिस्तान को भारत मदद भिजवा सकता है तो शहबाज शरीफ के पाकिस्तान को मदद भिजवाने में मोदी को झिझक क्यों होनी चाहिए? इस समय नेपाल, श्रीलंका और अफगानिस्तान को मदद भिजवाकर भारत ने जो पुण्य कमाया है, उससे भी बड़ा मानव-सेवा का पुण्य पाकिस्तान की विपदाग्रस्त जनता की सेवा से मिलगा।

संक्षिप्त खबरें

बंदर के धक्के से छात्र घायल

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया प्रखंड के मध्य विद्यालय डुमरिया में बंदर के धक्का देने के कारण सांतवी कक्षा का एक छात्र घायल हो गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सफी आलम ने बताया कि बुधवार को स्कूल खुलने के बाद सातवीं कक्षा का छात्र आदित्य विद्यालय के ऊपरी मंजिल पर संचालित अपने क्लासरुम में जा रहा था कि अचानक एक बंदर ने छलांग लगाकर उसे धक्का देकर नीचे की तरफ गिरा दिया। जिससे बच्चा घायल हो गया। शिक्षकों ने घायल छात्र का उपचार महम्मदपुर में कराया। जंहा उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी गयी है।

डॉक्टर दंपति से मारपीट के मामले में युवक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के सिधवलिया बाजार में डॉक्टर दंपति के साथ मारपीट करने वालेयुवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि सिधवलिया बाजार में पूर्व से चले आ रहे जमीनी विवाद में महम्मदपुर थानाक्षेत्र के हरपुर गाँव निवासी एक युवक अभिषेक कुमार उर्फ बिक्की द्वारा मंगलवार की शाम डॉ किशोर कुमार बंगाली के क्लिनिक के पास आ डॉक्टर दम्पति के साथ मारपीट की गयी थी। इस मामले में अनिता देवी के बयान पर सिधवलिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

खडी ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा चैक पर खड़ी ट्रक में एक अनियंत्रित बाइक टकराने से युवक की मौत हो गयी। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक युवक महम्मदपुर थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव के जयकिशोर मिश्रा का 22 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार बताया गया है। बताया जाता है कि प्रिंस कुमार सुबह अपनी चाची को बस पकड़वाने बरहिमा चैक पर बाइक से लेकर गया था। चाची को बस में बिठाकर वो घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बारिश के कारण चैक पर लगे किचड़ में प्रिंस के बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वो सामने खड़े ट्रक में अंदर तक बाइक समेत घुस गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पंचायती राज मंत्री से न्याय मित्रों को स्थाई करने का मांग

भभुआ। बिहार राज्य पंचायतीराज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम से कैमूर जिला न्याय मित्र संघ के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश कुमार एक स्मार्पत्र सौंपा। पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम से कहा कि न्याय मित्रों को 7000 मानदेय संविदा पर बहाल किया गया है। आज के महंगाई के दौर में 7000 मासिक कोई मायने नहीं रखता। पंचायती राज व्यवस्था के तहत सरपंच उप सरपंच के साथ ग्रामीण स्तर पर सभी मामलों को निष्पादन करने हेतु तत्पर रहते हैं हम लोग। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बनने से न्याय मित्रों का पद से हटा दिया गया है। उन न्याय मित्रों को खाली हुए जगह पर बहाल किया जाए।

कर्मचारी महासंघ गोप गुट ने जिला पदाधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया

भभुआ। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला इकाई कैमूर के तत्वाधान में 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला समाहर्ता के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। कैमूर जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 11 सूत्री मांगों में नई पेंशन बंद कर पुरानी पेंशन लागू करने, समान काम के लिए समान वेतन लागू करने, संविदा पर बहाली को बंद करने आदि मांगों को लेकर स्मा ंपत्र सौंपा। धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामरेड विद्यासागर प्रभाकर एवं संचालन रजनीकांत रंजन ने किया। महा संघ गोप गुट के सभी कर्मचारी कैमूर जिले में 1 सितंबर को काला पट्टी बांधकर कार्यको करेंगे। जिला अध्यक्ष विद्यासागर प्रभाकर कहा कि राज्य सरकार की गलत नीति के कारण स्थाई कर्मचारियों को अस्थाई करने पर उतारू है। इसी प्रकार सरकार का दिशानिर्देश रहा तो आने वाले दिनों में सरकारी कर्मी कम संविदा पर अधिक बहाल हो जाएंगे।

आईसीडीएस डीपीओ ने की आंगनबाड़ी केन्द्रों की जांच

गोपालगंज। आईसीडीएस डीपीओ ने बुधवार को सदर प्रखंड की चैरांव पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या चार, 185, दो, पांच, तीन व छह आदि में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जांच के दौरान पायी गयीं कमियों को दूर करने को लेकर सेविका व महिला पर्यवेक्षिका को निर्देश दिए। साथ ही समस्याओं व त्रुटियों के निराकरण करने को कहा। इसके अलावा प्रधानमंत्री वंदना योनजा व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के सुयोग्य लाभुकों का पंजीकरण कराने के निर्देश भी दिए। डीपीओ ने बताया कि जिलेभर में एक से लेकर 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाना है। इसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सभी तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

लक्ष्य पूर्ण नहीं करने वाले सहायकों पर होगी कार्यवाही

बीडीओ ने आवास सहायकों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक, तीन दिन में आवास पूर्ण करने का दिया लक्ष्य

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के भोरे प्रखंड के सभागार भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक सभी आवास सहायकों के साथ बीड़ीओ डॉ संजय कुमार राय के द्वारा बुधवार को की गयी। जिसमें एक एक पंचायतों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी।

जिसमें हुस्सेपुर, कल्याणपुर, बनकटा, लामीचैर, कोरेया आदि पंचायतों में अब तक हुए लाभुकों पर करवाई की जानकारी ली गयी। वहीं अन्य पंचायतों में आवास पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि तीन दिन में अपना लक्ष्य पूर्ण नहीं करने वाले आवास सहायकों पर करवाई करते हुए वरीय पदाधिकारी को करवाई हेतु पत्र भेज दिया जाएगा। इस बाबत आवास सहायकों को आवास पूर्ण करने का तीन दिन का समय बीडीओ ने निर्धारित किया। समीक्षात्मक बैठक में बीडीओ डॉ राय ने आवास पर्वेक्षक विजय कुमार कुशवाहा को निर्देश दिया कि सभी सहायकों से निरन्तर प्रगति प्रतिवेदन लेते रहे। जो सहायक फिल्ड भ्रमण नहीं करते पाए जाएंगे अनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा है कि आवास पूर्ण करवाने में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह कर्मियों को चिन्हित कर करवाई शुरू की जाएगी। प्रतिदिन एक पंचायत से कम से कम चार आवास पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसका अनुपालन सभी आवास सहायक करेंगे। वहीं बनकटा, हुस्सेपुर और लमिचैर की प्रगति संतोषजनक रही। बैठक में प्रथम व लाल नोटिस भी दिए जाने का निर्देश बीडीओ ने दिया। बैठक मे लेखा सहायक ललन कुमार, कार्यपालक सहायक नवनीत कुमार मिश्र, आवास सहायक कंचन कुमार, राजेश कुमार राम, राजकुमार, रूबी कुमारी, रत्नेश कुमार, हरिश्चन्द्र यादव, ब्रजेंद्र सिंह, संजीव रंजन सहित सभी पंचायतों के आवास सहायक मौजुद थे।

अब बाढग्रस्त इलाकों में लोगो को नही होगी दिक्कत : सांसद

बाढ प्रभावित क्षेत्रों में सांसद ने दिया मोटर वोट

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। गोपालगंज सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर आलोक कुमार सुमन ने हर वर्ष बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए सांसद निधि से खरीदे गए दो मोटर बोट को विद्यिवत पुजा अर्चना के बाद जनता को सौप दिया। बैकुंठपुर के नरवार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होने कहा कि संभावित बाढ की स्थिति को देखते हुए बाढग्रस्त इलाके फैजुल्लापुर, बंगरा, गमहारी, पाकाहां, सीतलपुर सहित अन्य आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को लोगो के लिए मोटर वोट की व्यवस्था की गयी है। ताकि बाढ के समय आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो एवं रेस्क्यू ऑपरेशन करने में प्रशासन को भी सहुलियत हो। इसके पूर्व सांसद के द्वारा पतहरा, मसानथाना, मेंहदिया, के साथ साथ कटघरवां व हीरापाकड के लोगो के लिए दो मोटर वोट की व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम के बाद मोटर वोट से उन्होने बाढ की स्थिति का जायजा भी लिया। बाढ की स्थिति का जायजा लेने के बाद उन्होने कहा कि महागठगंधन की सरकार में बिना भेदभाव के जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि बिहार विकास के पथ पर तेजी से दौड रहा है। इस मौके पर बैकुंठपुर के पूर्व विधायक सह जदयू प्रदेश प्रवक्ता मंजीत सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष, राघवेंद्र सिंह, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन मांझी, पूर्व प्रमुख रामाशीष सिंह, अनुसूचित जाति जदयू जिला अध्यक्ष योगेंद्र राम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष, उमेश कुमार कुशवाहा, बुलेट सिंह, मुन्ना कुंवर, तौहीद एवं जदयू नेता संतोष दास, धर्मराज प्रसाद सिंह, अनस सलाम, कामेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य जदयू पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता तथा जिला योजना पदाधिकारी, स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी उपस्थित थें।

जनता की फरियाद पुलिस के बड़े अधिकारी सुन करेंगे ससमय निराकरण एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास):-अब थाने में रिव्यू के दौरान जनता की फरियाद भी पुलिस के बड़े अधिकारी सुनेंगे तथा उसका ससमय निराकरण करेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए नासरीगंज थाना पहुंचे रोहतास एसपी आशीष भारती ने बुधवार को नासरीगंज थाने में आकर थाने की जांच के साथ आमजन की समस्याओं को सुना व उसके निराकरण का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया। इसके पूर्व थाना परिसर में एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। पूर्व सूचना के कारण थाना क्षेत्र के कई फरियादी अपनी व्यथा सुनाने के लिए नासरीगंज थाना परिसर में पहुंचे थे। इस अवसर पर बिक्रमगंज एसडीपीओ व इंस्पेक्टर दयानन्द शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एसपी ने बताया कि रोहतास पुलिस के द्वारा एक अभिनव पहल की शुरूआत की गई है। जिसके तहत वरीय पुलिस अधिकारी अब सप्ताह में एक दिन थाना परिसर में ही लोगों से मिलेंगे व उनकी समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निराकरण करेंगे। इससे सरकार आपके द्वार की अवधारणा को और भी बल मिलेगा। सरकार का यही प्रयास है कि आमलोगों को बिना परेशानी के न्याय मिल सके। जिले के हर प्रखंडों के लोगों के लिए उनके नजदीक के थाने में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। ताकि इस पहल से लोगों को अनुमंडल व जिला मुख्यालय का चक्कर लगाने से राहत मिलेगी तथा थाने के अधिकारियों का बोझ भी कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य से कांड के त्वरित निष्पादन एवं अपराध नियंत्रण पर काबू पाया जा सकेगा। थाना परिसर में जुटे फरियादी एसपी के इस अभिनव पहल से काफी खुश दिखे। मौके पर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, एसआई अनिता दास व अजय कुमार, एएसआई जितेंद्र सिंह समेत थाने के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

दहेज में बाइक नहीं मिलने पर विवाहिता की गला दबाकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के बनौरा गांव में दहेज में बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने एक विवाहिता की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को गायब कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि महम्मदपुर थाने के डुमरिया गांव के वीरेंद्र सहनी की बेटी सरिता देवी की शादी बैकुंठपुर थाने के बनौरा गांव के विक्रमा सहनी के पुत्र अखिलेश सहनी के साथ दो वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही सरिता को बाइक की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। कई बार खाना-पानी बंद कर उसे प्रताड़ित किया गया था। जिसकी जानकारी बेटी ने अपने मायके वालों को फोनकर दी थी। अंत में यह भी बतायी थी कि उसके पति जान से मार डालने की बात कहे हैं। अंततः 27 अगस्त को गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गयी। सरिता का फोन जब 28 अगस्त को नहीं लग पाया तो मां फूलमती देवी गांव के कुछ लोगों के साथ बनौरा बेटी के ससुराल पहुंची। जहां पहुंचने पर पता चला कि उसकी हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है। फूलमती देवी ने थाने में सरिता के पति अखिलेश सहनी, ससुर विक्रमा सहनी सहित छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ससुर विक्रमा सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी गयी है।

सात दिवसीय निमोनिक्स की क्लासेस का समापन

प्रात : किरण संवाददाता

विक्रमगंज।द डिवाइन पब्लिक स्कूल के सभागार में सात दिवसीय निमोनिक्स की क्लासेस का समापन हो गया।विदित हो कि निमोनिक्स गुरु धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को निमोनिक्स की कला का प्रशिक्षण दिया गया।

निमोनिक्स मेमोरी बढ़ाने की वैज्ञानिक तकनीक है जिसके जरिये केमिस्ट्री का फॉर्मूला, पीरियोडिक टेबल,डिक्शनरी, जीके, जी एस इत्यादि जैसे सभी विषयों को एक बार पढ़कर याद कर सकते हैं।इसे सीखने के बाद आप एक दिन में इतना कुछ याद कर सकते हैं जितना आप महीने दिन में खुद से नहीं याद कर सकते।न सिर्फ मोबाइल के सैकड़ों नंबर बल्कि दुनिया का कोई भी नंबर आप याद कर सकते हैं।हजारों वर्षो के कैलेंडर की किसी भी तारीख के दिन को पल भर में बता सकते हैं।इसकी विशेषताएं जादूभरी लगती हैं और इस जादू को द डीपीएस के विद्यार्थियों ने निमोनिक्स गुरु डी के सिंह के द्वारा देखा और महसूस किया।बताते चलें कि मेमोरी एंड माइंड ट्रेनर डी के सिंह कई खिताब अपने नाम कर चुके हैं।इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,लिम्का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड जैसी संस्थाओं द्वारा इनको सम्मान प्राप्त हो चुका है।

छात्र इनको सुनकर मंत्रमुग्ध दिखे।इस अवसर पर विद्यालय के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने बताया कि मेमोरी एंड माइंड की इस ट्रेनिंग के आयोजन से विद्यार्थियों का मानसिक विकास होगा अतः इसे कराने पर बल दिया गया।इस नई पद्धति से बच्चे कुछ सीख जाएं कुछ नए तथ्यों की जानकारी हो जाये तो अच्छा है।इससे संस्थान के विकास के साथ -साथ छात्रों की बौद्धिक क्षमता उनकी शिक्षा का भी विकास होगा।

एसपी ने थाना का निरीक्षण कर फरियादियों से जन संवाद किया

प्रात : किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास):- स्थानीय थाना परिसर में थाना का निरीक्षण एवं जन संवाद सुनने एवं उसका निवारण करने आये एसपी आशीष भारती से नगर के वार्ड 08 निवासी चंद्रकांत कुमार मुन्ना ने अपनी बातें रखते हुए एसपी से कहा कि "सर, थाना क्षेत्र में शराबबंदी पर तो नियंत्रित है लेकिन पूर्ण शराब बंदी अभी भी शेष है, इसे पूरा किया जाये। इनके अलावा उक्त कार्यक्रम में अमित कुशवाहा, अमरेन्द्र कुमार, ने आगामी त्योहार की गहमागहमी को देखते हुए शहर व थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी तथा पुलिस गश्ती बढाने की बात कही, तो वार्ड 01 के लालबाबू प्रसाद ने कहा कि 2016 में दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रतिमा को असमाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त किया था, पुनः दशहरा आने वाला है। इस तरह की गतिविधि पर रोक लगाने एवं शरारती तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु कार्रवाई किया जाये। इसके अलावा पवनी सुकहरा डिहरी, जमालपुर समेत प्रखण्ड व नगर के विभिन्न स्थानों से आये फरियादियों ने जमीनी विवाद, करहा विवाद, रंगदारी समेत आपसी विवादों को ले सभी ने अपनी बातें रखी। इस अवसर पर एसपी ने थानाध्यक्ष को सभी शिकायतों का आगामी 15 दिनों में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की रिपोर्ट देने को कहा। एसपी ने लगातार 4 घण्टे तक सभी लंबित कांडों का रिव्यू किया और सम्बंधित केसों के आईओ से पूरी जानकारी ली।

इस सम्बंध में एसपी ने बताया कि सरकार के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कांडों का रिव्यू किया गया है और लोगों की समस्याओं को सुना गया है और उनके त्वरित निवारण तत्परता से करने का निर्देश एसएचओ व इंस्पेक्टर समेत सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया गया है। एसपी के निरंतर चार घण्टे थाना परिसर में रिव्यू और जनशिकायत निवारण कार्यक्रम को ले दिन भर गहमागहमी बनी रही। जनप्रतिनिधि अपनी बातों को रखने के लिए प्रतीक्षारत रहे तो सभी पुलिस पदाधिकारियों में कार्य की समीक्षा को ले अफरातफरी मची रही।

तिलौथू पीड़िता को जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

तिलौथू (रोहतास) । भारतीय स्टेट बैंक शाखा तिलौथू के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के तिलौथू गांव निवासी मृतिका शकीला खातून के पति असगर साह को बीमा का लाभ दिया गया। शाखा प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि तिलौथू गांव निवासी असगर साह के पत्नी शकीला खातून का निधन हो गया था। जिन्होंने भारतीय स्टेट बैंक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था। उनके मृत्यु के पश्चात बीमा की राशि दो लाख रुपये उनके नॉमिनी के खाता में डाल दिया गया। शाखा प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत बैंक में दो प्रकार का बीमा कराया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना। इसमें बहुत छोटी प्रीमियम की राशि 20 रुपये एवं 436 रुपए वार्षिक देने पर दो लाख का बीमा किया जाता है। इस योजना का मूल उद्देश्य है समाज के गरीब वर्ग जो प्राइवेट बीमा कंपनियों के महंगे बीमा लेने में सक्षम नहीं है उन्हें सस्ते दर पर बीमा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही इन्होंने ने बताया कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों को इस प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी जाती है।

कैमूर जिला अधिवक्ता संघ का संसदीय प्रणाली लागू नहीं होने से मची अफरा-तफरी

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ। जिला अधिवक्ता संघ के संसदीय प्रणाली लागू नहीं होने से अधिवक्ता में भारी पैमाने पर रोष है। अधिवक्ताओं ने तदर्थ कमेटी पर चुनाव नहीं कराने का कई बार उंगलियां उठा चुके हैं। चुनाव के माध्यम से निर्वाचित कमेटी के द्वारा अधिवक्ताओं के जनहित में कार्य करती रहती है। जिला अधिवक्ता संघ ने निर्वाचित होने पर अधिवक्ताओं के लिए बहुत सारे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। कार्य अवधि समाप्त होने पर विदाई कमेटी के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष ने तदर्थ कमेटी को दायित्व एवं जिम्मेदारियों को निवारण हेतु सौंप दिया। जिला अधिवक्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता पहलाद सिंह, दिलीप सिंह, ओम प्रकाश, मंटू पांडे ने आरोप लगाया कि बिहार स्टेट बार काउंसलिंग पटना के सचिव प्रफुल्ल चंद्र द्विवेदी ने पत्रांक संख्या-1493/ 22 दिनांक 27 जुलाई 2022 को पत्र जारी करते हुए कहा है कि तदर्थ कमेटी को संसदीय प्रणाली के अंतर्गत हर हाल में 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक चुनाव संपन्न कराकर संसदीय प्रणाली को लागू कर देना चाहिए। ज्ञात हो कि जिला अधिवक्ता संघ का कार्यकाल दिसंबर 2021 मैं समाप्त हो गया। तो बार काउंसलिंग ने अस्थाई तौर पर तदर्थ कमेटी का निर्माण किया। तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र चौबे एवं महासचिव श्यामानंद उपाध्याय को विदाई कमेटी ने सभी कार्यों को निर्वाहन हेतु जिम्मेदारी को सौंप दिया। बिहार स्टेट बार काउंसलिंग पटना के द्वारा 24 जुलाई 2022 को बैठक कर यथाशीघ्र कैमूर जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव कराने का फरमान जारी किया है। पता नहीं इतनी लंबी महावार के बाद भी तदर्थ कमेटी के द्वारा संसदीय प्रणाली को लागू न करने के बजाए पदों पर विराजमान होकर असंसदीय रूप से कार्य को संचालित कर रही है। जिला अधिवक्ता संघ का एक रूल होता है कि समयानुसार सभी अधिवक्ताओं का संघ को चुनने का मताधिकार का अधिकार होता है। लेकिन लंबे माहवार के बावजूद संसदीय प्रणाली को लागू नहीं करना तदर्थ कमेटी के कार्य पर उंगलीयां दर उंगलियां उठ रही है। उसी प्रकार बिहार स्टेट बार काउंसलिंग पटना के द्वारा समय पर चुनाव नहीं कराने पर न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े हुए अधिवक्तागण भौंचक है।

फुलवरिया प्रखंड के 12 पंचायतों की योजनाओं से रूबरू हुए अधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। पंचायतों के साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले के फुलवरिया प्रखंड के पंचायतों में अलग-अलग पदाधिकारी पहुंचे व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति से रूबरू हुए। इस क्रम में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली-नाली, सभी तरह के स्कूल, आवासीय विद्यालय, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केन्द्र व विभिन्न स्तर से अस्पताल व पीएचसी, लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकानें, ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं अनुरक्षण, मनरेगा, ग्रामीण आवास, पंचायत सरकार भवन, समाज कल्याण की पेंशन योजनाएं, भू-राजस्व समेत अन्य की जांच की गई। इसके लिए जिला से अलग-अलग पंचायतों में अलग-अलग पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। उक्त जांच को लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों में हड़कंप जैसा माहौल देखने को मिला। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय कर्मचारियों भी जांच को लेकर दहशत में थे। जबकि जांच में वैसी कोई गड़बड़ी नहीं मिली जिसके लिए जांच टीम गठित की गई थी। फुलवरिया प्रखंड में रेफरल अस्पताल फुलवरिया की जांच स्वयं जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चैधरी ने की। जांचोपरांत डीएम ने पत्रकारों को बताया कि अस्पताल की व्यवस्था संतोषप्रद है जबकि टीकाकरण 86 प्रतिशत हुआ है। जिसे शत-प्रतिशत करने का दिशा निर्देश चिकित्सा प्रभारी डॉ राजीव रंजन को दिया गया है।

जिले के छात्र-छात्राएं उठाएं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ:डीडीसी

शिक्षा विभाग की पर्याप्त उपस्थिति नही रहने पर डीडीसी ने जतायी नराजगी

प्रात : किरण संवाददाता

- बैठक में डीडीसी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के फायदे बताए

गोपालगंज। जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी के निर्देश पर उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न सरकारी महाविद्यालयों के प्राचार्यों, किसान सलाहकार, विकास मित्र व टोला सेवकों के साथ बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में अलग-अलग बैठक की। बैठक में डीडीसी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के फायदे बताए। उन्होने कहा कि युवा निश्चय एप के माध्यम से ऑनलाइन अप्लाई कर उनका सत्यापन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, गोपालगंज से कराकर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि बारहवीं पास छात्र-छात्राओं (पॉलिटेक्निक के लिए मात्र दसवीं) के उच्चतर शिक्षा हासिल किए जाने की दिशा में बिहार सरकार का यह प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें वैसे विद्यार्थी लाभ ले सकते हैं जो बिहार एवं अन्य राज्य अथवा केंद्र सरकार के संबंधित नियामक एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने को प्रयासरत हैं। यह ऋण कुल 42 सूचीबद्ध सामान्य पाठ्यक्रम, व्यवसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए देय है। आवेदक की उम्र अधिकतम 25 वर्ष या स्नातकोत्तर स्तर के लिए अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत मिलने वाला ऋण किसी भी बैंक से मिलने वाले ऋण के मुकाबले बेहद कम ब्याज दरों पर और बेहद अनुकूल शर्तों वाली है। उन्होने कहा कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करे ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़ा जा सके। वही बैठक में शिक्षा विभाग की प्रयाप्त उपस्थिति न रहने के कारण नराजगी प्रकट की गयी। बैठक में जिला निंबधन एवं परामर्श केन्द्र से सहायक प्रबंधक रंजीत कुमार, सात निश्चय के डीपीएम यू लीड सुबाष पाण्डेय सहित शिक्षा विभाग के डीपीओ मौजूद थे।

मीरगंज के ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में मनाई गई गणेश चतुर्थी

गोपालगंज। जिले के मीरगंज शहर के रजिस्ट्री कचहरी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की माउंट आबू स्थानीय शाखा में बुधवार के दिन गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गणेश जी की मनमोहक झांकी सजाई गई। गणेश प्रतिमा के रूप में श्वेता बहन ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मौके पर पहुंचे दर्शनार्थियों द्वारा झांकी का पूजन अर्चन कर विघ्नहर्ता से अपने जीवन में आने वाले विघ्नों को दूर करने की कामना की गई। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी सुनीता बहन ने कहा कि गणेश जी की सवारी चूहा विकारों पर सवारी करने का प्रतीक है, जबकि चैड़ा माथा बुद्धिमत्ता, रस्सी सदैव अनुशासित रहने, लंबी सूंड कार्यकुशलता, कुल्हाड़ी सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति, लड्डू खुशियों, बड़े कान बेहतरीन श्रवण शक्ति, बड़ा पेट सब कुछ स्वीकार करने, एक दांत बुरी चीजों का त्याग और अच्छी चीजों को बनाए रखने का प्रतीक है।

फुलवरिया में गणेश चतुर्थी पर हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

- नेपाल यूपी बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालु पूजा कर मांगी मन्नतें

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज गोसाई माझा अंतर्गत गणेश स्थान माझा गांव स्थित प्राचीन ऐतिहासिक गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर अपनी मन्नतें मांगी. गणेश चतुर्थी पर प्रखंड प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई तरह के इंतजाम किए गए थे। कोरोना काल के बाद भगवान श्री गणेश की पूजा के लिए महिला श्रद्धालुओं का हुजूम पूरा दिन रहा। महिला श्रद्धालु भगवान श्री गणेश की मंगल गीत गाती रही। गौरतलब है कि कई वर्षों से इस प्राचीन मंदिर में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। गणेश चतुर्थी के दिन यहां खासा उत्साह देखने को मिलता है। ऐसा माना जाता है कि गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना व जलाभिषेक करने से उनकी सारी मन्नते पूरी हो जाती है। इस मास की गणेश चतुर्थी पर नेपाल, यूपी और बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माथा टेक अपनी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। गणेश चतुर्थी पर स्थानीय मुखिया आनंद मोहन, पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि विपिन तिवारी, समाजसेवी प्रेम पांडेय, परशुराम गुप्ता, शिवम तिवारी, विवेक तिवारी तथा संजय सिंह ने बताया कि दूर दराज तथा आसपास से पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रशासन व प्रखंड प्रशासन के द्वारा शुद्ध पेयजल, भोजन तथा ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था कराई गई है।

संक्षिप्त खबरें

शहर गांव में बढ़ा मच्छरों का आतंक

मुंगेर। इन दिनों मुंगेर जिले क्षेत्र के शहर और प्रखंडों के अलग-अलग गांव में मच्छरों का आतंक बढ़ गया है मच्छरों के बढ़ते आतंक से जहां आम जनता खासे परेशान हैं वहीं संबंधित विभागीय ऑफिसर एवं कर्मचारी अपने दफ्तर में बैठकर चैन की सांस लेते हैं विभागीय ऑफिसर का स्पष्ट कहना है कि मच्छरों के आतंक पर रोकथाम के लिए सरकारी स्तर पर किसी प्रकार के फंड का प्रावधान ही नहीं किया गया है इसलिए हम लोग कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

सदर अस्पताल में लगा बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन

मुंगेर। बिहार सरकार के आदेश पर अब राज्य के सभी सरकारी ऑफिस में बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने वाली मशीन को लगाया गया है इसी क्रम में सदर अस्पताल में सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने शुरू हो गई है सदर अस्पताल उपाधीक्षक कार्यालय के बाहर लगे चार बायोमेट्रिक मशीन द्वारा सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति बनाई जा रही है।

सफाई कर्मचारी ने दिया धरना शहर में लगा कूड़े का अंबार

हवेली खड़गपुर। बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिससे कि नगर परिषद क्षेत्र में कूड़े का अंबार लगा हुआ है नगर परिषद सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक हमारी मांग सरकार नहीं मानती है तब तक नगर क्षेत्र के सफाई कार्य नहीं किया जाएगा सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद के साथ ही नगर भवन के मुख्य द्वार के समीप धरना पर बैठ गए हैं सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में हड़ताल वापस नहीं लिया जाएगा मांगे मानने के इकरारनामा पत्र पर हस्ताक्षर के बाद ही हड़ताल को समाप्त किया जाएगा सफाई कर्मियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए बताया कि इस बार किसी भी कीमत पर बिना वेतन बढ़ोतरी की मांग माने जाने तक सफाई का काम नगर क्षेत्र में नहीं किया जाएगा इधर इस संबंध में नगर प्रबंधक मुकेश रंजन से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैकल्पिक सफाई व्यवस्था का प्रबंध किया जा रहा है।

कर्मचारी महासंघ गोप गुट ने जिला पदाधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया

भभुआ। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला इकाई कैमूर के तत्वाधान में 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला समाहर्ता के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। कैमूर जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 11 सूत्री मांगों में नई पेंशन बंद कर पुरानी पेंशन लागू करने, समान काम के लिए समान वेतन लागू करने, संविदा पर बहाली को बंद करने आदि मांगों को लेकर स्मा पत्र सौंपा। धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामरेड विद्यासागर प्रभाकर एवं संचालन रजनीकांत रंजन ने किया। महा संघ गोप गुट के सभी कर्मचारी कैमूर जिले में 1 सितंबर को काला पट्टी बांधकर कार्य को करेंगे। जिला अध्यक्ष विद्यासागर प्रभाकर कहा कि राज्य सरकार की गलत नीति के कारण स्थाई कर्मचारियों को अस्थाई करने पर उतारू है। इसी प्रकार सरकार का दिशानिर्देश रहा तो आने वाले दिनों में सरकारी कर्मी कम संविदा पर अधिक बहाल हो जाएंगे। सरकार के नीति के कारण संगठित मजदूरों को असंगठित करने के कार्य कर रही है।

एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

भागलपुर। थाना क्षेत्र के सीढ़ी घाट दुर्गा स्थान के समीप गुप्त सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान स्थानीय थाना पुलिस ने सघन छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में पुलिस की टीम ने एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस ने युवक के पास से एक देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद की। थाना अध्यक्ष लाल बहादुर ने बताया की आरोपी आर्म्स एक्ट में फरार चल रहा था।

जनता के उमीदों पर खड़ा हो संगठन को करेंगे मजबूत

भागलपुर। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कमेटी के निदेर्शानुसार कहलगांव क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में कहलगांव (दक्षिण) प्रखंड इकाई का गठन पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेश यादव की देखरेख में सम्पन्न किया गया। बैठक मे इस इकाई के अध्यक्ष पद के लिए मो. फकरुद्दीन ने पर्चा भरा था, जिसके विरोध में एक भी सदस्य ने पर्चा नही भरा और इसके बाद मो. फकरुद्दीन निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, मोती कुमार एवं जलधर यादव, महासचिव चक्रधर दास, रविन्द्र यादव, गणेश महलदार व मो. फैयाज, सचिव जयदेव साह, प्रवीण शंकर व मो. हसनैन, कोषाध्यक्ष- मुकेश कुमार सिंह सहित कार्यकारिणी समिति के कुल उन्तीस सदस्य बनाये गये हैं।

दुकानों को खाली कराने की कवायद शुरू, निगम के नोटिस पर आक्रोशित दुकानदार

फुटपाथ दुकानदार बसाओ संघर्ष समिति द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त व नगर आयुक्त को लिखा पत्र

प्रात : किरण ब्यूरो

- पांच दशक से लोग पीढ़ी दर पीढ़ी करते आ रहे हैं, रोजगार नगर आयुक्त आदेश वापस लें

भागलपुर। नगर निगम घंटाघर स्थित दुकानों को हटाने की दिशा में कवायद तेज कर दी है। दुकानदारों के नाम एक पत्र भी जारी कर दिया है। नगर आयुक्त के द्वारा 24 अगस्त को जारी पत्र में दुकानदारों से कहा गया है कि नये सिरे से दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया की जानी है। इसलिए एक सप्ताह के अंदर दुकानों को खाली कर दें, अन्यथा निगम दुकानों को खाली कराने में कानूनी प्रक्रिया अपनाने को मजबूर हैं।

नगर आयुक्त के इस पत्र के बाद स्थानीय फुटपाथ दुकानदारों के बीच खलबली मची हुई है। इन दुकानदारों की पीड़ा है कि कोरोना की मार से अभी तक उनका व्यवसाय उबर भी नहीं पाया था, कि नगर आयुक्त के इस पत्र ने एक और बड़ा झटका दे दिया है। इस मामले को लेकर फुटपाथ दुकानदार बसाओ संघर्ष समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक समिति के संरक्षक भाजपा नेता निरंजन प्रसाद साहा की अगुवाई में हुई। बैठक के बाद श्री साहा ने पत्रकारों से कहा कि घंटाघर में पिछले पांच दशक से लोग पीढ़ी दर पीढ़ी अपना रोजगार करते आ रहे हैं। बावजूद इसके इनके स्थायित्व स्वरूप की चिंता कभी भी किसी ने नहीं की। आज भी ये दुकानदार वक्त के थपेड़े झेलते आ रहे हैं।

श्री साहा ने बताया कि लंबे संघर्ष और आंदोलनों के बाद तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त हेमचंद्र सिरोही ने इन दुकानदारों समस्या पर संज्ञान लिया था। उनके द्वारा 350 दुकानदारों को आश्वस्त किया गया था कि आपकी दुकानों को स्थायीकरण प्रक्रिया में लाया जायेगा। उक्त दिशा में कदम भी बढ़े, कई तरह की प्रक्रिया शुरू हुई। दुकानदार भी इन प्रक्रियाओं को स्वीकारते हुए साथ चलते रहे थे। श्री सिरोही के द्वारा 50 लोगों को दुकान बनाकर आवंटित भी किया, लेकिन प्रमंडलीय आयुक्त श्री सिरोही के स्थानांतरण के बाद सारी प्रक्रिया थम गयी। जिन 50 दुकानदारों को निगम ने दुकान आवंटित किया था, अब उन्हें भी खाली करने को कहा जा रहा है। जबकि, सच्चाई यह है कि दुकान का निर्माण भी दुकानदारों के पैसे से ही कराया गया था। इतना ही नहीं, श्री सिरोही के समय किराये व मेंटेनेंस के नाम पर जो राशि तय की गयी थी, उसका बखूबी निर्वहन कर दुकानदार अपना रोजगार करते आ रहे हैं। मामले को लेकर श्री साहा ने बताया कि उक्त मामले को लेकर एक पत्र समिति की ओर से प्रमंडलीय आयुक्त और नगर आयुक्त को दिया गया है, और अनुरोध किया गया है कि दुकान खाली करने को लेकर जारी पत्र को अविलंब वापस लिया जाय।

तजिया जुलूस निकलने वाली पथ को 10 सितंबर पूर्व करे मोटरेबल

मुंगेर ब्यूरो प्रात : किरण

नगर निगम सभागार में चेहल्लूम और दुर्गा पूजा की तैयारी समीक्षा बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता नगर आयुक्त निखिल धनराज निमनिकर ने की । सदस्यों ने जहां शहर के चेहल्लुम से पूर्व सड़कों की मरम्मत की का मुद्दा उठाया वहीं करबल्ला कब्रिस्तान को अतिक्रमण मुक्त कराने की भी मांग किया। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि 16 और 17 सितंबर को चेहल्लुम पर्व के मौके पर ताजिया जुलूस को शहर में निकाला जाता है पहलाम कमेटी के जफर अहमद फैसल अहम रूमी ने कहा कि चेहल्लुम पर हर मोहल्ले से अखाड़ा व ताजिया जुलूस निकाला जाता है साथ ही मुर्गियाचक चौक पर सभी अखाड़ों का मिलन होता है उसके बाद करबल्ला कब्रिस्तान में पहलाम किया जाता है।

पहलाम पूर्व पाकिस्तान को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना अति आवश्यक होगा। कब्रिस्तान पर अवैध दुकानों को हटवाया जाए साथ ही ताजिया जुलूस वाले पशु शुरूआत से लेकर हजरतगंज बंसरी और हजरत गंज चौक से बाजार तक मुर्गियाचक से दिलवा पुर और शाह जुबेर रोड पूर्वसराय का मेला रोड के अलावा छोटी केलाबाड़ी शीतला मंदिर पथ की मरम्मत कराए जाएं उन्होंने कहा कि निकलने वाले पर खुदाई को तत्काल बंद कर दिया जाए नगर आयुक्त ने एजेंसी को और दुर्गा पूजा के मद्देनजर सड़कों की मरम्मत की पूर्ण करने का निर्देश दिए हैं प्रतिनिधि ने आगामी 10 सितंबर तक सड़क मार्ग को मोटरेबल किए जाने का आश्वासन दिए इसकी निगरानी के लिए नगर आयुक्त विनय कुमार को जिम्मेवारी दी गई है नगर आयुक्त ने हर हाल में दुर्गा पूजा के पूर्व शहर के सभी सड़कों को भूल कर लिए जाने का आदेश दिए हैं नगर आयुक्त को दिया है शहर के सभी मार्ग पर लाइट की व्यवस्था करने वाली कंपनी एस ए एल को आदेश देकर कहा है कि पर्व के पूर्व शहर में लाइटिंग का व्यवस्था तुरंत ठीक कर दे बैठक में उप नगर आयुक्त किशोर प्रसाद सिंह थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पांडे पहला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

जन समस्याओं को लेकर जल्द तेजस्वी यादव से मिलेंगे प्रतिनिधि मंडल:चक्रपाणि

हिमांशु यादव और तनवीर अहमद दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर । राष्ट्रीय जनता दल निर्वाचन पदाधिकारी के घोषित कार्यक्रम के तहत नवगछिया के आनंद निलय भवन स्थित राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस जिला नवगछिया के निर्वाचन पदाधिकारी बिहार राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव डॉ. चक्रपाणि हिमांशु ने किया।

बैठक में नवगछिया प्रखंड अध्यक्ष पद पर दूसरी बार हिमांशु कुमार यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वही नवगछिया प्रखंड के प्रधान महासचिव दिवाकर जयसवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। जबकि नवगछिया नगर परिषद के अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार मो. तनवीर अहमद को निर्विरोध चुना गया। वही नवगछिया नगर परिषद के प्रधान महासचिव पद पर दिलीप कुमार यादव को निर्विरोध निर्वाचित हुए है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह नवगछिया पुलिस जिला प्रभारी डॉ. हिमांशु ने कहा कि संगठन को काफी मजबूत करने की दिशा में गांव गांव जाकर सभी वर्गों के लोगों को संगठन में जोड़ा जाएगा। जिससे समाज के साथ साथ आम लोगों व दलितों का समुचित विकास हो सके। भ्रष्टाचार अपराध पर अभिलंब रोक लगाया जाएगा, कटाव से बेघर एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को पुनर्वास की व्यवस्था किया जाएगा। नवगछिया के विकास के लिए प्रतिनिधिमंडल बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मिलकर ज्ञापन देंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आठ साल के कार्यकाल में सभी सरकारी संस्थाओं को पूंजीपतियों के हाथों बेचकर देश को निजी करण के ओर ले जा रहे हैं। केंद्र सरकार लोगों को नौकरी देने के बदले छटनी करना प्रारंभ कर दिए हैं, देश का संविधान खतरे में है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार की बात नहीं कर के मंदिर और मस्जिद के नाम पर देश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं, महंगाई चरम सीमा पर है। इस मौके पर गोपालपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शैलेश कुमार यादव, सहायक पर्यवेक्षक पूनम झा, जिला अध्यक्ष अलख निरंजन पासवान, संजय मंडल, मनोज कुमार, महेश फौजी, सच्चिदानंद यादव, अजय सिंह, सुजीत कुमार, अशोक यादव, अभिलाषा देवी, भूपेंद्र यादव, सुभाष यादव, सुजीत मंडल, धर्मेंद्र यादव, मो. शमशेर, कानतेश कुमार उर्फ टीनू, विकास कुमार यादव, शुभम यादव, रणवीर सिंह, गौतम पासवान, आमोद यादव, सुधीर कुमार सिंह, बालमुकुंद यादव आदि राष्ट्रीय जनता दल के दर्जनों कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

राजद समर्थकों ने राजद के एमएलसी का किया अभिनंदन

हवेली खड़गपुर। नगर क्षेत्र के सोहन लाल चौक के समीप मुंगेर निकाय प्राधिकार राज्य विधान पार्षद अजय सिंह का राजद कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन समारोह आयोजन कर स्वागत किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष योगेश सर गोस्वामी ने किया जबकि संचालन नगर अध्यक्ष पंकज यादव ने किया इस अवसर पर एमएलसी ने जनप्रतिनिधि और राजद कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं को सुना और हर संभव सभी समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिए एमएलसी ने बताया कि किसी भी पंचायत प्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह हमें तुरंत जानकारी दें निश्चित रूप से उनकी समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा इसके पूर्व राजद समर्थकों ने एमएलसी का नागरिक अभिनंदन फूल माला पहना कर किया मौके पर छात्र राजद के जिला अध्यक्ष यीशु यादव विजयलक्ष्मी दयानंद निराला अली खान केदार यादव जिला महासचिव बिहारी यादव सहित कई कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे इसके पूर्व पंचायत के अंबेडकर चौक पर राजा समर्थकों ने राजन एमएलसी का भव्य स्वागत किया।

हत्यारे को फांसी की मांग को लेकर निकाला, कैंडल मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

- छात्रा अंकिता की हत्या के विरोध में सामाजिक संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च
- स्टेशन चौक से खलीफाबाग चौक होते हुए भगत सिंह चौक पहुंची, जहां पर कार्यक्रम समापन हुआ।

भागलपुर। दुमका की बेटी की मौत की घटना से शहर में दुःख और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। छात्रा की हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर आम लोगों की भीड़ सड़क पर उतर आयी है। उक्त मामले को लेकर भागलपुर में भी छात्रा अंकिता सिंह की बर्बरतापूर्ण हत्या के विरोध में सामाजिक संगठनों ने जन आक्रोश कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च स्टेशन चौक से खलीफाबाग चौक होते हुए भगत सिंह चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व पार्षद संतोष कुमार ने बताया कि सरकार के उदासीन रवैये के कारण झारखंड में लव जिहाद और धर्मांतरण के मामले धड़ल्ले से बढ़ते चले जा रहे हैं। सरकार ऐसे असामाजिक तत्वों को प्रश्रय देने का काम कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से स्पीडी ट्रायल चलाकर हत्यारे शाहरुख को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने की दिशा में पहल शुरू करने की मांग किये हैं।

11 को जीवन ज्योति केंद्र के सदस्यों द्वारा समारोह आयोजित कर आचार्य धर्मस्वरूप साहेब की दी जाएगी श्रद्धांजलि

पूर्णिया । स्वरूपलीन सदगुरुदेव आचार्य धर्मस्वरूप साहिब का श्रद्धांजलि समारोह 11 सितंबर को जीवन ज्योति केंद्र के तत्वाधान करने का निर्णय लिया गया है। श्रद्धांजलि सभा को सफल बनाने हेतु साधु संतों एवं कबीर पंथ से जुड़े भक्त समाज की एक बैठक जीवन ज्योति केंद्र में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महंत जितेंद्र दास ने की। बैठक में श्रद्धांजलि सभा को वृहत रूप में मनाने हेतु विस्तार पूर्वक विचार विमर्श हुआ विचारोपरांत एक कमेटी के गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से श्रद्धांजलि समिति के अध्यक्ष पद के लिए जय स्वरूप साहब का चुनाव किया गया तथा सचिव पद हेतु समाजसेवी संजीव कुमार शुभम को चुना गया जबकि उपाध्यक्ष पद हेतु चिदानंद साहेब, कोषाध्यक्ष पद हेतु महंत अनूप साहेब, उप कोषाध्यक्ष पद हेतु शिक्षासेवी तीर्थ आनंद मेहता का चयन किया गया।

कब्रिस्तान और श्मशान से लगातार मुर्दों की हो रही चोरी, हैरत में लोग

कसबा में पूर्व में भी कई बार हो चुकी है इस तरह की घटना, पुलिसिया कार्रवाई सिफर

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/ कसबा। पूर्णिया जिला में फैली अव्यवस्था के बीच इंसान की क्या बिसात, बल्कि अब तो यहां मुर्दे भी महफूज नहीं है। घरों में तो चोरी होनी की काफी खबरों को आपने सुना और पढ़ा होगा, लेकिन क्या कभी आपने कब्र से शव चोरी होने की खबर पढ़ी है नहीं ना। आज हम आपको ऐसी ही खबर बता रहे है जहां चोर कब्रिस्तान और श्मशान से शवों की चोरी कर रहे है। जी हां कब्रिस्तान से चोरी हो रहे शवों की बढ़ती घटनाओं ने लोगों को हैरत में डाला दिया है। हालात ये है कि अपनो के शवों की सालमती के लिए लोग काफी तनाव में है।

आखिर क्या है मामला: पूर्णिया जिला के कसबा थाना क्षेत्र के नॉलखा श्मशान घाट से कई लाशों की चोरी हो गई है। कुल 5 लाशें चोरों द्वारा गायब कर दी गई है। नॉलखा श्मशान घाट में वैसे हिन्दू जाति मरे हुए शव दफनाते है, जिनके पास शव को जलाने पैसे नहीं होते है। लाशों की चोरी खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण श्मशान घाट पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना है कि जब वह श्मशान घाट पहुंचा तो देखा कि वहां से पांच लाशें गायब है। ग्रामीणों ने तीन वर्ष पूर्व में भी यंहा से लाशें की चोरी हुई थी। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। यह दूसरी घटना है। लोगों का कहना था कि आखिर चोरी की गई लाशें जाती कंहा है। इस बात को लेकर लोगों में संशय बकरार है।यंहा के ग्रामीण तथा अंतररास्तीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष बमबम साह ने बताया कि पहले भी इस श्मशान घाट से पहले भी लाशें चोरी हुई थी।

इसी घटना को पुनः चोरों के द्वारा दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि अब मुर्दे भी सुरक्षित नहीं है घरों में चोरी होती ही है। लेकिन अब शमशान से शव की चोरी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गरीबी चलते जो लोग पैसे के आभाव में शव को जलाने के जगह दफना देते है उसकी शव चोरी हो रही है। लोगों ने श्मशान घाट की घेराबंदी की मांग की है। इधर कसबा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि कोई लिखित सूचना नहीं मिली है मिलते ही घटना की जांच की जाएगी जल्द ही मामले का पदार्फाश हो जाएगा।

तांत्रिक क्रिया का शक: वहीं लोगों का कहना है कि कब्रों से शवों को चुराकर उनके साथ तांत्रिक क्रिया की जा रही है। साथ ही लोगों का मानना ये भी है कि लाशों की तस्करी कर उसे मेडिकल कॉलेज या मानव अंगों की तस्करी के लिए चोरी किया जा रहा है। खैर कब्र से शव चोरी होने के बाद लोगों को डर सताने लगा है कि कहीं कोई उनके अपने का भी शव कब्र से निकाल कर न ले जाए।

पहले भी कसबा में हुई है घटना – ज्ञात हो कि 21 दिसंबर 2014 को अज्ञात चोरों ने मदारघाट स्थित शमशान घाट में दफनाए गए पांच कब्रों से मुर्दे गायब कर दिए थे। इससे पूर्व इससे पूर्व 24 नवंबर 2014 को चोरों ने नौलखा मंदिर स्थित श्मशान घाट में पांच कब्रों को उखाड़कर पांच मुर्दो की चोरी कर ली थी। इस दोनों घटनाओं में एक समानता रही कि सिर्फ पांच मुर्दे ही चुरा रहा है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की सफलता को लेकर वेबिनार का आयोजन

क्षेत्रीय स्तर से लेकर जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान अगले महीने शुरू होने वाली है। इसे लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि आगामी 20 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जायेगा, 23 सितंबर को मॉप-अप दिवस होगा। इस अभियान के तहत जिले में 01 से लेकर 19 आयु वर्ग तक के सभी बच्चे एवं किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति के लिए अल्बेंडाजोल दवा खिलायी जायेगी। इसमें प्रभारी आरएडी डॉ एसके वर्मा, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इकबाल, क्षेत्रीय आशा समन्वयक प्रियंका कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी शिवनाथ रजक, डीपीएम ब्रजेश कुमार सिंह, डीसीएम संजय कुमार दिनकर, डीएमएंडई आलोक कुमार, आईसीडीएस की डीपीओ राखी कुमारी, जीविका के डीपीएम सुनिर्मल के अलावा प्रखंड स्तर पर एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम, बीईओ, सीडीपीओ सहित कई अन्य अधिकारीशामिल हुए।

01 से 19 आयु आर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क खिलाई जाएगी अल्बेंडाजोल गोली : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ एसके वर्मा ने बताया कि जिले के सरकारी एवं गैर विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, संस्कृत विद्यालय सहित सभी तकनीकी शिक्षण संस्थानों जैसेः पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई सहित गैर तकनीकी संस्थानों एवं आगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 01 से 19 आयु वर्ग के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल (400 मिलीग्राम) की गोली खिलाई जाएगी। अल्बेंडाजोल दवा की आपूर्ति ससमय जिला औषधि एवं स्वास्थ्य केंद्रों के औषधि भंडारण पर सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

अल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद उल्टी या मिचली महसूस होती है तो घबराने की जरूरत नही : डीपीएम

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर कई प्रकार के हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं। जिस कारण बच्चों में कुपोषण, खून की कमी, भूख न लगना, बेचैनी, पेट में सूजन और उल्टी दस्त से परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि दवा खाने के बाद यदि किसी को ह उल्टी या मिचली महसूस होती है तो घबराने की जरूरत नहीं हैं। बच्चों के पेट में ज्यादा कीड़े होने पर दवा खाने के बाद सरदर्द, उल्टी, मिचली, थकान होना या चक्कर आना या महसूस होना आम बात है। कुछ देर के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है।

अपनी धरोहर और संस्कृति को बचाने के लिए एक साथ होकर कार्य करने की है जरूरत : विहिप

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/ कसबा । हमारा उद्देश्य है कि हम मिलजुल कर अपनी भारतीय संस्कृति व अपनी परंपरागत धरोहर को बचाए रखने तथा समाज में होने वाली कुरीतियों से हम अपनी भारतीय संस्कृति व पहचान को बचाये रखने के लिए एक साथ होकर कार्य करें। यह तभी संभव है जब हम-सब मिल-जुल कर सेवा सुरक्षा वह संस्कार की रक्षा के लिए तन-मन-धन से व संगठित रूप से मिलजुल कर कार्य करें। क्योंकि अत्याधुनिकता के नाम पर बदलते परिवेश में हमारे भारतीय संस्कृति और परंपरा का विनाश हो रहा है। इसके अंतर्गत कई मुद्दे हैं गौहत्या, धर्मांतरण लव-जिहाद जैसी कई विनाशक गतिविधियां धर्म विरोधी लोगों द्वारा चलाई जा रही है। जिससे हमें अपने धर्म की रक्षा, समाज की रक्षा, अपनी परंपरा की रक्षा, व भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु, हमें जात-पात, भेद-भाव से उपर उठकर, संगठित होकर कार्य करने की जरूरत है।

उक्त बाते पूर्णिया जिला के रूपौली के तेलडीहा में विहिप बजरंगदल की एक बैठक में जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने कही। बैठक में रुपौली प्रखण्ड के कई पंचायतों के युवाओं ने भाग लिया। श्री पोद्दार ने विहिप बजरंगदल के स्थापना और उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की। वहीं इस मौके पर जिला सह मंत्री मनीष भारती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विहिप का धेय्य वाक्य धर्मो रक्षति रक्षितः एवं बजरंगदल का धेय्य वाक्य सेवा सुरक्षा एवं संसकार है। बैठक में जिला से आए पदाधिकारी ने अपनी अपनी बात रखी और कहा की रूपौली प्रखण्ड के सभी पंचायतों एवं गांव में संगठन का विस्तार कर इकाई गठित कर दिया जाएगा। इस बैठक में जिला सह मंत्री मनीष भारती ने दायित्व की घोषणा की। रविशेखर कुमार को तेलडीहा इकाई अध्यक्ष, चंदन जयसवाल को उपाध्यक्ष, ललन जयसवाल को मंत्री, अजीत कुमार चौथे को सह मंत्री, ललन कुमार सिंह संयोजक, मोनू कुमार सहसंयोजक, रवि कुमार गुप्ता मिलन केन्द्र प्रमुख, एतवारी यादव संसकृति प्रमुख का दायित्व प्रदान किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार, जिला सह मंत्री मनीष भारती, जिला उपाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह, जिला सह संयोजक गुड्डू, पटेलनगर अध्यक्ष विनित भदोरिया, नगर उपाध्यक्ष निलाभरंजन झा, जिला अखाड़ा प्रमुख अभिनव राज केशरी, विपिन कुमार, अश्वनी कुमार, गुरु शरण कुमार सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

आयुक्त मगध प्रमंडल द्वारा आईवीआरएस, मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट का किया गया लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता



गया। आयुक्त मगध प्रमंडल ने कहा कि पहले की तुलना में वर्तमान वर्षो में तीर्थ यात्रियों की सुविधा को सरल बनाने हेतु बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहा है। विभिन्न जानकारियां / शिकायतों अथवा यात्रियों को मदद हेतु जिला प्रशासन द्वारा अनेकों कार्य किया जा रहा है। लोकार्पण के अवसर पर जिला पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने कहा कि पिंडदान ऐप एवं वेबसाइट जिला प्रशासन द्वारा आयुक्त मगध प्रमंडल के कर कमलों से लोकार्पण किया गया। इसके अलावा पहली बार आईवीआरएस का लोकार्पण भी आयुक्त मगध प्रमंडल द्वारा किया गया है। इसमें घर बैठे बैठे देश-विदेश के कोने-कोने के तीर्थयात्री अपनी जरूरत के अनुसार पूरी जानकारी ले सकते हैं, जो भी तीर्थयात्री, गया आने के पहले तैयारियां के संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तीर्थ यात्रियों की जो भी समस्याएं अथवा परेशानी हो वह कम से कम हो, इसके लिए लगातार कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा हेतु होटल, वाहनों की व्यवस्था, पंडा जी का सूची, परिवहन व्यवस्था पर्यटक स्थलों का सूची इत्यादि का पूरी जानकारी वेबसाइट, ऐप तथा आईवीआरएस पर उपलब्ध है। आईवीआरएस के तहत सीधे तौर पर कॉल फ्लो स्थापित कराने की व्यवस्था रखी गईहै, जिसके माध्यम से एक के बाद एक नंबर डाइवर्ट होते रहेगा और सीधे-सीधे संबंधित पदाधिकारियों से सीधा संवाद करते हुए अपनी शिकायतों का समाधान करवा सकते हैं। इसका डैशबोर्ड के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण भी सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया जा चुका है। इसके अलावा कंट्रोल रूम में हंटिंग लाइन की भी व्यवस्था रखी गई है, जिसमें लोग अपने कॉल करके अपनी समस्या तथा जानकारी को प्राप्त कर सकते हैं। मे आई हेल्प यू डेस्क भी मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित कराया जा रहा है। मे आई हेल्प यू जैकेट पहनकर वालंटियर भी मेला क्षेत्र में क्रियाशील रहेंगे।

पूर्णिया नगर निगम के लोगों की मेयर के रूप में पहली पसंद हैं राजकुमार चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । नगर निगम चुनाव के तिथि की घोषणा विधिवत रुप से हो गयी है। चुनाव की घोषणा मात्र से ही पूर्णिया नगर निगम चुनाव को लेकर सियासी ताना-बाना दिखना आरंभ हो गया है। मेयर प्रत्याशी के रूप में कई नाम सामने आने लगे हैं. इन नामों में कई पुराने और चर्चित चेहरे हैं तो कई नए चेहरे भी। मेयर प्रत्याशी के रूप में अलग-अलग नामों को लेकर मतदाताओं की बीच चचाओं का दौर भी तेज हो गया है। इन नामों के बीच एक नाम ऐसे भी हैं जो आम मतदाताओं के बीच खासा चर्चा का विषय बना हुआ है और वह नाम है शहर के जाने-माने हस्ती कुशल बिजनेसमैन प्रखर समाजसेवी राजकुमार चौधरी का। इन दिनों शहर का ऐसा कोई चौक चौराहा नहीं जहां नगर निगम चुनाव की बात हो और राजकुमार चौधरी के नाम की चर्चा न हो। पूर्णिया नगर निगम में मेयर पद के होने वाले चुनाव में आखिर ऐसी क्या विवशता है कि मेयर प्रत्याशी के अलग-अलग नामों के बीच मतदाताओं का केंद्र बिंदु बना हुआ है राजकुमार चौधरी। पत्रकारों की एक टीम जब भावी प्रत्याशी को लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग उम्र के महिला पुरुष और युवा पीढ़ी के मतदाताओं से इस विषय को लेकर चर्चा की कि आखिर ऐसी क्या विवशता है कि आज पूर्णिया नगर निगम में मेयर पद के लिए एक ऐसे व्यक्ति का नाम खासा चर्चा का विषय बना हुआ है जो शुद्ध रूप से कुशल व्यापारी हैं जबकि पूर्णिया नगर निगम को विकास की राह पर लेकर चलने वाला कई राजनीतिक व्यक्ति का भी नाम सामने आ रहा है।

संक्षिप्त खबरें

सीएस के निरीक्षण में सीएचसी के डकृटर अनुपस्थित

मुजफ्फरपुर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ,मुसहरी का आज सिविल सर्जन डॉ. उमेशचंद्र शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। वह सुबह 9.45 बजे पहुंचे थे। इस दौरान चिकित्सक उपस्थित नहीं थे। पर्चा कटाकर तीन मरीज ओपीडी के बाहर खड़े थे। इसपर सीएस ने खुद तीनों मरीज की जांच कर दवा लिखी। इसके बाद सीएस प्रसव कक्ष में पहुंचे। वहां उन्होने एएनएम सहित भर्ती मरीजों है पूछ ताछ की। उनका पुर्जा देखा। प्रसव कक्ष के बाथरूम की गंदगी देख सीएस ने सफाई कर्मी को डांट लगाई। जांच के दौरान प्रभारी चिकित्सक ,ओपीडी चिकित्सक ,स्वास्थ प्रबंधक सहित अन्य अनुपस्थित कर्मियों की सीएस ने हाजिरी काट दी और एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण पूछा है।

पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है बिहार में गया भाजपा

गया। भाजपा गया जिला बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गया जिला के अंतर्गत अपराध में लगातार वृद्धि हो रही है। जब से नीतीश कुमार भाजपा से अलग हुए हैं तब से बिहार में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। आज गया चंदौती थाना अंतर्गत शिवपुरी कोलोनी में एक प्रतिष्ठित पत्रकार राजीव प्रसाद के घर में घुसकर दिन के 10 बजे भीषण डकैती का अंजाम दिया गया। गया शहर के बीच स्थित घर में दिनदहाड़े सभी परिवारों को बंधक बनाकर लूटपाट करना अपराधियों के मनोबल को दशार्ता है। अब जनता का विश्वास नीतीश कुमार पर से उठ गया है। बिहार में अपराधियों का बहार है, सरकार में नीतीश कुमार है। जिनसे बिहार नहीं संभल रहा है वो देश संभालने का ख्वाब देख रहे हैं। युगेश कुमार भाजपा जिला प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी गया।

लघु सिंचाई विभाग ने डीएम को दी फर्जी रिपोर्ट

मुजफ्फरपुर। जिले के किसान सूखे की मार से त्राहि त्राहि कर रहे हैं और लघु सिंचाई विभाग राजकीय नलकूपों के चालू होने सम्बंधी फर्जी रिपोर्ट देकर जिला प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहा है। लघु सिंचाई विभाग ने चालू हालत वाले नलकूपों की गलत रिपोर्ट डीएम को सौंपी है। इसका खुलासा कृषि विभाग की जांच में हुआ है। प्रमंडल ने टास्क फोर्स की बैठक में डीएम को जो रिपोर्ट दी लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा सौंपी गई थी उसमें बताया था कि जिले में 461 नलकूप हैं, जिनमें से 211 कार्यरत हैं और 250 बंद हैं। इसके बाद डीएम ने कृषि विभाग को प्रखंडवार जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर सभी पंचायतों में कृषि समन्वयकों व किसान सलाहकारों ने नलकूपों की जांच की। इसमें पाया गया कि जिले में 114 नलकूप ही चालू हैं। वहीं, 351 नलकूप बंद पाए गए हैं।

खाद नही मिलने के कारण धान का फसल बर्बाद हो रहा

मधवापुर/मधुबनी। जिला पंचायती राज पदाधिकारी के किया विभिन्न योजनाओं की जांच। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार प्रखंड के पिरौखर पंचायत में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जहां सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच की गई। कैंप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार भी पहुंचे। जहां किसानों ने खाद की किल्लत को बहुत बड़ी समस्या बताया। किसानों ने कहा कि साहब ना ही पैक्स में उर्वरक मिलता है और ना ही लाइसेंसी दुकान में ही खाद उपलब्ध है। जिसके कारण हमलोगो के धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो रहा है। पदाधिकारी ने शीघ्र खाद को पंचायत में उपलब्ध कराने का निर्देश बीएओ को दिया। वही पंचायत में जलजमाव की समस्या को भी अवगत कराया गया। वही दो जगहों पर अंचलाधिकारी रामकुमार पासवान पुलिस बल के साथ पहुंचकर अतिक्रमण को खाली कराया।

गोलीबारी की घटना को लेकर जांच में जुटी, सीआईडी व एफएसएल की टीम

पीरपैंती (भागलपुर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूर दियारा क्षेत्र के कहलगांव टोला में विगत दिनों हुए गोलीबारी मामले को लेकर भागलपुर सहायक विधि विज्ञान प्रयोगशाला सह गृह विभाग सीआईडी के सर्वेशतम कुमार व उनकी टीम घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की आरोपी अपराधियों के घर पर पहुंच कर छानबीन की। जिसमें मेटल डिटेक्टर मशीन द्वारा गोलीबारी में प्रयोग किए गए हथियार एवं गोली खोखा को खोजा गया। साथ ही घटना के तह तक जाने के लिए घटना स्थल पर स्क्वायड डॉग टीम की मदद से आसपास क्षेत्र मेंखोज बिन की। एफएसएल टीम के साथ पीरपैंती थानाध्यक्ष राजकुमार, एसआई कन्हैया कुमार, उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर नीलमणि कुमार सहित दर्जनों जवान मौजूद रहे। वही सीआईडी गृह विभाग के सर्वोत्तम कुमार ने बताया कि क्षेत्र काफी बड़ा रहने के कारण यहां मेटल डिटेक्टर से भी खोज बिन किया जा रहा है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला सह गृह विभाग सीआईडी और पीरपैंती थाना के द्वारा कठिन प्रयास किया जा रहा है। इस मामले के तहतक जाने का घटना स्थल से खून से सना एक कपड़ा मिला है, और साथ ही उन्होंने बताया कि बम बनाने से भी संबंधित कुछ सामग्री प्राप्त हुई है।

रिविलगंज में दिव्यांग उपकरण सर्वेक्षण शिविर के लिए लगा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। सांसद राजीव प्रताप रूडी के पहल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। उन्हें आवशयकतानुसार कृत्रिम अंग और दिव्यांग सहायक उपकरण मुफ्त में मुहैया कराया जायेगा। इस दौरान सांसद के कार्यकर्ता उन्हें नियंत्रित कर उन्हें रजिस्ट्रेशन में पुरे दिन सहायता करते रहे। वही सांसद राजीव प्रताप रूडी ने दिव्यांग जनो से दूरभाष पर बात किये, सांसद ने पीएम मोदी की सराहना करतें हुए कहा की पीएम मोदी ने ही शारीरिक रूप से अक्षम लोगो के लिए विकलांग के बदले दिव्यांग शब्द को सुझाया जिसे पुरे देश के लोगो ने स्वीकार किया। जिसके बाद मोदी सरकार ने दिव्यांगों के कल्याणार्थ योजनाओं को धरातल पर लाया। इस मौके पर विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि यह सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा बहुत ही अच्छा कदम है जिसमे सभी

जरूरतमंद दिव्यांग को लाभ मिलेगा। बुधवार को आयोजित दिव्यांग सर्वेक्षण शिविर में 300 से अधिक पंजीकरण किया गया। वही दिव्यांगो और उनके परिजनों ने सनद को साधुवाद दिया। धर्मेन्द्र सिंह चैहान ने कहाँ सांसद राजीव प्रताप रूडी लगातार इस प्रकार का आयोजन करतें रहते है इस शिविर में उपस्थित कार्यक्रम कि अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद , मुख्य अतिथि विधायक डॉ सी एन गुप्ता, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी शेखर सिंह बिहार भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चैहान, प्रदेश प्रवक्ता भाजयुमो राणा यशवन्त ,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन कुमार सिंह,राणा प्रताप सिंह,जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह, रिविलगंज प्रखण्ड के मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ नगर पंचायत के मुखिया अजित सिंह , रिविलगंज नगर के पूर्व चेयर मैन इंदू देवी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह , विधान पार्षद रिविलगंज प्रतिनिधि मनोज सिंह ,पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष गामा सिंह,इनई पंचायय के मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह, कचनार मुखिया नागेंद्र राम, रिविलगंज नगर अध्यक्ष अनुरंजन प्रसाद, वरिष्ठ कार्यकर्ता भोला सिंह ,सदर मण्डल अध्यक्ष रविभूषण मिश्रा, सुधीर सिंह,संजीव कुमार,अखिलेश्वर सिंह,रामबाबू राय, वार्ड पार्षद मोहन मुरारी गुप्ता रहे।

7वीं चन्द्रगुप्त स्मृति एवं 8वीं जुनियर राज्य भारोत्तोलन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। 7वीं चन्द्रगुप्त स्मृति एवं 8वीं जुनियर राज्य भारोत्तोलन 7वीं चन्द्रगुप्त स्मृति एवं 8वीं जुनियर राज्य भारोत्तोलन बालकध्बालिका प्रतियोगिता-2022 का आयोजन दिनांक 2 सितंबर से 4 सितंबर 2022 तक सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, विकास नगर, चांदमारी रोड छपरा, में होने वाला हैं जिसके तैयारी के लिए एक बैठक 31 अगस्त को समय जिसमें प्रतियोगिता के सम्बन्ध बताया गया।

शकार्यक्रम में संरक्षक डॉ. हरेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह,दीपक कुमार सिंह के उपस्थिति में बताया गया कि प्रतियोगिता में बिहार के लगभग 30 जिला के 50 से 70 बालिका खिलाड़ी 100 से 125 बालक खिलाड़ी टोटल। 170-175 खिलाड़ियों को भाग लेने की संभावना है। निर्णायक मंडल के

20 सदस्य बिहार के विभिन्न जिला से आने वाले हैं जिसमें अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय निर्णायक शामिल हैं। बिहार के खिलाड़ी भोला सिंह, जहानाबाद ने, राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बिहार के लिए तीन गोल्ड मेडल लिया। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय रिकार्ड भी बनाया खेलों इंडिया में भी गोल्ड मेडल लेकर बिहार का नाम रौशन किया। जिसके साथ-साथ और भी बहुत राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त अवसर पर बिहार भारोत्तोलन संध के महासचिव सुरेश प्रसाद सिंह भी उपस्थित थे।

गायघाट में निरीक्षण में गायब मिले पीएचसी प्रभारी समेत चार चिकित्सक

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। पीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे सीएस डां उमेश चन्द्र शर्मा ने प्रसव कक्ष, ओपीडी, दवा की जांच की। पीएचसी के औचक निरीक्षण में पीएचसी प्रभारी समेत चार डॉक्टर व हेल्थ मैनेजर गायब मिले। सीएस ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गायघाट पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे सीएस डा.उमेश चन्द्र शर्मा ने प्रसव कक्ष,ओपीडी,दवा भंडारण केंद्र के अलावा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ. मो. नबाब गुल्लाब रब्बानी से अचानक ड्यूटी रजिस्टर की मांग कर दी। सीएस की जांच के दौरान पीएचसी प्रभारी दीप नरायण महतो दीपक समेत चार चिकित्सक व हेल्थ मैनेजर अनुपस्थित पाए गए। डॉक्टरों के ड्यूटी से गायब पाए जाने पर सीएस डा. शर्मा ने मौजूद डाक्टर पर बिफर गए। उन्होंने अविलंब ड्यूटी से गायब प्रभारी समेत चार डॉक्टर व हेल्थ मैनेजर पर शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश देने के साथ-साथ स्पष्टीकरण की मांग की। सीएस ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रभारी समेत चार डाँक्टर व हेल्थ मैनेजर अनुपस्थित पाएं गए हैं।अनुपस्थित पाए जाने वाले चिकित्सकों में डां कालीचरण रजक, डां आशुतोष कुमार, डां चन्द्र मनी, डां मनोज प्रभाकर आदि शामिल हैं।

बीसीए ने सत्य प्रकाश यादव को किया सम्मानित

छपरा। जदयू के पूर्व प्रांतीय सलाहकार एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न खेलों को बढावा देने के प्रति समर्पित रहने वाले सत्य प्रकाश यादव को बिहार क्रिकेट कैंप में भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी सुरेन्द्र खन्ना एवं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार ने सम्मानित किया। श्री यादव को दोनों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि क्रिकेट के प्रति लगाव रखने एवं इसे अनवरत बढावा देने के प्रति जागरूक रहने वाले श्री यादव को यह सम्मान दिया जा रहा है। अपने सम्मान के प्रतियोत्तर में श्री यादव ने कहा कि सारण प्रमंडलीय मुख्यालय छपरा सहित अन्य जिलों में क्रिकेट सहित अन्य खेलों को किसी न किसी प्रतियोगिता के बहाने बढावा देने का प्रयास करता हूं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों को आगे बढाने उनके मनोबल को उच्चा करने एवं उनमें शैक्षणिक गतिविधि को जागरूक करने का प्रयास अनवरत जारी रहता है।

मृतक के परिजनों से मिले पूर्व उपमुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने गरखा थाना के पिठाघाट ग्राम निवासी वीरा माँझी के पुत्र सिकंदर माँझी जिनकी पुलिस अभिरक्षा में पिटाई के कारण मृत्यु हो गई थी परिवार एवं पीड़ित परिजनों से मिले। श्री मोदी ने कहा कि यह मामला पुलिस द्वारा पिटाई के कारण हत्या का मामला बनता है।

प्रशासन पुलिस पुलिस एवं पुलिस कर्मियों को बचाने में लगी है, पर दोषी बच नहीं पाएंगे। मामला को राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग तथा राष्ट्रीय एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग में भेजा जाएगा। सरकार पीड़ित परिवार को 400000 रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने

मांग की शराब पीने के कारण जो लोग जेल में हैं सरकार रिहा करे एवं एक बार सुधारने का मौका दें। उनके साथ माननीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक कृष्ण कुमार सिंह मंटू ,डॉ ब छ गुप्ता विधायक छपरा,पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, बनियापुर से पूर्व प्रत्याशी प्रत्याशी वीरेंद्र ओझा ,अनुसूचित जाति के प्रदेश मंत्री ई राहुल कुमार पासवान ,पूर्व महामंत्री श्री निवास सिंह ,पूर्व जिला प्रवक्ता राजेश सिंह ,सुभाष राम ,दिलीप सिंह, धनंजय सिंह ,मनजीत सिंह, बृजमोहन सिंह, प्रोफेसर हरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह, धीरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह आदि शामिल थे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने गरखा थाने के पिठाघाट ग्राम निवासी वीरा माँझी के पुत्र सिकंदर माँझी जिनकी पुलिस अभिरक्षा में पिटाई के कारण मृत्यु हो गई थी उनके पीड़ित परिजनों से मिले। श्री मोदी ने कहा कि यह मामला पुलिस द्वारा पिटाई के कारण हत्या का मामला बनता है ।प्रशासन पुलिस एवं पुलिस कर्मियों को बचाने में लगी है, पर दोषी बच नहीं पाएंगे। मामले को राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग तथा राष्ट्रीय एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग में भेजा जाएगा। सरकार पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने मांग की शराब पीने के कारण जो लोग जेल में हैं सरकार रिहा करे एवं एक बार सुधारने का मौका दें। उनके साथ माननीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक कृष्ण कुमार सिंह मंटू ,मनोज सिंह, डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह, धीरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह आदि शामिल थे।

श्री गणेश पूजनोत्सव धार्मिक अनुष्ठान को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

प्रात : किरण संवादाता

जयनगर/मधुबनी। आस्था के साथ भक्ति मय माहौल में मनाया जा रहा है श्री गणेश पूजनोत्सव ।गणपति बप्पा मौर्या के जयकारों से क्षेत्र गुंजयमान हो रहा है। मधुबनी जिला के जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा श्री गणेश पूजनोत्सव धर्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आस्था पूर्वक साथ भक्ति भाव से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्री गणेश पूजनोत्सव को लेकर क्षेत्र में विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा बैंड बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शहरी क्षेत्र यूनियन टोल वार्ड तीन हनुमान मंदिर के समीप श्री गणेश पूजनोत्सव नवयुवक सेवा

कमिटी के तत्वाधान में कमिटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान के नेतृत्व में चार दिवसीय श्री गणेश पूजनोत्सव सह धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन को लेकर पूजन स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। सर्व कल्याण हेतू चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन आज से शुरू हुआ। गणपति बप्पा मौर्या के जयकारें से क्षेत्र गुंजयमान हो धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से भक्तिमय में हो गया है।

पूजन स्थल पंडित के द्वारा पूजा अर्चना कर हाथो में ध्वज लिये बैंड बाजे ढोल नागरें के साथ झूमते हुए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पूजन स्थल से शुरू होकर शहर भ्रमण कर कमला नदी से कलशों मेव जल बोझकर पुन पूजन स्थल पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ कलशों को स्थापित किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुभक्तजनो के द्वारा गणपति बप्पा मौर्या के जयकारें लगा रगे थे उद्घोष से क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था। आयोजकों ने बताया कि ईश्वर की आराधना का सबसे सुगम मार्ग भजन कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान का कार्यक्रम आयोजित करना हैं। कोविड के दो वर्षो के बाद पुन विगत वर्षो के भांति ईस वर्ष भी सभी के सहयोग से चार दिवसीय भव्य श्री गणेश पूजनोत्सव विशेष पूजा पाठ, हवन विभिन्न मंडलियों के द्वारा भजन कीर्तन भक्ति सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम प्रसाद वितरण भंडारा अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। सर्व कल्याण हेतु शुभमंगलमय आगमन सभी के मंगल की कामना विश्व मे शांति बना रहा हैं व्यपाड़ में बढ़ोतरी, विश्व मे शांति मुल्क की तरक्की आपसी भाई चारा प्रेम सद्भाव महामारी का खात्मा आपदाओं और विपदाओं से बचाव को लेकर यह चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा हैं।

प्रशासन आपके द्वार के तहत शिलानाथ दुल्लीपट्टी पंचायत में कैंप लगाकर समस्याओं का किया गया ऑन स्पॉट निष्पादन

जयनगर/मधुबनी। पंचायतों में चल रही योजनाओं का पदाधिकारियो की टीम के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। पंचायत के माध्यमिक उच्च विद्यालय दुल्लीपट्टी में कैंप लगाकर समस्याओं का किया गया ऑन स्पॉट निष्पादन। शिलानाथ दुल्लीपट्टी पंचायत में स्थानीय समस्याओं के निराकरण हेतु लगाए जाने वाले कैंप में प्रखंड बिकास पदाधिकारी ने निरीक्षण करने जयनगर प्रखंड क्षेत्र के शिलानाथ दुल्लीपट्टी पंचायत में पंहुचे। वहां उनके द्वारा न केवल कैंप की गतिविधियों की पड़ताल की गई बल्कि पंचायत में भ्रमण कर विभिन्न समस्याओं का जायजा भी लिया गया। उन्होंने पाया कि पंचायत के वार्ड संख्या 12 में व्यस्त सड़क पर गहरा जल जमाव है। उन्होंने तत्काल कार्यपालक अभियंता नेशनल हाईवे 527 बी दुल्लीपट्टी दुर्गा मंदिर के सामने जल जमाव से लोगों को निजात दिलाने के लिए अविलंब कदम उठाने के निर्देश दिए। शिविर में मौजूद दुल्लीपट्टी के किसान मनोज सिंह समेत स्थानीय लोगों ने प्रखंड बिकास पदाधिकारी उमा भारती को जानकारी दी कि उनके खेतों में सिंचाई के लिए नहर का पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है।

घुमंतू समुदाय के बीच एक्शन एड ने मनाया विमुक्ति दिवस

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा।आज मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां प्रखंड के सरफुद्दीनपुर तथा बोचहां कर्णपुर दक्षिणी में घुमंतू समुदाय, विशेषकर करोड़ी समुदाय के साथ एक्शन एड के तत्वावधान में विमुक्ति दिवस मनाया गया। अपराधी होने की आधिकारिक छाप से घुमंतू समाज को आज के हीं दिन 31 अगस्त 1952 को मुक्ती मिली थी ।

ज्ञात हो कि अंग्रेजी शासन काल मे 'आपराधिक जनजाति अधिनियम' 1871 में लागू हुआ तब से इन घुमंतू जनजातियों को सामज के मुख्य धारा के लोगों तथा शासकों द्वारा लगातार सताया गया । एक्शन एड के प्रयास से मुजफ्फरपुर जिले के करोड़ी ,नट ,चिड़ीमार ,मदारी , बंजारा ,पतथलकट जातियों के साथ मिलकर मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास जारी है । इन्हें कोरोना काल व बाढ़ के समय एक्शन एड के द्वारा तीरपाल शीट व राशन सामग्री प्रतिष्ठा के साथ वितरित की गई थी। इसी क्रम में आज विमुक्ति दिवस के अवसर पर समुदाय के वास स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। आज के दिन भी यह समुदाय मुख्यधारा से बिल्कुल अलग है। इनमें से कई को ना तो स्थाई घरबार है ना हीं किसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव। महिलाएं और बच्चे भीख मांग कर जीवनयापन करते हैं। समुदाय के पुरुष मधु निकालने का काम करते हैं। परन्तु मधुमक्खियों का छत्ता अब खुले में कम लगता है इसलिए इनको पुराने कारोबार से निकाल कर नए कारोबार के संबंध में अरविन्द कुमार, जिला समन्वयक, एक्शन एड द्वारा जानकारी दी गई ।

घुमंतू समुदाय को मुख्यधारा में जोड़ने को लेकर केन्द्र सरकार की 'सीड' कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा तथा जीविकोपार्जन पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक, एक्शन एड, राजगीर कुमार ने समुदाय के सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की चर्चा तथा उन्हें हासिल करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। साथ ही समाज के सभी वर्गों, सरकारी पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को भी इन घुमंतू समुदाय के प्रति जागरूक होकर संवेदनशील होने की अपील की गई।

खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

जयनगर/मधुबनी। आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता में नरार की टीम विजेता रही। मौके पर एसएसबी के कई जवान और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मधुबनी जिला के जयनगर स्थित प्लस टू विद्यालय परिसर मैदान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र मधुबनी के तत्वावधान में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य मो नुरुल्लाह खेल प्रशिक्षक प्रमोद कुमार महिला मण्डल की सचिव प्रतीक्षा प्रिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रगति महिला मंडल द्वारा बालक और बालिका वर्ग में साइकिल रेस बोरा दौड़ चम्मच दौड़ बैडमिंटन वॉलीबॉल समेत अन्य कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर और खेल मैदान में हुआ। प्रधानाध्यापक मो नुरुल्लाह उच्च विद्यालय खैरा टोल के शिक्षक सह खेल प्रशिक्षक प्रमोद कुमार और प्रगति महिला मंडल के सचिव प्रतीक्षा प्रिया द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बालिका वर्ग में साइकिल रेस में प्रथम कल्पना कुमारी और द्वितीय रिंकी कुमारी रही। बोड़ा दौर में प्रथम स्थान प्रतीक्षा प्रिया और द्वितीय स्थान पूजा कुमारी ने प्राप्त किया ।चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान संजना कुमारी और द्वितीय स्थान नेहा कुमारी ने प्राप्त किया।

प्रशासन आपके द्वार में छाया रहा नल जल का मुद्दा

प्रात : किरण संवादाता

कलुआही/मधुबनी। शिविर का निरीक्षण करने के लिए डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने पहुंचा डीएम ने मौजूद शिकायती आवेदन काउंटर पर पूछताछ की इसके बाद स्वास्थ्य शिविर कैंप का निरीक्षण किया। मधुबनी जिला के कलुआही मे बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कलुआही प्रखंड के मलमल उत्तर पंचायत में पंचायत सरकार भवन पर विकास शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का निरीक्षण करने के लिए डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने पहुंचा डीएम ने मौजूद शिकायती आवेदन काउंटर पर पूछताछ की, इसके बाद स्वास्थ्य शिविर कैंप का निरीक्षण किया निरीक्षण के बाद उन्होंने स्थानीय मुखिया एवं लोगों से नल जल के संबंध में पूछताछ किया। लोगों ने पूरे पंचायत में नल जल में पानी नहीं मिलने एवं उसमें अनियमितता की शिकायत की। आपको बता दे की पंचायत के अधिकांश वार्ड में पीएचइडी विभाग द्वारा नल जल योजना चालू है जिसकी स्थिति लोगों ने दयनीय बताया। लोगों की शिकायत पर डीएम पीएचईडी के जेई सत्य प्रकाश से पूछा उसने कहा

की सभी वार्डो में नल जल चालू है, इसके बाद डीएम ने जेई एवं मुखिया के साथ वार्ड नंबर एक एवं दो में घर घर जाकर नल जल का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में लोगों ने कहा कभी-कभी पानी मिलता है। उन्होंने वहां उपस्थित जेई दिन में तीन बार पानी आपूर्ति करने का निर्देश दिया, ऑपरेटर का लम्बित मानदेय भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने वार्ड के सभी घरों को जांच कर नल से वंचित लोगों के घर में नल लगाने का करने का आदेश दिया। पंचायत से संचालित वार्ड नंबर 6 में नल जल योजना में अनियमितता पाए जाने पर वार्ड क्रियान्वयन समिति पूर्व अध्यक्ष एवम् सचिव पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 5 एवं 6 में कुछ कार्य अधूरा है उसे पूरा कर शीघ्र नल से जल लोगो को मिलने लगेगा।

केन्द्र सरकार मनरेगा मजदूरों को बिहार में लागू न्यूनतम मजदूरी 366 रू. दे मजदूरी:विधायक

बेतिया। सिकटा विधायक सह खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आजकल केंद्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते आदिवासियों के बीच बड़ी - बड़ी बात कर रहे, उनसे माले नेता ने पुछा कि केन्द्र की मोदी सरकार बिहार में लागू न्यूनतम मजदूरी 366 के बराबर मनरेगा मजदूरों की मजदूरी क्यों नहीं दे रहीं हैं, आज भी मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 210 रुपए ही है, माले विधायक ने मंत्री महोदय से पुछा की क्या जिस राज्य की जितनी न्यूनतम मजदूरी है, उससे कम मजदूरी मनरेगा में देना कानूनी अपराध के श्रेणी में आता है कि नहीं ? , आगे उन्होंने कहा कि पश्चिम चम्पारण में आदिवासियों में बड़ी संख्या मजदूरों की है, आदिवासी कोटे से मंत्री होने के नाते आदिवासियों के हित में मनरेगा मजदूरों को केन्द्र की मोदी सरकार से कम से कम बिहार में लागू न्यूनतम मजदूरी 366 रूपया और साल में कम से कम 200 दिन काम दिलवाने की गारंटी करें, ताकि इस महंगाई में किसी तरह घर चल सकें, आगे कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने बिहार को एक लाख टन यूरिया कम आपूर्ति कर किसानों के साथ विशवासघात किया है, खेती बाड़ी को नष्ट करने की नीति पर मोदी सरकार चल रही है।

कम्युनिस्ट पार्टी पं चमपारण जिला का दो दिवसीय 24 वां जिला सम्मेलन संपन्न

प्रात : किरण संवादाता

बेतिया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पं चम्पारण जिला का दो दिवसीय 24 वां जिला सम्मेलन योगा पट्टी के कामरेड गल्लू चैधरी नगर के कामरेड तुलसी शर्मा सभागार में सम्पन्न हुआ, सम्मेलन की शुरूआत झंडोत्तोलन के साथ लेनिन का वरदान हमारा प्यारा लाल निशान गीत के साथ हुआ, सम्मेलन के अवसर पर वयोवृद्ध साथी ठाकुर राम ने झंडोत्तोलन किया, तत्पश्चात शहीद वेदी पर फूल माला अर्पित कर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी गई, सम्मेलन के खुले अधिवेशन को भाकपा के राज्य नेता



सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम प्रकाश नारायण यादव, महागठबंधन के घटक दल जदयू के राम एकबाल सिंह, राजद के मोहसिन, माकपा के प्रभुराज नारायण राव, माले के फरहान राजा, पूर्व आई ए एस गुलरेज होदा, ने संबोधित किया जबकि कांग्रेस के प्रवेश मिश्रा ने दिल्ली से दूरभाष पर सम्मेलन की सफलता की शुभकामना देते हुए एकजुटता व्यक्त की, सम्मेलन में जिला के विभिन्न प्रखणडो से चुने हुए लगभग 200 साथी बतौर प्रतिनिधि, दर्शक भाग लिए, इस अवसर पर दर्जनों भेटरन साथियों राज्य नेतृव के साथी एवं गठबंधन के नेताओं को शाल ओढाकर सम्मानित किया गया, सम्मेलन में पार्टी की ओर से राजनितिक प्रतिवेदन राजीव रंजन झा, सांगठनिक प्रतिवेदन जिला सचिव ओमप्रकाश क्रांति ने पेश किया जिस पर लगभग तीन दर्जन साथियों ने बहस करते हुए पार्टी संगठन को और सशक्त बनाने का सुझाव दिया, सम्मेलन को राज्य नेता रामबाबू कुमार, विजय शंकर सिंह, अवध किशोर ने संबोधित किया, सम्मेलन में नफरत पैदा करने वाली तथा किसान मजदूर, छात्र नौजवान एवं महिला विरोधी केन्द्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया, सम्मेलन में अगले तीन बर्ष के लिए 49 सदस्यों की जिला कमिटी का गठन किया गया तथा उस कमिटी के सचिव पद पर ओम प्रकाश क्रांति चुने गए, ओम प्रकाश क्रांति को जिला कमिटी ने तीसरी बार जिला सचिव के पद पर चुना, राधामोहन यादव, चन्द्रिका प्रसाद की अध्यक्ष मंडली ने की, खिच लो तलवार, कब तक सहोगे जुल्म अत्याचार राष्ट्रीय गान के साथ सम्मेलन समाप्त हुआ।

नगर आयुक्त को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवादाता

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष 9 सितंबर से प्रारंभ होने वाले पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर द्वारा विष्णुपद देवघाट गजाधर घाट तथा रबर डैम का निरीक्षण किया गया है

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इस अनुरूप में कार्य करें। वरीय उप समाहर्ता अमित पटेल को निर्देश

दिया कि उमस वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए देवघाट गजाधर घाट के क्षेत्र में प्रॉपर ढंग से टेंट पंडाल रहे हे जिससे ताकि तीर्थयात्री को तर्पण के दौरान समस्या ना हो। पूर्व वर्षो की तुलना में इस वर्ष रबर डैम निर्माण होने के कारण फल्गु नदी में पानी उपलब्ध रहेगा। तीर्थ यात्रियों की सुविधा तथा कोई हताहत ना हो इसके लिए जहां पर गहरा पानी हो वहां पर बैरिकेडिंग करवाएं। इसके साथी जगह जगह पर विभिन्न आवश्यक जानकारियां को प्रदर्शित करावे। जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन तथा सफाई कर्मी को उपलब्ध रखें जिससे ताकि पिंडदान के पश्चात तुरंत पाली बार साफ सफाई कराया जा सके जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता रबर डैम को निर्देश दिया कि देवघाट से रबर डैम पुल होते हुए सीता कुंड जाने हेतु आकर्षक पाथवे का निर्माण करावे साथ ही पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी रखें ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम एव प्रभारी पदाधिकारी जिला नजारत शाखा को निर्देश दिया कि विष्णुपद, देवघाट तथा अन्य मेला क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखें। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक नगर को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला के दौरान मेला क्षेत्र में पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाए साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु लगातार नजर रखी जाए।

संक्षिप्त खबरें

कासाग्रांड निजी आवास निर्माण के क्षेत्र में उतरी, तीन वर्ष में बनाएगी 500 घर

चेन्नई। रियल्टी कंपनी कासाग्रांड ने स्वतंत्र आवासों के निर्माण के लिए 'कासाग्रांड पर्च' उपक्रम की शुरूआत की है और इसके साथ ही कंपनी ने इस नई पहल के तहत अगले तीन वर्ष में 500 आवास के निर्माण की योजना की घोषणा की है। कासाग्रांड पर्च उन ग्राहकों के लिए आवासीय इकाइयां डिजाइन करेगी जिनके पास कम से कम 1,500 वर्गफुट भूमि है। कंपनी के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आवास का निर्माण रोशनी, हवा, निजता और वास्तु को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। कासाग्रांड के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक अरूण एम ने कहा, ह्यह्यइस उपक्रम के जरिए हम निजी आवास बनाएंगे। लोग अपने घरों के निर्माण के लिए असंगठित क्षेत्र के लोगों के पास जाते हैं लेकिन फिर वे परिणाम से संतुष्ट नहीं हो पाते। अभी हम चेन्नई, बेंगलुरु और कोयंबटूर में घर बना रहे हैं। हमारा उद्देश्य कासाग्रांड के तहत तीन वर्षों में 500 आवास बनाने का है।

यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 देशों में मुद्रास्फीति 9.1 प्रतिशत पर पहुंची

लंदन। यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 देशों में अगस्त के दौरान मुद्रास्फीति नए रिकॉर्ड 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी सैन्य संकट के कारण तेल और गैस की कीमतों में उछाल के चलते इन देशों में महंगाई दर बढ़ी है। यूरोपीय संघ की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 देशों में वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह जुलाई में 8.9 प्रतिशत पर थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 के बाद से इन यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति अपने उच्चतम स्तर पर चल रही है। आंकड़ों के अनुसार, ऊर्जा की कीमतों में 38.3 प्रतिशत, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 10.6 प्रतिशत और वस्तुओं के भाव में पांच प्रतिशत तथा सेवाओं की कीमत में 3.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

एनटीपीसी को बांड के जरिए 12,000 करोड़ रुपये जुटाने की शेयरधारकों ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। एनटीपीसी को निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके 12,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी शेयरधारकों से मिल गई है। हुई सालाना आम सभा (एजीएम) में इस समाधान को मंजूरी मिली। एजीएम के नोटिस में बताया गया कि एक या अधिक किश्तों में जुटाई जाने वाली धनराशि का उपयोग पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रस्ताव को मंजूरी 29 जुलाई 2022 को दी थी।

नए अल्ट्रा-वाइड कैमरे के साथ आ सकता है आगामी आईफोन 14 प्रो

सैन फ्रांसिस्को। टेक दिग्गज एप्पल अपने अगली पीढ़ी के आईफोन को पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईफोन 14 प्रो मॉडल में एक नया अल्ट्रा-वाइड कैमरा होगा। विश्लेषक मिंग-ची कू ओ के अनुसार, आईफोन 14 सीरीज प्रो मॉडल में उन्नत कम रोशनी संवेदनशीलता के लिए एक बड़े सेंसर के साथ एक नया अल्ट्रा-वाइड कैमरा शामिल किया जाएगा, लेकिन तकनीक काफी अधिक महंगी होगी। कू ओ ने ट्विटर पर लिखा, मेरा अनुमान है कि दो आईफोन 14 प्रो मॉडल के अल्ट्रा-वाइड कैमरे 1.4 एयूएम (बनाम आईफोन 13 प्रो के 1.0 एयूएम) में अपग्रेड हो जाएंगे। सीआईएस (सीएमओएस इमेज सेंसर), वीसीएम (वॉयस कॉइल मोटर) और सीसीएम (कॉम्पैक्ट कैमरा मॉड्यूल) की इस अपग्रेड में यूनिट की कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत, 45 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दो अक्टूबर से 'वन नेशन-वन फर्टिलाइजर' स्कीम होगी लांच

पौने दो सौ कंपनियां बेचेंगी सिंगल ब्रांड फर्टिलाइजर

नई दिल्ली . एजेंसी

मल्टी ब्रांड से अपने उत्पाद बेचने की होड़ में किसानों को चूना लगाने वाली फर्टिलाइजर कंपनियों पर नेशन-वन फर्टिलाइजर की स्कीम से शिकंजा कसने में मदद मिलेगी। फर्टिलाइजर उत्पादक कंपनियों के डीलरों और एजेंटों के बीच की प्रतिस्पर्धा पर भी लगाम लगाने में सहूलियत होगी। देश की सभी 177 फर्टिलाइजर कंपनियां दो अक्टूबर से सिंगल ब्रांड भारत फर्टिलाइजर बेचना शुरू कर देंगी। फर्टिलाइजर मंत्रालय की ओर से सभी संबंधित पक्षकारों को पुख्ता तैयारियों के निर्देश दिया गया है। इसके तहत फर्टिलाइजर की पैकेजिंग एक समान हो जाएगी। देश में फिलहाल 177 फर्टिलाइजर कंपनियां सब्सिडी वाले उत्पाद यूरिया, डाई अमोनिया फास्फेट (ऊअढ), नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम (ठढड), म्यूरिएट आफ पोटाश (टडढ) बेचती हैं। अब इन सभी कंपनियों को सिंगल ब्रांड भारत फर्टिलाइजर के नाम से फर्टिलाइजर की बिक्री करनी होगी। इससे किसानों को विभिन्न कंपनियों के डीलर और एजेंट बेवजह गुमराह नहीं कर सकेंगे। खाद की पूरी बिक्री प्वाइंट आफ सेल मशीन के माध्यम से ही हो सकेगी जो आधार नंबर से जुड़ी हुई है। इससे जल्दी ही किसानों के लैंड रिकार्ड भी जोड़ दिए जाएंगे। फर्टिलाइजर मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक फर्टिलाइजर लेने की पूरी छूट होगी। किसानों को फर्टिलाइजर पर मिलने वाली सब्सिडी का भुगतान फर्टिलाइजर कंपनियों को सीधे किया जाता है। इसका लाभ किसानों को सस्ती खाद के रूप में दिया जाता है। सिंगल ब्रांड की खाद होने से किसानों भ्रमित नहीं हो सकेंगे। खाद की हर बोरी की गुणवत्ता समान होगी। हालांकि फर्टिलाइजर कंपनियों की ब्रांड वैल्यू के समाप्त होने का गंभीर खतरा जरूर बढ़ गया है। लेकिन सरकारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि फर्टिलाइजर की पैकिंग वाली बोरी के निचले हिस्से में कंपनियां अपना ब्योरा दर्ज कर सकेंगी। विश्व बाजार में कीमतों के बढ़ने के बावजूद घरेलू बाजारों में फर्टिलाइजर के मूल्य में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। प्राकृतिक गैस और कच्चे माल का मूल्य बढ़ जाने से फर्टिलाइजर के मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि होने वाली थी, जिसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए फर्टिलाइजर सब्सिडी 2.3 लाख करोड़ रुपये का प्रविधान किया।

बच्चे धरती का भविष्य हैं: जिम सर्भ

नई दिल्ली, प्रात : किरण

भारतीय एक्टर जिम सर्भ ना केवल 'नीरजा', 'पद्मावत', 'मेड इन हैवन'जैसी फिल्मों में अपने उम्दा के लिये मशहूर हैं, बल्कि दो बार फिल्मफेयर के लिये नामित हो चुके यह एक्टर सस्टेनेबिलिटी को अपना मजबूत सहयोग देने के लिये भी खासे चर्चित हैं। सोनी बीबीसी अर्थ के 'यंग अर्थ चैम्पियंस' के दूसरे एडिशन को जज करने के लिए तैयार, जिम का मानना है कि बच्चे इस धरती का भविष्य हैं।

एक छोटी-सी बातचीत में, जिम ने कहा, 'हम जितना समझते हैं बच्चे उससे कहीं ज्यादा स्मार्ट हैं। वे एक ऐसी अनोखी स्थिति में हैं कि वे इतनी कम उम्र में लंबे समय तक टिकने वाले आइडियाज के बारे में सोच सकते हैं। व्यापक नेटवर्किंग तक उनकी पहुंच और ज्ञान के अथाह सागर को देखते हुए ऐसा कहा जा सकता है। एक मार्गदर्शक पीढ़ी होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें हिस्सा लेने और उनके बेहतरीन आइडियाज के लिये उन्हें जागरूक करें।

मुझे उनके साथ चर्चा करने और खुद उनसे कुछ चीजें सीखने की उम्मीद है! 'यंग अर्थ चैम्पियंस' युवाओं के साथ जुड़ना चाहता है और उन्हें एक स्थायी भविष्य की दिशा में प्रेरित करना चाहता है। इस कॉन्टेस्ट का उद्देश्य छठी से 9वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिये एक नए जोश और उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धी आधार तैयार करना है। जिम सर्भ के साथ-साथ प्रोफेसर अमृतांशु श्रीवास्तव के नेतृत्व में आईआईटी बॉम्बे के एनवॉयरमेंटल साइंस एंड इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों को जज करने की भूमिका के लिये शामिल किया गया है।

मारुति सुजुकी में आने वाले समय में संगठनात्मक बदलाव होंगे: आरसी भार्गव

देहरादून, एजेंसी

- कोविड-19 महामारी की वजह से उत्पन्न व्यवधानों के चलते दो साल के बाद हुई कंपनी की प्रत्यक्ष वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि भविष्य में सुजुकी के वैश्विक उत्पादन में मारुति सुजुकी इंडिया का योगदान पिछले साल हासिल किए गए 60 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने बुधवार को मातृ कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के पूरे वैश्विक कारोबार में कंपनी के बढ़ते योगदान की पृष्ठभूमि में आगे चल कर संगठनात्मक बदलावों का संकेत दिया।

कोविड-19 महामारी की वजह से उत्पन्न व्यवधानों के चलते दो साल के बाद हुई कंपनी की प्रत्यक्ष वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि भविष्य में सुजुकी के वैश्विक उत्पादन में मारुति सुजुकी इंडिया का योगदान पिछले साल हासिल किए गए 60 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी बायो मीथेन गैस ईंधन के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगी। गांधीनगर में रविवार (28 अगस्त) को कंपनी के चार दशक पूरे होने के अवसर पर हुए समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुझाव दिया था। भार्गव ने कहा कि मारुति स्पष्ट तौर पर सुजुकी जापान का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। उन्होंने सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में सुजुकी समूह ने दुनिया भर में लगभग 28 लाख वाहनों का उत्पादन किया था, जिनमें से 16 लाख से अधिक इकाइयों या लगभग 60 प्रतिशत का उत्पादन भारत में किया गया था। इसके साथ ही, उन्होंने सुजुकी की भारत में एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुसंधान एवं विकास कंपनी स्थापित करने की घोषणा भी की। उन्होंने आगे कहा कि जब हम भविष्य में कोई बदलाव करेंगे तो हमें आपका और समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि बदलाव क्या होंगे।

बढ़ती कीमतों से यूरोपीय देशों में हाहाकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूरो जोन में ऊर्जा के मूल्य में 38.3 प्रतिशत और खाद्य उत्पादों के मूल्य में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि रही है। डॉलर इंडेक्स 0.3 फीसद बढ़कर 109.14 पर पहुंच गया। पौंड स्टर्लिंग के 2016 के बाद सबसे खराब स्तर पर जाने की आशंका बलवती हो गई है।

यूरो मुद्रा इस्तेमाल करने वाले यूरोप के 19 देशों में अगस्त में महंगाई दर बढ़कर 9.1 प्रतिशत हो गई है। इन देशों में जुलाई में महंगाई दर 8.9 प्रतिशत थी। यूरोपियन यूनियन की सांख्यिकीय एजेंसी यूरोस्टेट के आंकड़ों के मुताबिक, 1997 में यूरो मुद्रा की शुरूआत के बाद महंगाई अपने उच्च स्तर पर है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा की बढ़ी कीमतों को महंगाई की वजह माना जा रहा है। यूरोस्टेट के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, यूरोजोन में ऊर्जा के मूल्य में 38.3 प्रतिशत और खाद्य उत्पादों के मूल्य में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि रही है। वस्तुओं के मूल्य में पांच प्रतिशत और सेवाओं की लागत में तीन प्रतिशत की वृद्धि रही है। यूरो मुद्रा के अलावा अपनी मुद्रा इस्तेमाल करने वाले ब्रिटेन, डेनमार्क और नार्वे जैसे देशों में भी महंगाई बनी हुई है। इस कारण लोग पारिवारिक खर्चों में कटौती कर रहे हैं। अमेरिका में भी महंगाई दर उच्च स्तर पर बनी हुई है।

मंदी के दर से हलकान हुआ यूरोप

ब्याज दरों में होने वाली वैश्विक बढ़ोतरी और आर्थिक मंदी का डर स्टॉक और तेल बाजार में दस्तक दे रहा है। अमेरिकी क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के नीचे फिसल गया है। जर्मन बांड 30 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर हैं। यूरोपीय शेयर छह सप्ताह के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए हैं। बुधवार को बाजार में कंपाउंड मंदी की आशंका गहरी हो गई। कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट से तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और बढ़ती ब्याज दरों ने अपना असर डाला। अगर यूरोपीय बाजारों की बात करें तो 600 कंपनियों का शेयर इंडेक्स 0.5 फीसद गिरा। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में आर्थिक गतिविधियां मंद पड़ती जा रही हैं। नए उडश्क्कसंक्रमण मामलों के बाद इसमें और गिरावट देखी जा रही है। उधर रूस ने यूरोप को एक प्रमुख पाइपलाइन से होने वाली गैस की आपूर्ति रोक दी। माना जा रहा है कि उपभोक्ताओं और व्यवसायों पर आए संकट को दूर करने के लिए सरकारें अरबों खर्च करेंगी। इन दिनों दुनियाभर के बाजार यूएस फेडरल रिजर्व और ईसीबी द्वारा ब्याज दरों में होने वाली बढ़ोतरी को लेकर चिंतित हैं।

मंत्रिमंडल ने तुअर, उड़द मसूर की खरीद सीमा बढ़ायी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद सीमा मौजूदा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने को मंजूरी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में इस्तेमाल के लिए बफर स्टॉक से रियायती दरों पर 15 लाख टन चना जारी करने की मंजूरी भी दी गई। कृषि मंत्रालय की मूल्य समर्थन योजना उस समय परिचालन में आती है जब कृषि उपज का मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे आ जाता है। दूसरी तरफ, खाद्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कीमत स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के अंतर्गत जिंसों की खरीद बाजार मूल्य पर की जाती है। बयान के अनुसार, सीसीईए ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद सीमा मौजूदा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने को मंजूरी दी। इसके साथ सीसीईए ने मूल्य समर्थन योजना तथा कीमत स्थिरीकरण कोष के तहत खरीदे गये विभिन्न दालों के भंडार में से राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को रियायती दरों पर 15 लाख टन चना जारी करने का निर्णय किया। राज्यों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर स्रोत वाले राज्यों के निर्गम मूल्य पर आठ रुपये प्रति किलो की छूट के साथ 15 लाख टन चना उठाने की पेशकश की जाएगी।बयान के अनुसार, सरकार इस योजना के क्रियान्वयन पर 1,200 करोड़ रुपये खर्च करेगी। राज्यों को इस चने का उपयोग मध्याह्न भोजन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम (आईसीडीपी) जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में करने की जरूरत होगी।

एनडीटीवी के लिए अडानी समूह का ओपन ऑफर

नई दिल्ली, प्रात : किरण

- अडानी समूह अतिरिक्त 26 हिस्सेदारी हासिल करने के लिए लाएगा ये ऑफर
- एनडीटीवी में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान कर चुकी है कंपनी

देश के दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी की अगुवाई वाली अडानी समूह मीडिया, कंपनी एनडीटीवी में 26 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 17 अक्टूबर को खुली पेशकश (ओपन ऑफर) लाएगा। इस पेशकश का प्रबंधन कर रही कंपनी जेएम फाइनेंशियल ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अडानी समूह के ओपन ऑफर को मैनेज करने वाली कंपनी जेएम फाइनेंशियल ने इससे संबंधित विज्ञापन जारी किया है। कंपनी के जारी बयान के मुताबिक एनडीटीवी में अडानी समूह की अतिरिक्त 26 हिस्सेदारी का ओपन ऑफर 17 अक्टूबर को लॉन्च होगी, जो एक नवंबर को बंद होगी। अडानी समूह इस खुली पेशकश के तहत 1.67 करोड़ इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करेगा। इसके लिए शेयर मूल्य 294 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। दरअसल अडानी समूह मीडिया सेक्टर में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आक्रामक तरीके से काम कर रहा है।

फिलहाल दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडानी का अडानी समूह मीडिया कंपनी एनडीटीवी का अधिग्रहण करने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह ने पिछले हफ्ते एनडीटीवी में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने और 26 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए ओपन ऑफर लाने की बात भी कही थी, जिसके बाद उसकी कुल हिस्सेदारी 55 फीसदी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि एनडीटीवी के संस्थापक प्रवर्तकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय ने 2009 में करीब 400 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। इसके बदले में गौतम अडानी की कंपनी अडानी समूह ने एनडीटीवी मीडिया कंपनी की 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया था। इसके अलावा समूह ने इस मीडिया हाउस की 26 फीसदी हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाने की बात भी कही थी, जिसके बाद उसकी कुल हिस्सेदारी 55 फीसदी हो सकती है। हालांकि, एनडीटीवी और अडानी समूह के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी के एक पुराने फैसले के कारण डील अभी अटकी हुई है।

दिल्ली में आज से बंद होंगे शराब के निजी ठेके, खुलेंगी 300 सरकारी दुकानें

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में शराब की निजी दुकानों की जगह अब दिल्ली सरकार के 300 से अधिक विक्रय केंद्र लेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आबकारी नीति 2021-22 की जगह अब पुरानी व्यवस्था बहाल हो रही है और यह बदलाव बृहस्पतिवार से प्रभाव में आएगा।

दिल्ली में करीब 250 निजी शराब विक्रेताओं के ठेके अभी संचालित हो रहे हैं जिन्हें अब वापस ली जा चुकी आबकारी नीति 2021-22 के तहत लाइसेंस दिए गए थे। आबकारी अधिकारियों ने कहा कि अधिक ठेकों के खुलने से सितंबर के पहले हफ्ते से शराब की आपूर्ति में सुधार आएगा। दिल्ली के एक वरिष्ठ आबकारी अधिकारी ने कहा, अभी करीब 250 निजी ठेके हैं जिनका स्थान 300 से अधिक सरकारी विक्रय केंद्र लेंगे। आने वाले दिनों में ठेकों की संख्या बढ़ेगी क्योंकि दिल्ली सरकार की 500 ऐसी दुकान खोलने की योजना है। आबकारी विभाग का एक मोबाइल ऐप भी सितंबर से शुरू हो जाएगा जिसमें उपभोक्ताओं को उनके आसपास ठेकों की जगह और उनके खुलने एवं बंद होने के समय की जानकारी दी जाएगी

ट्विन टावर के मलबे से बनेंगी टाइल्स

नोएडा, एजेंसी

नोएडा के ट्विन टावर के मलबे के निस्तारण को लेकर अब काम शुरू हो गया है।

सेक्टर 80 में बने सीआईडी वेस्ट प्लांट में ट्विन टावर के वेस्ट का निस्तारण किया जाएगा। सेक्टर-80 सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में जाएगा। ये प्लांट रैमकी कंपनी चला रही है। नोएडा का रोजाना का करीब 250 से 300 मैट्रिक टन मलबे का निस्तारण यहीं किया जाता है। अब इस प्लांट में ट्विन टावर के मलबे का निस्तारण होगा। मलबा निस्तारण के लिए इस प्लांट पर काम दो शिफ्टों में होगा। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा ने बताया कि प्लांट की क्षमता 850 टन की है। लेकिन नोएडा में मलबा निकलने के हिसाब से निस्तारित कराया जाता है। अब दो शिफ्टों में काम किया जाएगा। जिसके लिए मैन पावर को बढ़ाया जा सकता है। इस मलबे से टाइल्स, क्लिंकर, ईंट और अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे। रोजाना ट्विन टावर की साइट से 250 मेट्रिक टन मलबा डंपर के जरिए साइट पर पहुंचाया जाएगा। इसके लिए 20 डंपर लगाए गए हैं। प्रति डंपर क्षमता 10 से 12 मेट्रिक टन की है। एनजीटी के नियमों के पालन करते हुए इस मलबे को ग्रीम शीट और उस पर पानी डालकर ले जाया जाएगा ताकि धूल नहीं उड़े। ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद जो मलबा निकला है उसका आकलन करीब 80 हजार मेट्रिक टन है। इसमें 52 हजार मेट्रिक टन मलबा बेसमेंट और आसपास को भरने में काम आएगा।

न्यूनतम और अधिकतम किराया को लेकर जारी रोक हटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- घरेलू हवाई किराया पर लागू सीमा हटने से पैसेंजर को भी राहत मिलने की उम्मीद
- केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लगाई थी यह अपर और लोअर लिमिट

सरकार ने एयरलाइन कंपनियों पर घरेलू हवाई किराया को लेकर लागू न्यूनतम और अधिकतम सीमा को हटा दिया है। डोमेस्टिक एयर फेयर पर लागू इस कैप को करीब 27 महीने बाद हटाया गया है। घरेलू हवाई किराया को लेकर ये नियम बुधवार से लागू हो गया है। सरकार के इस कदम से त्योहारी सीजन में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को किराया में राहत मिलने की उम्मीद है। एक्सपर्ट के मुताबिक विमानन क्षेत्र में इस बदलाव से घरेलू एयरलाइन कंपनियों को अपना किराया निर्धारित करने की ज्यादा स्वतंत्रता मिलने की उम्मीद है। नागर विमानन मंत्रालय ने इस महीने की शुरूआत में हवाई किराये पर लगी अपर और लोअर लिमिट हटाने से संबंधित सूचना जारी की थी, जो 31 अगस्त से लागू होना था। सरकार के इस फैसले के बाद एयरलाइन कंपनियां अब न्यूनतम और अधिकतम किराये को तय कर सकेंगी। दरअसल त्योहारी सीजन में कई विमान कंपनियां सस्ते हवाई सफर का ऑफर यात्रियों को देती हैं। किराया पर प्राइस फिक्स होने की स्थिति में विमानन कंपनियां ऐसा नहीं कर पा रही थीं, लेकिन अब फिर से विमान कंपनियां ग्राहकों को लुभाने के लिए सस्ते टिकट दे सकेंगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा था कि घरेलू उड़ानों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और यात्रियों के बीच हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए फेयर बैंड 31 अगस्त 2022 से हटाने का फैसला किया गया है।

रायनएयर ने सबसे बड़ी ब्रिटिश शीतकालीन अनुसूची लॉन्च की

लंदन, एजेंसी।

आयरिश कैरियर रायनएयर ने ब्रिटेन में अपनी सबसे बड़ी शीतकालीन अनुसूची शुरू की है। रिपोर्ट के अनुसार, एक घोषणा में, एयरलाइन ने कहा कि वह इस सर्दी में 21 ब्रिटिश हवाईअड्डों से 3,000 से अधिक दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। यह स्टैनस्टेड से लैपलैंड, फिनलैंड, रोम, इटली के लिए लिवरपूल; बर्मिंघम से स्टॉकहोम, स्वीडन; और एडिनबर्ग से ग्रेनोबल, फ्रांस जैसे गंतव्यों के लिए 21 नए मार्ग खोलेगा। लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, वाहक के मुख्य कार्यकारी माइकल ओलेरी ने कहा, शीतकालीन कार्यक्रम में यूके की हजारों उड़ानें रद्द की हैं। इस सर्दी सीजन में रायनएयर अपने यूके के ग्राहकों को अपनी शीतकालीन यात्रा योजनाओं के साथ कम किराए और अधिक निश्चितता की पेशकश कर रहा है क्योंकि यह यूके के उपभोक्ताओं और उनके परिवारों के लिए कई नए मार्गों और अपराजेय मूल्य के साथ 3,000 से अधिक दैनिक उड़ानों का पूर्ण शेड्यूल संचालित करेगा।

ऑफर ईयरबड्स 40 घंटे का कुल म्यूजिक प्लेबैक प्रदान करता है।

जेबीएल ने दुनिया का पहला एलईडी टचस्क्रीन के साथ वायरलेस ईयरबड किया लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी

उपयोगकर्ता जेबीएल टूर प्रो 2 ईयरबड्स पर एलईडी टच डिस्प्ले पर टैप करके बिना स्मार्टफोन को छुए म्यूजिक को प्रबंधित कर सकते हैं, ईयरबड्स को कस्टमाइज कर सकते हैं, कॉल, मैसेज और सोशल मीडिया नोटिफिकेशन को वास्तविक समय में प्राप्त कर सकते हैं। हरमन लाइफस्टाइल डिवीजन के अध्यक्ष डेव रोजर्स ने कहा, हमने जो कुछ बनाया है, विशेष रूप से जेबीएल टूर प्रो 2 के स्मार्ट चार्जिंग केस से मैं खुश हूं। नई उपयोगकर्ता-केंद्रित सुविधाओं की खोज में, हमने आवश्यक चीजों को नजरअंदाज नहीं किया है, हालांकि, हम ऑडियो अनुभव को बढ़ाना जारी रखते हैं। यदि आपको कॉल करने की आवश्यकता है, तो 6 माइक डिजाइन वायरलेस ईयरबड्स पर क्रिस्टल स्पष्ट ऑडियो सुनिश्चित करेगा जिसकी कीमत 249 यूरो है। कंपनी ने कहा, जेबीएल टूर वन एम2 में जेबीएल प्रो-ट्यून ड्राइवरों के साथ अब तक का सबसे अच्छा हाइब्रिड ट्र एडेप्टिव एएनसी है, जो आपके कानों को केवल सबसे अच्छे म्यूजिक से भर देता है, चाहे वह काम पर हो या घर पर। यह 50 घंटे तक का प्लेटाइम या 30 घंटे तक एएनसी सक्रिय होने की पेशकश करता है। कंपनी ने कहा, फास्ट चार्ज का मतलब है कि 10 मिनट का प्लग इन किया गया है और आप 5 घंटे की शानदार जेबीएल प्रो साउंड के लिए फ्री रहेंगे।

- वैश्विक ऑडियो कंपनी जेबीएल ने दुनिया का पहला वायरलेस ईयरबड लॉन्च किया है जिसमें 1.45 इंच के स्मार्ट चार्जिंग केस और इमर्सिव स्पेसियल साउंड है।

संक्षिप्त खबरें

सैम क्वेरी ने पहले दौर में हार के बाद टेनिस को अलविदा कहा

न्यूयॉर्क। कभी नोवाक जोकोविच, एंडी मर्रे और राफेल नडाल पर बड़ी जीत दर्ज करने वाले अमेरिका के सैम क्वेरी ने यूएस ओपन के पहले दौर में हारने के बाद टेनिस से संन्यास ले लिया। कैलिफोर्निया के रहने वाले क्वेरी ने मंगलवार की रात को अपने करियर का आखिरी मैच बेलारूस के इल्या इवाश्का से खेला जिसमें उन्हें 4-6, 6-4, 7-6 (8), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्वेरी की अपने करियर में सर्वोच्च रैंकिंग 11 रही। उन्होंने 2017 में विंबलडन में तत्कालीन नंबर एक खिलाड़ी एंडी मर्रे को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी इससे एक साल पहले वह नंबर एक जोकोविच को हराकर इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। इसके अलावा उन्होंने 2019 में विंबलडन और 2017 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी। क्वेरी ने कहा, मैंने यह सोचकर ही यूएस ओपन में भाग लिया था। और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिछले छह सप्ताह काफी अच्छे रहे।

डेविड वार्नर ने प्रशंसकों को दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। डेविड वार्नर भले ही एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हो लेकिन वह हमेशा अपने भारतीय प्रशंसकों को प्रभावित करते रहते हैं, कभी अपने लुभावने स्ट्रोक से, कभी अपनी इलेक्ट्रिक फील्डिंग से और कभी अपने सोशल मीडिया पोस्ट से। वार्नर एक दशक से अधिक समय से इंडियन प्रीमियर लीग का हिस्सा हैं और भारतीय त्योहार भी मनाते हैं। वार्नर ने इस महीने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भारतीय प्रशंसकों को भी शुभकामनाएं दी थीं। हालांकि, अब उन्होंने अपने प्रशंसकों को गणेश चतुर्थी के मौके पर शुभकामनाएं दी हैं। वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें उन्हें भगवान गणेश के सामने प्रार्थना करते देखा जा सकता है। वार्नर ने पोस्ट पर लिखा, मेरे सभी दोस्तों को, हैप्पी गणेश चतुर्थी। ढेर सारी खुशियों की शुभकामनाएं। बता दें कि भारत में बुधवार से 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव की शुरुआत हो गई है। इससे पहले वार्नर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को टाउन्सविले में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है।

मेरी योजना विकेट टू विकेट गेंदबाजी करने की थी : मुजीब उर रहमान

शारजाह। एशिया कप 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ मिली सात विकेट से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान ने कहा कि उनकी योजना विकेट टू विकेट गेंदबाजी करने की थी। मुजीब ने मैच के बाद कहा,मैं अपनी टीम और पूरे देश को बधाई दूंगा। मेरी ताकत नई गेंद से गेंदबाजी करना है। मैं पहले भी शारजाह में खेल चुका हूं। मेरी सारी योजना विकेट टू विकेट गेंदबाजी करने की थी और यह मेरे काम आई। इस मुकाबले में मुजीब ने शुरूआत में तीन विकेट लेकर बांग्लादेशी शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 127 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की तरफ से मौसद्दक हुसैन ने सर्वाधिक नाबाद 48 रन बनाए, जबकि महमुदुल्लाह ने 25 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिया। स्टार स्पिनर राशिद खान ने भी 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिया। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.3 ओवर में 3 विकेट पर 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। अफगानिस्तान की ओर से हजरतुल्लाह जजई ने 23, इब्राहिम जादरान ने नाबाद 42 और नजीबुल्लाह जादरान ने नाबाद 43 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरे वनडे में जिंबाब्वे पर बड़ी जीत, श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई

टाउन्सविले (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी

मिशेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने जिंबाब्वे को सस्ते में समेट कर दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।स्टार्क ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए और जिंबाब्वे के शीर्ष क्रम को लड़खड़ाने में अहम भूमिका निभाई। जिंबाब्वे इन शुरूआती झटकों से आखिर तक नहीं कर पाया और उसकी टीम 27.5 ओवर में 96 रन पर आउट हो गई। स्टार्क के अलावा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एडम जंपा ने 21 रन देकर तीन और कैमरन ग्रीन ने सात रन देकर दो विकेट लिए। जिंबाब्वे की तरफ से सीन विलियम्स ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 14.4 ओवर में आठ विकेट पर 100 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। उसकी तरफ से स्टीव स्मिथ ने नाबाद 47 और अलेक्स कैरी ने नाबाद 26 रन बनाये। डेविड वॉर्नर (13) और कप्तान आरोन फिंच (एक) के जल्दी आउट होने के बाद स्मिथ और कैरी ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन की अटूट साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला मैच 99 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से जीता था। तीसरा और अंतिम मैच इसी मैदान पर शनिवार को खेला जाएगा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन

- जिंबाब्वे इन शुरूआती झटकों से आखिर तक नहीं कर पाया और उसकी टीम 27.5 ओवर में 96 रन पर आउट हो गई।

भारत को हांगकांग की चुनौती से रहना चाहिए सावधान

दुबई, एजेंसी

एशिया कप का चौथा मैच आज भारत और हांगकांग टीम के बीच खेला जाएगा, जिसमें दोनों टीमें जीत हासिल करने के लिए एक दूसरे को कड़ी टक्कर देंगी। 2018 में एशिया कप के ग्रुप ए मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज शिखर धवन ने शतक जड़ा था। तब भारत ने रोहित शर्मा की अगुआई में सात विकेट के नुकसान पर 285 रन बनाए थे और टीम ने मैच को 26 रन से जीत लिया था।

हालांकि, हांगकांग के बल्लेबाज निजाकत खान और कप्तान हैनसी रथ ने क्रमशः 92 और 73 रन की पारी खेली थी। सलामी जोड़ी के बीच पहले विकेट के लिए 174 रन की साझेदारी हुई थी। इसके बाद टीम बिखरती चली गई, जिस कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा। गेंदबाज खलील अहमद और युजवेंद्र चहल ने 3-3 विकेट झटके थे। वहीं, कुलदीप यादव ने 2 विकेट हासिल किए थे।

टीम में पाकिस्तान के खिलाड़ी भी शामिल हैं, कोविड महामारी के बाद से टीम मुश्किल दौर से गुजरी है। टी20 प्रारूप में हांगकांग की सबसे बड़ी उपलब्धि आठ साल पहले आई थी, जब उन्होंने 2014 टी20 विश्व कप के पहले दौर में बांग्लादेश को पछाड़ दिया था। निजाकत ने 3/19 के स्कोर के साथ चौंकाने वाली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 108 रन बनाए थे। वहीं, हांगकांग के लिए लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था क्योंकि गेंदबाज शाकिब अल हसन बल्लेबाजों के लिए भारी पड़ रहे थे। हालांकि, टीम ने इरफान अहमद और मुनिर दर के सहयोग से दो विकेट से जीत हासिल की। फिर हांगकांग का 2018 एशिया कप में भारत के खिलाफ मुकाबला हुआ जहां वे मेन इन ब्लू को हराने के करीब थे। लेकिन पहला विकेट गिरने के बाद टीम बिखर गई। इस बार प्रतियोगिता टी20 प्रारूप में हैं, जो हांगकांग को भारत के खिलाफ एक गंभीर चुनौती देने में मदद कर सकती है। हांगकांग के उसी इलेवन से खेलने की संभावना है जिसने अल अमराट में एशिया कप क्वालीफायर के फाइनल मैच में यूएई को हराया था और टूर्नामेंट में स्थान हासिल करने में मदद की थी।

एशिया कप

- हांगकांग के बल्लेबाज निजाकत खान और कप्तान हैनसी रथ ने क्रमशः 92 और 73 रन की पारी खेली थी।
- हांगकांग के लिए लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था क्योंकि गेंदबाज शाकिब अल हसन बल्लेबाजों के लिए भारी पड़ रहे

एशिया कप 2022 : बांग्लादेश को हराकर सुपर-4 में अफगानिस्तान

शारजाह, एजेंसी

अफगानिस्तान ने नजीबुल्लाह जादरान (43 नाबाद) और इब्राहीम जादरान (42 नाबाद) की शानदार पारियों की बदौलत बांग्लादेश को एशिया कप 2022 में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सुपर-4 में जगह बनायी। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को एक धीमे विकेट पर 128 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया था, लेकिन अफगानिस्तान ने इसे नौ गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी मगर यह फैसला उनके हित में नहीं रहा और अफगानिस्तान ने एक बार फिर विपक्षी टीम को अपनी फिरकी में फंसाया। मुजीब उर रहमान ने मोहम्मद नईम (06), अनामुल हक (05) और कप्तान शाकिब अल हसन (11) को महज 24 रन के अंदर पवेलियन लौटा गिया। इसके कुछ देर बाद राशिद खान ने मोर्चा संभालते हुए विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम को एक रन के स्कोर पर आउट किया। अफीफ हुसैन (12) ने महमूदुल्लाह के साथ मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन राशिद खान ने उन्हें आउट कर 53 रन पर आधी बांग्लादेश टीम को पवेलियन लौटा दिया।

महमुदुल्लाह भी 27 गेंदों पर 25 रन की विस्मरणीय पारी खेलकर राशिद का शिकार हुए। बांग्लादेश की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी मोसद्देक और मेहदी हसन के बीच सातवें विकेट के लिये 38 रन की हुई। मोसद्देक ने 31 रन पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 48 रन की सराहनीय पारी खेली, जबकि मेहदी हसन ने रनआउट होने से पहले 14(12) रन बनाये।

एशिया कप 202

- बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को एक धीमे विकेट पर 128 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया था
- बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी मगर यह फैसला उनके हित में नहीं रहा और अफगानिस्तान ने एक बार फिर विपक्षी टीम को अपनी फिरकी में फंसाया।
- अफीफ हुसैन (12) ने महमूदुल्लाह के साथ मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया

बांग्लादेश के खिलाफ 3 विकेट लेने के बाद राशिद खान टी20 गेंदबाजी चार्ट में नंबर 2 पर पहुंचे

शारजाह, एजेंसी

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान एशिया कप ग्रुप बी मैच में 3/22 के शानदार स्पैल के बाद पुरुषों के टी20 गेंदबाजी चार्ट में नंबर 2 पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान ने यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। शुरूआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद यह टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी। राशिद खान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को भी पीछे छोड़ते हुए पुरुषों के टी20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। आईसीसी के अनुसार, लेग स्पिनर ने मुशफिकुर रहीम, अफिफ हुसैन और महमुदुल्लाह के विकेट लिए, जिससे उन्होंने कुल 115 विकेट का आंकड़ा छू लिया। साउदी मैच से पहले 114 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर थे। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने 122 विकेट के साथ अपने रिकॉर्ड को कायम रखा है, जो पुरुषों के खेल में किसी के द्वारा सबसे अधिक है और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेटर अनीसा मोहम्मद के बाद सभी टी20 में दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। 23 वर्षीय राशिद का अब तक का उल्लेखनीय टी20 करियर रहा है, जिनका औसत 13.73 है और प्रारूप में 68 मैचों के बाद 6.16 की इकॉनमी दर है। उन्होंने टी20 में छह बार चार और चार से अधिक विकेट लिए हैं। मुजीब उर रहमान के प्रभावशाली तीन विकेट के बाद राशिद के स्पेल ने अफगानिस्तान को 20 ओवरों में बांग्लादेश को 127/7 तक सीमित करने में मदद की। हालांकि, अफगानिस्तान के लिए नजीबुल्लाह जादरान की 17 गेंदों में नाबाद 43 रनों की शानदार पारी ने जीत हासिल की और एशिया कप 2022 में ग्रुप बी के शीर्ष पर पहुंच गया और अगले दौर के लिए योग्यता सुनिश्चित की।

न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी कॉलिन डी ग्रैंडहोम का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार को कहा कि डी ग्रैंडहोम ने अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें अनुबंध से मुक्त कर दिया गया। इससे पहले ट्रेंट बोल्ट को भी इस महीने की शुरूआत में केंद्रीय अनुबंध से मुक्त कर दिया गया था ताकि उन्हें दुनिया भर में होने वाली आकर्षक टी 20 लीग में खेलने पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिल सके। ग्रैंडहोम ने कहा है- "चोट होने की वजह से मेरे लिए ट्रेनिंग करना मुश्किल हो रहा है। मेरा एक बढ़ता हुआ परिवार भी है। क्रिकेट के बाद मेरा भविष्य कैसा होगा। मैं यह भी समझने की कोशिश कर रहा हूं। यह सभी चीजें पिछले हफ्ते से ही मेरे दिमाग में चल रही थीं। मैं भाग्यशाली हूं कि 2012 में डेब्यू करने के बाद से मुझे ब्लैक कैप्स के लिए खेलने का मौका मिला। मुझे अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर गर्व है, लेकिन मुझे लगता है कि यह खत्म करने का सही समय है।" जिम्बाब्वे में जन्मे डी ग्रैंडहोम ने पिछले एक दशक में न्यूजीलैंड के लिए 29 टेस्ट, 45 एक दिवसीय और 41 टी 20 मैच खेले हैं। उन्होंने अब तक टेस्ट में 1432 रन बनाए और 49 विकेट झटके हैं। उन्होंने वनडे में 742 रन बनाए और 30 विकेट हासिल किए। साथ ही टी20 इंटरनेशनल में ग्रैंडहोम के नाम 505 रन और 12 विकेट दर्ज हैं।

गत चैंपियन राडुकानू और दो बार की विजेता ओसाका पहले दौर में बाहर

न्यूयार्क, एजेंसी। गत यूएस ओपन चैंपियन एमा राडुकानू और दो बार की विजेता नाओमी ओसाका वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर हो गयीं। उन्हें अपने पहले दौर के मैचों में क्रमशः एलिज कोर्नेट और डेनियल कोलिन्स से बुधवार (भारतीय समयानुसार) को हार का सामना करना पड़ा। लगातार रिकॉर्ड तोड़ 63वां ग्रैंड स्लैम खेल रही फ्रांस की एलिज कोर्नेट ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में राडुकानू के खिताब बचाने के अभियान का पहले ही दौर में अंत करते हुए 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। गत जुलाई में रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचीं राडुकानू पहले राउंड में बाहर होने के बाद जल्द ही टॉप 75 से बाहर हो जाएंगी। 19वीं सीड अमेरिका की डेनियल कोलिन्स जुलाई से पहली बार खेल रही थीं। उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बेसलाइन से कमाल के स्ट्रोक प्ले का प्रदर्शन किया और दो बार की चैंपियन ओसाका को 7-6(5), 6-3 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट कोलिन्स ने ओसाका के खिलाफ चार मौकों पर यह पहली जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला स्पेन की क्रिस्टिना बुस्का से होगा। 37वें रैंक की 32 वर्षीय कोर्नेट की इस सत्र में पांच टॉप 20 खिलाड़ियों के खिलाफ जीत हो गयी हैं। उन्होंने विम्बलडन में नंबर एक ईगा स्वीयातेक को और मेलबोर्न में रोमानिया की सिमोना हालेप को हराया था।

वीनस, राडुकानू और ओसाका यूएस ओपन के पहले दौर में बाहर

न्यूयॉर्क, एजेंसी। दिग्गज खिलाड़ी वीनस विलियम्स को यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि महिला एकल में मौजूदा चैंपियन एम्मा राडुकानू और एक अन्य पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। जून में अपना 42वां जन्मदिन मनाने वाली वीनस को ऑर्थर ऐस स्टेडियम में अपनी छोटी बहन सेरेना की तरह दर्शकों का अपार समर्थन नहीं मिला और सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सीधे सेटों में भी हार गई। वीनस को मंगलवार को खेले गए मैच में एलिसन वैन उयतवांक से 6-1, 7-6 (5) से हार झेलनी पड़ी। सेरेना जहां संन्यास लेने की बात कर चुकी है वहीं वीनस ने अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। वीनस 2020 से पहले कभी यूएस ओपन के पहले दौर में बाहर नहीं हुई थी। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। इस बीच राडुकानू पहले दौर में हारने वाली केवल तीसरी यूएस ओपन चैंपियन बन गई। उन्हें एलिजे कॉर्नेट ने 6-3, 6-3 से हराया। राडुकानू ने पिछले साल क्वालीफायर के रूप में यूएस ओपन में भाग लिया था और वह चैंपियन बनने में सफल रही थी लेकिन इस बार कॉर्नेट के सामने उनकी एक नहीं चली। यूएस ओपन में दो खिताब जीतने वाली ओसाका भी सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन की उपविजेता डेनियल कॉलिन्स ने मध्यरात्रि के बाद समाप्त हुए मैच में 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका इस साल फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर में हार गई थी जिससे वह रैंकिंग में 44वें स्थान पर खिसक गई।

हमारा ध्यान अपनी फिनिशिंग में सुधार पर होगा : हरमनप्रीत सिंह

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/23 की तैयारियों के लिए बेंगलुरु के साई केंद्र में प्रशिक्षण शिविर में लौट आई है। पुरुष हॉकी प्रो लीग 28 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। शिविर में टीम के फोकस पर बोलते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "प्रशिक्षण शिविर में हम अपने खेल के उन पहलुओं पर चर्चा करेंगे जिन पर हम ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हम हमारे द्वारा हाल ही में खेले गए टूर्नामेंट के वीडियो देखेंगे। हम पीछे मुड़कर देखेंगे कि हमने क्या अच्छा किया और किन क्षेत्रों में हम सुधार कर सकते हैं। इससे हमें अपनी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की तैयारी में आगामी खेलों के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि टीम चल रहे प्रशिक्षण शिविर में अपनी फिनिशिंग पर काम करेगी। उन्होंने कहा, हमारे पास हमारे अभ्यास सत्र होंगे।

पीसीबी की जूनियर टीम को नहीं मिला कोई खरीदार

करांची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पाकिस्तान जूनियर लीग का आयोजन करना चाहता है लेकिन इसके लिए उसकी छह टीम में से किसी को भी कोई खरीदार नहीं मिला। बोर्ड ने मंगलवार को घोषणा की पहली पाकिस्तान जूनियर लीग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेली जाएगी और पीसीबी सभी टीम का प्रबंधन स्वयं पीसीबी संभालेगा। बोर्ड ने इसके साथ ही पुष्टि की कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद लीग के मार्गदर्शक (मेंटर) होंगे। उनके अलावा विवियन रिचर्ड्स, इमरान ताहिर, डेरेन सैमी, कॉलिन मुनरो, शाहिद अफरीदी और शोएब मलिक टीमों के मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। बोर्ड ने इससे पहले सभी छह टीमों के लिए बोली लगाने की घोषणा की थी लेकिन पीसीबी ने जो मूल्य निर्धारित किया था उतनी बोली किसी ने नहीं लगाई। पीसीबी के सूत्रों ने कहा, हम जानते हैं कि यह पहला जूनियर टी20 अंतरराष्ट्रीय लीग है और निश्चित तौर पर प्रायोजक और बोली लगाने वाले थोड़ा आशंकित थे लेकिन पीसीबी का मानना है कुछ सत्रों के बाद यह लीग व्यवसायिक रूप में भी काफी सफल रहेगी।

ओलंपिक पदक | **विश्व सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है ....**

बजरंग, विनेश विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी

बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट उन स्टार भारतीय पहलवानों में शामिल हैं जिन्हें सर्बिया के बेलग्रेड में 10 से 18 सितंबर तक होने वाली विश्व सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय टीम का चयन सोमवार और मंगलवार को लखनऊ और सोनीपत में साइ के प्रशिक्षण केंद्रों में चयन ट्रायल के बाद किया गया। इस महीने की शुरूआत में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी करने वाली तोक्यो ओलंपियन विनेश महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम में ओलंपिक पदक विजेता बजरंग और रवि दहिया तथा 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता दीपक पूनिया होंगे। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले बजरंग (65 किग्रा), रवि दहिया (57 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) को ट्रायल से छूट दी गई थी।

- भारतीय टीम का चयन सोमवार और मंगलवार को लखनऊ और सोनीपत में साइ के प्रशिक्षण केंद्रों में चयन ट्रायल के बाद किया गया।
- पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम में ओलंपिक पदक विजेता बजरंग और रवि दहिया तथा 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता दीपक पूनिया होंगे।

भारतीय टीम

महिलाः 50 किग्राः पुनः ट्रायल आयोजित किया जाएगा, 53 किग्राः विनेश फोगाट, 55 किग्राः सुषमा शौकीन, 57 किग्राः सरिता मोर, 59 किग्राः मानसी अहलावत, 62 किग्राः सोनम मलिक, 65 किग्राः शेफाली, 68 किग्राः निशा दहिया, 72 किग्राः रितिका, 76 किग्राः प्रियंका पुरुषः फ्रीस्टाइलः रवि दहिया (57 किग्रा), पंकज मलिक (61 किग्रा), बजरंग पूनिया (65 किग्रा), नवीन मलिक (70 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा), दीपक मिर्का (79 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा), विक्की हुड्डा (92 किग्रा), विक्की चाहर (97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (125 किग्रा) ग्रीको-रोमनः अर्जुन हलाकुर्की (55 किग्रा), ज्ञानेंद्र (60 किग्रा), नीरज (63 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), हरप्रीत सिंह (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), दीपांशु (97 किग्रा), सतीश (130 किग्रा)।

संक्षिप्त खबरें

संरा सुरक्षा परिषद ने बढ़ाई माली के खिलाफ लगाई गयी पाबंदी की अवधि

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने माली में शांति और सुलह पर समझौते के कार्यान्वयन में बाधा डालने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति जब्त करने की अवधि को बढ़ाकर 31 अगस्त, 2023 तक कर दिया है। सुरक्षा परिषद ने इसको लेकर संकल्प 2649 को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। पंद्रह सदस्यीय परिषद ने प्रतिबंधों के कार्यान्वयन की निगरानी करने वाले विशेषज्ञों के पैनल के जनादेश के साथ-साथ पैनल की सहायता के लिए माली में संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन की अवधि को 30 सितंबर, 2023 तक बढ़ाने के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है। सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को प्रस्ताव में कहा, ह्लमाली की स्थिति क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है ह्व परिषद ने विशेषज्ञों के पैनल से 28 फरवरी, 2023 के बाद मध्यावधि रिपोर्ट, 15 अगस्त, 2023 के बाद की अंतिम रिपोर्ट को समय-समय पर अपडेट करने का अनुरोध किया।

इंडोनेशिया के बाली में जलवायु सम्मेलन में भाग ले रहे जी-20 समूह के सदस्य

नुसा दुआ (इंडोनेशिया)। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर चर्चा के लिए इंडोनेशिया के बाली में जी20 मंत्रिस्तरीय बैठक हो रही है,जिसमें दुनिया के अग्रणी अमीर और विकासशील देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक से पहले इंडोनेशिया की पर्यावरण मंत्री सीति नूरबाया ने कहा कि बैठकों के दौरान, जी-20 समूह के हर सदस्य देश के योगदान और विकसित तथा विकासशील देशों के लक्ष्यों में तालमेल बिठाने पर चर्चा की जाएगी। नूरबाया ने उम्मीद जताई कि पेरिस में हुए जलवायु समझौते को साकार करने के लिए बैठक में प्राथमिकता वाले तीन बिंदुओं- पर्यावरण को हुए नुकसान से उबरने की सतत प्रक्रिया, जलवायु पर भूमि आधारित और समुद्र आधारित कार्रवाई तथा संसाधनों के समुचित उपयोग पर संयुक्त समझौता हो सकता है। मंत्री ने बैठक का उद्घाटन करते हुए अन्य देशों के पर्यावरण मंत्रियों से आग्रह किया कि पर्यावरणीय बहुपक्षवाद की रक्षा की जाए और उसे अमल में लाया जाए क्योंकि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी ढंग से समन्वित प्रयास करने का यही एकमात्र तरीका है।

रूस ने जासूसी के मुकदमे में पूर्व पत्रकार के लिए 24 साल की सजा की मांग की

मॉस्को। पूर्व रूसी पत्रकार इवान सफ्रोनोव के जासूसी मामले में अभियोजन पक्ष ने 24 साल की जेल की सजा की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, जांचकताओं के अनुसार, 32 वर्षीय ने अफ्रीका और मध्य पूर्व में रूसी सशस्त्र बलों के हथियारों के सौदों और संचालन के बारे में गोपनीय जानकारी विदेशी खुफिया सेवाओं को साझा की। सफ्रोनोव के वकील ने मुकदमे की शुरूआत में आरोपों को खारिज कर दिया और बताया कि पत्रकार ने केवल सार्वजनिक रूप से सुलभ स्त्रोतों का इस्तेमाल किया था।

यमन के लिए यूक्रेनी बंदरगाह से रवाना हुआ खाद्य सहायता जहाज : यूएन एजेंसी

सना। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) द्वारा चार्टर्ड एक जहाज 37,000 मीट्रिक टन गेहूं लेकर मंगलवार को यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह से यमन के लिए रवाना हुआ। इसकी जानकारी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने दी। यह फरवरी में (रूसी-यूक्रेनी) संघर्ष की शुरूआत के बाद से डब्ल्यूएफपी खाद्य सहायता का दूसरा समुद्री शिपमेंट है। यह शिपमेंट एक महीने के लिए यमन में लगभग 40 लाख लोगों को सहायता प्रदान करेगा।

भीषण बाढ़ से पाकिस्तान में बेकाबू हुए हालात, पीएम शहबाज शरीफ

बोले- आज हम हैं, कल कोई और हो सकता है

- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बाढ़ से खराब होते हालात पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि देश में जलवायु परिवर्तन का खतरा वास्तविक शक्तिशाली है। उन्होंने कहा कि ये तबाही जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न खतरे की गंभीरता का प्रमाण है।

इस्लामाबाद, एजेंसी।

पाकिस्तान को अब तक की सबसे भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है। इस बाढ़ के कारण लाखों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं, एक हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का बयान सामने आया है। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जलवायु परिवर्तन की दया पर पाकिस्तान जैसे विकासशील देशों को नहीं छोड़ना चाहिए। पीएम शरीफ ने पाकिस्तान में बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में अंतरराष्ट्रीय मीडिया से मुलाकात के बाद एक ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि अगर आज हम हैं, तो कल कोई और हो सकता है। जलवायु परिवर्तन का खतरा वास्तविक, शक्तिशाली और अत्यावश्यक है। उन्होंने कहा कि ये तबाही जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न खतरे की गंभीरता का प्रमाण है। कार्बन उत्सर्जन में 1 प्रतिशत से भी कम हिस्सेदारी होने के बावजूद हम जलवायु खतरों के जोखिम के मामले में 8वें स्थान पर हैं।

पाकिस्तान में राष्ट्रीय आपातकाल किया गया घोषित

बता दें कि पाकिस्तान में भीषण बाढ़ का कहर जारी है। पाकिस्तान की सरकार ने बाढ़ को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है, जिसमें 66 जिलों को आपदा प्रभावित घोषित किया गया है। इस बीच, रविवार को जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने चेतावनी दी है कि देश में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 33 मिलियन से भी अधिक बढ़ सकती है।

1100 से अधिक लोगों की गई जान

पाकिस्तान में भीषण बाढ़ के कारण अब तक 1100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। जबकि 1,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने मंगलवार को पाकिस्तान में भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों और समुदायों की सहायता के लिए जीवन रक्षक मानवीय सहायता में अतिरिक्त 3 करोड़ डालर की घोषणा की है। अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका पूरे पाकिस्तान में जीवन, आजीविका और घरों के विनाशकारी नुकसान से बहुत दुखी है।

बेघर 6.5 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को देखभाल की सख्त जरूरत- UNFPA

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के बाढ़ प्रभावित इलाकों में करीब 6,50,000 गर्भवती महिलाओं को सख्त देखभाल की जरूरत है। इस प्राकृतिक आपदा ने पाकिस्तान में 1,100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 33 मिलियन लोग प्रभावित हैं। यह डेटा एजेंसी की ओर से दिया गया है। इस बीच महिलाओं व लड़कियों के प्रति हिंसा का भी जोखिम बढ़ गया है। बाढ़ के कारण हजारों मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एक हेल्थ एजेंसी ने बाढ़ के कारण प्रभावित 73,000 महिलाओं में से 6,50,000 गर्भवती महिलाओं का ब्यौरा दिया है जिनका प्रसव अगले माह होना है और इसलिए इन्हें देखभाल की सख्त जरूरत है। पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या 1,000 के पार पहुंच गई है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बाढ़ से 5.5 अरब डालर का नुकसान होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की नेतृत्व वाली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार ([एनडीएमए)] ने बताया कि सिंध में अब तक 347 लोगों की जान गई है। जबकि बलूचिस्तान में 238, खैबर पख्तूनख्वा में 226, पंजाब में 168, गुलाम कश्मीर में 38, गिलगिट बाल्टिस्तान में 15 और इस्लामाबाद में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। बाढ़ के कारण 3,451.5 किलोमीटर सड़क तबाह हो गई है और 147 पुल बह गए हैं। 170 दुकानें नष्ट हई हैं और 9,49,858 क्षतिग्रस्त या पूरी तरह तबाह हो गए हैं।

किसी भी देश का रूस के साथ अभ्यास करना अमेरिका के लिए चिंताजनक है : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा है कि यूक्रेन के साथ अकारण एवं बर्बर युद्ध छेड़ने वाले रूस के साथ किसी भी अन्य देश का अभ्यास करना उसके लिए चिंताजनक है। व्हाइट हाउस ने रूस में एक से सात सितंबर के बीच होने वाले कई देशों के सैन्य अभ्यास वोस्तोक 2022 के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। इस सैन्य अभ्यास में भारत और चीन भी हिस्सा ले रहे हैं। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद से रूस में होने जा रहा यह पहला बड़े स्तर का अभ्यास है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जीन पियरे ने एयर फोर्स वन विमान पर पत्रकारों से कहा, किसी भी देश का रूस के साथ अभ्यास करना अमेरिका के लिए चिंताजनक है, क्योंकि रूस ने यूक्रेन के खिलाफ अकारण युद्ध छेड़ा है, लेकिन भाग लेने वाले प्रत्येक देश को खुद निर्णय लेना है और मैं यह फैसला उन पर छोड़ती हूं। जब पियरे से यह पूछा गया कि क्यों ह्यह्यभारत पर कोई दबाव नहीं है, तो उन्होंने कहा ,ह्यह्यइस बारे में मेरा कहना यही है कि रूस ने बेवजह युद्ध छेड़ा हुआ है, इसलिए किसी भी देश का उसके साथ अभ्यास करना चिंताजनक है। पत्रकार ने प्रेस सचिव से प्रश्न किया कि क्या अमेरिका ने इस संबंध में कोई कार्रवाई की या वह किसी प्रकार की योजना बना रहा है, उन्होंने कहा ह्यह्यमेरे पास इस बारे में बताने लायक कुछ नहीं है।

आईएमएफ के साथ समझौता जल्द ही होगा पूरा : श्रीलंका सेंट्रल बैंक

कोलंबो। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के गवर्नर नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि देश में मौजूदा आर्थिक संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ बातचीत सही दिशा में जारी है। वीरसिंघे के हवाले से कहा, मैं बताना चाहता हूं कि हमने आईएमएफ के साथ बातचीत में अच्छी प्रगति की है। उम्मीद है कि हम जल्द ही आईएमएफ के साथ स्टाफ लेवल के समझौते को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, एक बार जब हम आईएमएफ के साथ उस समझौते को पूरा कर लेंगे, तो इसका मतलब यह है कि हमारे साथ विश्वसनीयता होगी।

इजरायली नागरिक को भारतीय वायु सेना ने बचाया

- भारतीय वायु सेना ने बुधवार को लद्दाख से एक इजरायली नागरिक को बाहर निकाला जो उल्टी कम आक्सीजन संतृप्ति सहित ऊंचाई की बीमारी से पीड़ित था।

लेह (लद्दाख), एजेंसी।

भारतीय वायु सेना ने बुधवार को लद्दाख से एक इजरायली नागरिक को बाहर निकाला, जो उल्टी और कम आक्सीजन संतृप्ति सहित ऊंचाई की बीमारी से पीड़ित था। जिसके बाद उसे लेह ले जाया गया। इस बात की जानकारी भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी ने दी है। श्रीनगर के पीआरओ (डिफेंस) ने ट्विटर पर कहा, भारतीय वायु सेना - 114 हेलीकाप्टर यूनिट ने लद्दाख में 16800 फीट की ऊंचाई पर गोंगमारुला दर्रे से ऊंचाई पर बीमारी से पीड़ित इजरायली नागरिक को बाहर निकाला। हेलिकाप्टर यूनिट को मरखा घाटी के पास निमालिंग कैंप से केसवैक के लिए एक कॉल आया, जिसके बाद यूनिट के फ्लाइट कमांडर, विंग कमांडर आशीष कपूर और फ्लाइट लेफ्टिनेंट समीर मेहरा नंबर 1 और स्क्वाड्रन लीडर नेहा सिंह और स्क्वाड्रन लीडर अजिंक्य आगे बढ़े। सबसे छोटे मार्ग का अनुसरण करते हुए, केसवैक विमान उड़ान समय के 20 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गया और 16,800 फीट की ऊंचाई पर कोंगमारू ला दर्रे पर हताहत हुए। नंबर 1 के वायुकर्मी ने उस जगह की अच्छी तरह से रेकी की। नंबर 2 की असिसटेंट के साथ दर्रे पर उतरा और मौसम की स्थिति लेकर घायलों को उठाया। बयान के अनुसार, लेह वायु सेना स्टेशन पर 1 घंटे के सीमित समय के भीतर हताहत को शीघ्रता से बरामद कर लिया गया। इसी तरह की घटना 20 अगस्त को हुई थी, जब लद्दाख में एक और इजरायली नागरिक को बचाया।

चीन के साथ पाकिस्तान की रही है करीबी रणनीतिक साझेदारी- हिना

इस्लामाबाद, एजेंसी।

पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने चीन के साथ देश की करीबी रणनीतिक साझीदारी की बात कही। उन्होंने कहा कि चीन के साथ देश की करीबी रणनीतिक साझेदारी थी जो बढ़ रही थी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के आगामी 20वें नेशनल कांग्रेस के लिए आयोजित इवेंट को खार संबोधित कर रहीं थीं। इस इवेंट का आयोजन पाकिस्तान-चीन इंस्टीट्यूट ने किया था।

अपने संबोधन में खार ने इस्लामाबाद की बीजिंग के साथ करीबी संबंध होने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि देश की विदेश नीति का आधारशिला चीन रहा जिसे लेकर राजनीति में मतभेद था। चीन के साथ पाकिस्तान के संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की देन है और उनके बाद आई किसी सरकार ने इस मूल सिद्धांत में बदलाव नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा शुरू की गई पहलों में यह बात साबित होती है कि चीन लोगों की सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता देता है चाहे वह वैश्विक विकास की हो या वैश्विक सुरक्षा की।

- चीन और पाकिस्तान के बीच के संबंधों को लेकर विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने एक इवेंट में कहा कि दोनों देशों के बीच काफी करीबी रणनीतिक साझेदारी रही है। उन्होंने यहां तक कहा कि पाकिस्तान की विदेश नीति में चीन की भूमिका अहम है।
- अपने संबोधन में खार ने इस्लामाबाद की बीजिंग के साथ करीबी संबंध होने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि देश की विदेश नीति का आधारशिला चीन रहा जिसे लेकर राजनीति में मतभेद था। चीन के साथ पाकिस्तान के संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की देन है और उनके बाद आई किसी सरकार ने इस मूल सिद्धांत में बदलाव नहीं किया।

हर पांच साल में कांग्रेस का आयोजन किया जाता है जिसमें देश के भविष्य की चर्चा होती है। साथ ही इसमें आगामी पांच सालों के लिए प्राथमिकताएं तय की जाती हैं। इसके अलावा चीन के दो चरणों में विकास की योजना भी तय होती है। इवेंट में पाकिस्तान में चीन के दूत नोंग रोंग भी मौजूद थे। उन्होंने नेशनल पीपुल्स कांग्रेस पर कहा कि साल में आयोजित होने वाले इस इवेंट में महत्वपूर्ण राजनीतिक एजेंडों पर बात होती है।

केरल में नशीली दवाओं का बढ़ रहा खतरा

- आंकड़ों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020 में 4650 मामले और 2021 में 5334 मामले नशीली दवाओं के सेवन के संबंध में दर्ज किए गए हैं। उन्होंने समाज में बढ़ते नशे के खतरे की जांच करने के लिए सरकार से अनुरोध किया।

तिरुवनन्तपुरम, एजेंसी।

केरल में सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और विपक्ष यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (वउझ) ने बुधवार को राज्य में बढ़ते नशीली दवाओं के खतरे निटपने के लिए साथ आ गए हैं दोनों पार्टियों ने सयुक्त रूप से लड़ने का संकल्प लिया है।

वहीं मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में इस बुराई पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल से नशे के खिलाफ लड़ाई में सहयोग की अपील की थी। पिनाराई विजयन ने विधानसभा में चर्चा के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि बढ़ते नशीली दवाओं के प्रयोग को सख्ती से रोका जाए। बिना किसी मुकदमे के आदतन अपराधियों को दो साल तक हिरासत में रखना, एनडीपीएस अधिनियम के तहत दंडित लोगों का डेटा बैंक तैयार करना और अपराधियों के लिए अधिकतम सजा सुनिश्चित करने के कदम उठाएं जाएं।

विधानसभा में कांग्रेस विधयाक पीसी विष्णुनाथ ने राज्य में बढ़ते नशीले कारोबार का मुद्दा उठाया। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, 2022 में अब तक 16,000 से अधिक नशीली दवाओं के मामले सामने आए हैं। उन्होंने समाज में बढ़ते नशे के खतरे की जांच करने के लिए सरकार से अनुरोध किया। पीसी विष्णुनाथ ने कहा कि नशीले पदार्थ बच्चों के लिए एक बड़ा अभिशाप बन गए हैं। राज्य के स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे बच्चों को भी इसका निशाना बनाते हैं। उन्होंने एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि 14 वर्षीय लड़के ने 11 बच्चों को ड्रग्स देकर उनका यौन शोषण किया। अपने जवाब में, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि नशीली दवाओं की खपत और व्यापार कुछ समय से समाज के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एलडीएफ सरकार इसे अत्यंत गंभीरता से देख रही है। पिनाराई विजयन ने कहा कि हाल ही के दिनों में ड्रग्स की तस्करी और बिक्री के लिए हुई गिरफ्तारियों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यह सरकारी एजेंसियों द्वारा किए गए ठोस प्रयासों का परिणाम है।

हादसा स्कूल के बाहर बस का इंतजार कर रहे थे बच्चे

पलक झपकते ही बेकाबू ट्रक ने ली दस की जान

- एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक बेकासी में एक स्कूल के बाहर बस स्टॉप के पास एक ट्रक दुर्घनाग्रस्त हो गई जिसमें लगभग 10 लोगों के मरने की सूचना है। मरने वालों में स्कूली बच्चे भी शामिल हैं।

बेकासी [इंडोनेशिया] एजेंसी।

दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया में स्थित भारत के पड़ोसी देश इंडोनेशिया में एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। अबतक मिली जानकारी के मुताबिक, देश के पश्चिम जावा प्रांत के बेकासी में एक स्कूल के बाहर बस स्टॉप के पास एक ट्रक दुर्घनाग्रस्त हो गई, जिसमें लगभग 10 लोगों के मरने की सूचना है। मरने वालों में कुछ स्कूली बच्चे भी बताए जा रहे हैं। इस दर्दनाक घटना में एक दर्न से अधिक स्कूल के बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बुधवार को क्लास खत्म होने के बाद स्कूली बच्चे बस स्टॉप पर बस के आने का इंतजार कर रहे थे। तभी एक ट्रक अचानक उनकी तरफ आया और दो मोटरसाइकिल से टकराते हुए कंक्रीट की संचार टॉवर से टकरा गई। जिसके बाद टॉवर सड़क के किनारे बस स्टॉप पर जा गिरा, जिससे यह पूरा हादसा हुआ। ट्रैफिक पुलिसकर्मी लतीफ उस्मान ने कहा कि दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हुई है, जिनमें स्कूल के कुछ बच्चे भी शामिल है। इसके अलावा 20 बच्चे घायल हुए हैं। उस्मान ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं। ट्रक के ब्रेक फेल होने की संभावना की भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया

बेकासी के ही एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। घटनास्थल से मिली तस्वीरों से पता चलता है कि संचार टावर स्कूल के गेट के बाहर सड़क के उस पार गिर गया और सड़क किनारे बस स्टॉप से टकरा गया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555